RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 58
नई दिल्ली, शनिवार, 31 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



श्रीकांत इंडिया ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में

स्पोर्ट्स-12

# पीएम मोदी की मां हीराबेन का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह अपनी मां हीराबेन को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। हीराबेन का निधन तड़के 3.30 बजे अहमदाबाद स्थित यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में हुआ। वे 99 वर्ष की थीं। अस्पताल की मेडिकल बुलेटिन में कहा गया ' 30/12/2022 को सुबह 3.30 बजे हीराबेन मोदी का इलाज के दौरान यूएन मेहता अस्पताल में निधन हो गया।'

हीराबेन के परिवार में उनके पांच बेटे - प्रधानमंत्री मोदी और उनके भाई सोमाभाई, अमृतभाई, प्रह्लादभाई और पंकजभाई - और बेटी वसंतीबेन हैं। उनका अंतिम संस्कार प्रधानमंत्री मोदी, उनके भाइयों और परिवार के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में गांधीनगर के एक श्मशान घाट में सुबह करीब 9.30 बजे किया गया।

हीराबेन का तड़के निधन होने के बाद प्रधानमंत्री गांधीनगर के बाहरी इलाके रायसन गांव में अपने भाई पंकज मोदी के आवास पर पहुंचे, जहां उनकी मां के पार्थिव शरीर को रखा गया था। प्रधानमंत्री मोदी सुबह यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे अपने छोटे भाई के घर चले गए। उन्होंने अपनी मां के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और उनके चरण स्पर्श करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बाद में, प्रधानमंत्री मोदी और उनके भाई अपनी मां के पार्थिव शरीर

### ● पंचतत्व मे विलीन प्रधानमंत्री और उनके भाइयों ने किया अंतिम संस्कार, मां के निधन के बाद भी आधिकारिक कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए भाजपा नेताओं ने मोदी को सराहा

को अंतिम संस्कार के लिए एक वैन से श्मशान घाट ले गए। इससे पूर्व कुछ दूरी तक उन्होंने उनकी अर्थी को कंधा दिया। हीराबेन का अंतिम संस्कार गांधीनगर के सेक्टर 30 स्थित श्मशान घाट पर किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और उनके भाइयों ने आखिरी संस्कार किया और अपनी मां को मुखाग्नि दी। परिवार के एक सदस्य ने संवाददाताओं को बताया कि कुछ दिनों बाद मोदी के पैतृक स्थान वडनगर में एक शोकसभा आयोजित की जाएगी। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया, शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से। दुख की घड़ी होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सरकारी कामों को जारी रखने का फैसला किया और केंद्रीय मंत्रियों को अपने काम जारी रखने का निर्देश दिए। मां के अंतिम संस्कार में भाग लेने के बाद मोदी ने पश्चिम बंगाल में 7,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस के जरिये शुरुआत की। पहले उन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बंगाल जाना था लेकिन मां के निधन के बाद उन्होने वर्चुअली इस कार्यक्रम में भाग लिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें (मंत्रियों) अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को रद्द न करने तथा काम पूरा करने के बाद ही दिल्ली लौटने को कहा। ( शेष पेज 8 )

## पड़ोसियों के लिए थीं सादगी की प्रतिमूर्ति



फाइल फोटो

**गांधीनगर।** गांधीनगर के रायसन गांव में वृंदावन बंगला-2 सोसाइटी के निवासियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन सादगी की प्रतिमूर्ति थीं और हमेशा सुर्खियों से दूर रहीं। हीराबेन के पड़ोसियों के अनुसार, वह सबके साथ घुलमिल जाती थीं और सभी त्योहारों में शामिल होती थीं। उनकी एक पड़ोसी कीर्तिबेन पटेल ने कहा, 'हीरा बा यहां करीब सात साल तक रहीं और हम लोग उनसे लगभग रोज ही मिलते थे। वह बहुत विनम्र और सरल स्वभाव की महिला थीं और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि मैंने आज अपनी मां को खो दिया। उन्होंने हमेशा हम सबको भरपूर प्यार दिया। वह इस सोसाइटी की राज-माता की तरह थीं।' ( शेष पेज 8 )

# क्रिकेटर पंत सड़क दुर्घटना में हुए घायल, हालत स्थिर

### ● मोदी ने ऋषभ पंत की मां से बात कर हालचाल जाना, जल्द स्वस्थ होने की कामना की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**भारत** के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत उस समय बाल बाल बच गए जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क हादसे में घायल हुए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने पंत की मां से बात कर उनका हालचाल जाना। पंत अभी देहरादून के एक अस्पताल में भर्ती है।पंत उस समय बाल-बाल बच गए, जब उनकी लक्जरी कार के शुक्रवार तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लग गई। पच्चीस वर्षीय पंत को सिर, पीठ और पैरों में चोट आई हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, जाने-माने क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ हुए हादसे से व्यथित हूं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और कुशल-क्षेम के लिए प्रार्थना करता हूं।

पंत अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए रूड़की जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि 25 वर्ष के पंत को सिर, पीठ और पैरों में चोट आई हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। दुर्घटना उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में सुबह करीब 5 . 30 पर हुई। हरिद्वार पुलिस के सीनियर अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि पंत को झपकी आ गई थी और उनकी मर्सीडीज बेंज कार ने डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली। वहां से गुजर रही हरियाणा रोडवेज की एक बस के ड्राइवर और बाकी स्टाफ ने उसे जलती हुई कार में से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह से खाक हो गई। आपात ईकाई में पंत का इलाज करने वाले डॉक्टर सुशील नागर ने बताया है कि पंत को सिर पर और घुटने में चोटें आई है और इसकी आगे जांच करनी होगी। उन्होंने कहा , जब उन्हें हमारे अस्पताल लाया गया तब वह पूरी तरह से होश में थे और मैने उनसे बात भी की। वह घर जाकर अपनी मां को सरप्राइज देना चाहते थे। उन्होंने कहा , उनके सिर में चोट लगी है लेकिन मैने टांके नहीं लगाए। मैने उन्हें मैक्स अस्पताल ले जाने को कहा जहां प्लास्टिक सर्जन उन्हें देख सके। एक्स रे में पता चला है कि कोई हड्डी नहीं टूटी है। दाहिने घुटने में चोट है और वह कितनी गंभीर है, इसका पता एमआरआई या आगे जांच से चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए ट्वीट किया , मशहूर क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ हुए हादसे से दुखी हूं। उनके जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। डॉक्टर नागर ने कहा कि पंत की पीठ पर बड़ा घाव है और सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें वाइरल हुई है , वह आग से जलने की चोट नहीं है। डॉक्टर नागर ने कहा , चोट इसलिए लगी क्योंकि वह कार में आग लगते ही खिड़की तोड़कर बाहर कूद गया। पीठ के बल गिरने से उसकी चमड़ी छिल गई लेकिन वह आग से जलने की चोट नहीं है और गंभीर भी नहीं है। ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस में लौटने की खबरों को आजाद ने बताया झूठ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राहुल** गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के अगले महीने के अंत में जम्मू और कश्मीर पहुंचने से पहले वरिष्ठ राजनेता और नवगठित डेमोक्रेटिक आज़ाद पार्टी (डीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस में लौटने की खबरें उड़ने से राज्य की राजनीति में गरमाहट आ गई है। हालांकि आजाद ने शुक्रवार को कहा कि उनका कांग्रेस में लौटने का कोई इरादा नहीं है। उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने के लिए ऐसी खबरें फैलाई जा रही हैं।

आजाद ने इसी साल अगस्त में कांग्रेस के साथ अपने 52 साल पुराने जुड़ाव को तोड़कर अलग रास्ता अख्तियार करते हुए अपना राजनीतिक संगठन बना लिया था। आज़ाद की नवगठित डेमोक्रेटिक आज़ाद पार्टी (डीएपी) इस वक्त अव्यवस्था की स्थिति से जूझ रही है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद, पूर्व मंत्री मनोहर लाल शर्मा और पूर्व विधायक बलवान सिंह डीएपी से अलग हो चुके हैं। इसी बीच यह खबर आई कि

### ● भारत जोड़ो यात्रा के कश्मीर पहुंचने से पहले आजाद के संपर्क में बताए गए कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता

आजाद को दोबारा कांग्रेस में शामिल कराने की कोशिशें की जा रही हैं। उन्हें भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बनने के लिए भी मनाया जा रहा है। इन खबरों पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके अनुभवी राजनेता ने एजेंसी से कहा कि उनकी वापसी का सुझाव कांग्रेस में कुछ निहित स्वार्थ वाले नेताओं द्वारा दिया गया है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। ( शेष पेज 8 )

# प्रधानमंत्री ने दी बंगाल को वंदे भारत की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र सरकार रिकॉर्ड निवेश कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में हावड़ा और न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद मोदी ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों को हवाईअड्डों की तरह विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के लिए चार रेलवे परियोजनाओं की शुरुआत की और न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज कोलकाता पहुंचना था लेकिन शुक्रवार तड़के उनकी मां हीराबेन का निधन हो गया। गांधीनगर के मुक्ति धाम में प्रधानमंत्री की मां का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अहमदाबाद से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेल लाइनों का दोहरीकरण और उनके

### ● हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ेगी, पीएम ने कहा-भारतीय रेल के आधुनिकीकरण पर सरकार रिकॉर्ड निवेश कर रही

### ● पश्चिम बंगाल के लिए चार नई रेल परियोजनाओं की शुरुआत की

विद्युतीकरण का काम रिकॉर्ड गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी माल ढुलाई गलियारे देश की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। उन्होंने कहा, आज वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत उस भूमि से की गई हैं जहां वंदे मातरम का जयघोष हुआ था। उन्होंने कहा, इस 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए भारतीय रेलवे का भी तेज विकास, भारतीय रेलवे में तेज सुधार, बहुत जरूरी हैं। इसलिए आज केंद्र सरकार भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए, रेलवे अवसंरचना को आधुनिक बनाने के लिए रिकॉर्ड निवेश कर रही है। आज भारत में भारतीय रेलवे के कायाकल्प का राष्ट्रव्यापी अभियान चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वंदे भारत, तेजस, हमसफर जैसी आधुनिक ट्रेनें देश में बन रही हैं तो विस्टाडोम कोच रेल यात्रियों को नए अनुभव करा रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत जैसे युवा देश के लिए भारतीय रेल भी युवा अवतार लेने जा रही है। और इसमें निश्चित तौर पर 475 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनों की बड़ी भूमिका होगी। इस अवसर पर कोलकाता में राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे। वंदे भारत एक्सप्रेस हावड़ा और पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने जोका-एस्प्लेनेड मेट्रो परियोजना (पर्पल लाइन) के जोका-तारातला खंड का उद्घाटन किया। ( शेष पेज 8 )





## ममता ने मंच पर बैठने से किया इनकार

**कोलकाता।** हावड़ा स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई जब नाराज दिख रहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंच पर बैठने से इनकार कर दिया। यहां से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जानी थी। रेलवे स्टेशन पर आई भीड़ के एक वर्ग द्वारा की गई जोरदार नारेबाजी से बनर्जी परेशान दिखीं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने बनर्जी को शांत करने के प्रयास किए जो विफल रहे और मुख्यमंत्री मंच के सामने कुर्सी पर बैठ गईं।

# कफ सिरप बनाने वाली कंपनी का निर्यात लाइसेंस निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने डॉक-1 मैक्स सिरप बनाने वाली नोएडा की निर्माता मैरियन बायोटेक के निर्यात लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि इस कंपनी का सिरप पीने से उज्बेकिस्तान में कथित तौर पर 18 बच्चों की मौत हो गई थी। फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीईपीसीआईएल) ने मैरियन बायोटेक को पत्र लिख कर कहा है कि बच्चों की मौत से भारत में पूरे फार्मा उद्योग का नाम खराब हुआ है और इसके वैश्विक नतीजे भी हो सकते हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कार्य करने वाले पीईपीसीआईएल की स्थापना भारत से दवा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2004 में विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के तहत की गई थी। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सचिन जैन को लिखे एक पत्र में फार्मेक्सिल के महानिदेशक उदय भास्कर ने कहा कि आपकी कंपनी द्वारा घटिया दवाओं की कथित आपूर्ति के कारण 18 बच्चों की मौत हो गई। इससे भारतीय फार्मा उद्योग की बदनामी हुई और भारतीय फार्मा निर्यात पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के भरोसे पर भी असर पड़ने की संभावना है। पत्र की प्रति ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) वीजी सोमानी और उज्बेकिस्तान में भारत के राजदूत मनीष प्रभात को भी भेजी गई है। ( शेष पेज 8 )

### ● उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार ने की कड़ी कार्रवाई

### ● नोएडा की मैरियन बायोटेक को पत्र लिख पीईपीसीआईएल ने कहा- देश की बदनामी हुई

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,841 | ↓ | 293 | |
| निफ्टी | 18,105 | ↓ | 86 | |
| सोना | 54,954 | ↓ | 17 | /10g |
| चांदी | 69,351 | ↓ | 416 | /kg |

## क्विक न्यूज

### महानतम फुटबॉलरों में शुमार पेले का 82 वर्ष की उम्र में निधन

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर और रिकॉर्ड तीन विश्वकप जीतने वाले पेले का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। सदी के सबसे बड़े फुटबॉलरों में शुमार पेले का 2021 से मलाशय के कैंसर का इलाज चल रहा था। वह कई बीमारियों के कारण पिछले महीने से अस्पताल में भर्ती थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले के निधन पर शुक्रवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका उत्कृष्ट खेल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार पेले ने करीब दो दशक तक अपने प्रशंसकों का खेल के जरिए मनोरंजन किया। वह ब्राजील को फुटबॉल के शिखर तक लेकर गए और साओ पाउलो की सड़कों से शुरू किए अपने सफर में इस खेल के ग्लोबल एम्बेसडर भी बने।

# केंद्र ने संयुक्त सचिव स्तर पर फेरबदल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने शुक्रवार को वरिष्ठ स्तर पर नौकरशाही में फेरबदल के तहत अपने विभिन्न विभागों में 19 नौकरशाहों की नियुक्ति की। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पदम लाल नेगी को नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, संजीव कुमार कासी को कोयला मंत्रालय में संयुक्त सचिव और गंगाधर पांडा को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के बिहार कैडर के 2000 बैच के अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव को पेयजल और स्वच्छता विभाग में संयुक्त सचिव और के. मनिका राज को आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। प्रीत पाल सिंह को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव, रीना सोनोवाल कौली को उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव, लोखंडे प्रशांत सीताराम को गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और चितरंजन दास तथा रविशंकर को प्रधान आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के रूप में नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया कि दीपिका कच्छल श्रम और रोजगार मंत्रालय में संयुक्त सचिव, मनीष कुमार कनौजिया खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), मुंबई के वित्तीय सलाहकार, सुरेंद्र मेहरा सलाहकार, नीति आयोग और संजीव उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग में संयुक्त सचिव होंगे। लुकास लाइकोनसिंग कामसूआन को लोक उद्यम विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है और अंशु मनीष खलखो राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के निदेशक (ए एंड एफ) होंगे। ( शेष पेज 8 )

# लक्षद्वीप प्रशासन ने 17 निर्जन द्वीपों में प्रवेश पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लक्षद्वीप** प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए कुल 36 में से 17 निर्जन द्वीपों में पूर्व अनुमति के बिना प्रवेश पर रोक लगा दी है। इन 17 द्वीपों पर जाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) की अनुमति की जरूरत होगी। लक्षद्वीप के जिलाधिकारी ने इन द्वीपों में लोगों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने की घोषणा की। उन्होंने इस संबंध में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत यह घोषणा की। प्रशासन द्वारा 28 दिसंबर को किया गया फैसला निर्जन द्वीपों से आतंकी या तस्करी गतिविधियों को रोकने के लिए किया गया है। उन द्वीपों पर मजदूरों के लिए अस्थाई ढांचे बने हुए हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मजदूरों के साथ ऐसे लोग भी वहां पहुंच सकते हैं, जो अवैध, असामाजिक और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। ( शेष पेज 8 )

# प्रदूषण बढ़ने से निर्माण पर रोक, पांच तक शीतलहर

### ● दिल्ली-एनसीआर में जीआरएपी का तीसरा चरण किया गया लागू

### ● एक से पांच जनवरी तक तीन डिग्री गिरेगा दिन और रात का पारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी और आसपास के शहरों में प्रदूषण बढ़ने से चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (ग्रेप) के तीसरे चरण की पाबंदियां फिर लागू कर दी गई हैं। इसके तहत गैर जरूरी निर्माण और विध्वंस कार्य नहीं किए जा सकेंगे। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि पांच जनवरी तक राजधानी शीतलहर की चपेट में रहेगी और यहां रात का तापमान तीन डिग्री तक गिर सकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवाओं के शांत होने से दिल्ली और आसपास के शहरों में प्रदूषण बढ़ा है। शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी हवाएं 8 से 12 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं। इस कारण शाम साढ़े सात बजे दिल्ली के सबसे व्यस्त और वाहनों की आवाजाही वाले आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 431 पर पहुंच गया। इसके अलावा मुंडका, नरेला, पटपड़गंज, पंजाबीबाग, पूसा, आरकेपुरम, रोहिणी, सोनिया विहार, विवेक विहार, वजीरपुर, अलीपुर, बुराड़ी, मथुरा रोड आदि केंद्रों पर जहां एक्यूआई 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया, वहीं नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में यह 350 और 400 के बीच यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। यूं तो मौसम विभाग ने 31 दिसंबर को वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार का पूर्वानुमान जताया है, लेकिन अगले ही दिन से हवा फिर शांत हो सकती है और साल के पहले ही दिन से हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को दिन का तापमान सामान्य से दो अधिक 22.8 और रात का तापमान सामान्य से चार अधिक 10.7 डिग्री सेल्सियस रहा। साल के अंतिम दिन शनिवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट आएगी। इसके बाद नए साल के पहले ही दिन से पारा तेजी से गिरेगा और हवाएं शांत होने से घना कोहरा भी परेशान करेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पांच जनवरी तक शीतलहर और घना कोहरा छाया रह सकता है। ( शेष पेज 8 )

# अगले साल शुरू होगा 3 मेट्रो लाइनों का निर्माण

## लिंक लाइनों के विस्तार से पांच लाख लोगों को होगा फायदा, शूटिंग, पार्टी और कोब्राडिंग से बढ़ा रेवेन्यू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन अपना दायरा बढ़ा रही है। 2023 में तीन नए लिंक लाइनों पर काम शुरू होने जा रहा है। इसमें सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क-5 तक इसकी डीपीआर को सेंट्रल गवर्नमेंट से अप्रूवल मिलना है। इस विस्तार से करीब 5 लाख लोगों को फायदा होगा। इसके अलावा सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन और डिपो से बोडाकी तक विस्तार शामिल है। जिसे मंगलवार को हुई बोर्ड में पास किया गया। अब इस प्रस्ताव को शासन के पास भेजा जा रहा है।

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो रेल कॉरिडोर को पब्लिक इनवेस्टमेंट बोर्ड पीआईबी ने अप्रूव करते हुए कैबिनेट को प्रपोजल भेज दिया है। वहां से डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद दोबारा से टेंडर जारी किए जाएंगे। इसके बाद निर्माण शुरू होगा। इस योजना से करीब 5 लाख लोगों को फायदा होगा।

एनएमआरसी की इस परियोजना के तहत कुल 14.958 किमी लंबी लाइन बनेगी। इसमें 09 स्टेशन होंगे। इसका बजट करीब 2197.49 करोड़ है। एनएमआरसी की ये लाइन ग्रेनो वेस्ट के लोगों के लिए लाइफ लाइन होगी। 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन प्रस्तावित की गई थी।

इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड डीएमआरसी ने तैयार की है। डीपीआर में छह स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। इसमें सेक्टर.142, 91, 98, 97, 125 और बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन शामिल थे। लेकिन अंतिम विकल्प के तौर पर कुछ

● पीआईबी ने कैबिनेट को भेजा प्रपोजल, वहां से डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद फिर से टेंडर होने के बाद काम शुरू होगा

स्टेशनों में बदलाव कर दो विकल्प लोगों के समक्ष रखे गए।? ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट की डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर मुहर लगा दी है। अब यह डीपीआर शासन के जरिए भारत सरकार को भेजी जाएगी।

ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेलए मेट्रो अंतर्राज्यीय बस अड्डा व स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होनी है।

### साल भर की औसतन राइडरशिप

| | | | |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 13124 | जुलाई | 32202 |
| फरवरी | 18482 | अगस्त | 34337 |
| मार्च | 23226 | सितंबर | 39704 |
| अप्रैल | 26112 | अक्टूबर | 35300 |
| मई | 29089 | नवंबर | 43430 |
| जून | 30366 | दिसंबर | 41922 |

नोएडा.ग्रेटर नोएडा के बीत एक्वा लाइन मेट्रो का आखिरी स्टेशन डिपो है। डीपीआर के मुताबिक डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट की लंबाई करीब 2.6 किलोमीटर होगी। इसे बनाने में करीब 416 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह रूट भी एलिवेटेड होगा। शुरुआत में चार कोच वाली मेट्रो चलाई जाएगी।

**राजस्व बढ़ोतरी :** एनएमआरसी सिर्फ मुसाफिरों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने का काम नहीं कर रही बल्कि अन्य तरीकों से राजस्व अर्जित कर रही है। एनएमआरसी की मीडिया प्रवक्ता निशा वधावन ने बताया क इस साल पांच फिल्मों की शूटिंग एनएमआरसी ने अपने मेट्रो स्टेशनों पर की। जिससे 15 लाख का राजस्व हासिल किया गया। एनएमआरसी की बर्थडे पार्टी स्कीम के तहत 1.11 लाख का राजस्व हासिल किया। इस बार नौ पार्टियां ही हुई। इसको देखते हुए 2023 में मेट्रो अपना खुद का रेस्टोरेंट व म्यूजियम लेकर आ रहा है। ये रेस्टोरेंट सेक्टर-137 में खड़े कोच में खोला जाएगा।

# गाजियाबाद में मिला प्रदेश का ब्लैक-व्हाइट फंगस का मरीज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक मरीज में ब्लैक और व्हाइट दोनों तरह के फंगस की पुष्टि हुई है। उत्तर प्रदेश का ये पहला केस है, जिसमें एक ही मरीज में दो तरह का फंगस मिला है। गाजियाबाद के हर्ष हॉस्पिटल से 55 साल के व्यक्ति का सैंपल 24 दिसंबर को नोएडा की पैथोलॉजी कंस्लटेंसी सर्विस लैब में भेजा गया था। 27 दिसंबर को जांच में ये सैंपल फंगस पॉजिटिव पाया गया है। हर्ष हॉस्पिटल के डॉक्टर त्यागी ने बताया, मरीज में ब्लैक और व्हाइट दोनों तरह का फंगस पाया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस ऑफिसर डॉक्टर आरके गुप्ता ने कहा, सरकारी हॉस्पिटल में ब्लैक-व्हाइट फंगस का कोई मरीज नहीं मिला है। मीडिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्राइवेट डॉक्टर से संपर्क करके मरीज की हिस्ट्री ली गई। ये फंगस नॉन कोविड मरीज को भी हो सकता है। मरीज की हिस्ट्री से पता चला है कि इसको नाक से ब्लड आया था। जांच में फंगस की पुष्टि हुई है।



**ब्लैक फंगस :** ये उन मरीजों में पाया जाता है, जिनमें बहुत ज्यादा स्टेरॉयड दिए गए हों। ये आंख और ब्रेन को प्रभावित करता है। इसमें डेथ रेट 50 फीसदी है।

**व्हाइट फंगस :** ये बीमारी उन मरीजों को भी संभव है, जिन्हें कोरोना नहीं हुआ। ये फंगस लंग्स, किडनी, आंत, पेट और नाखूनों को प्रभावित करता है। ये एक आम फंगस से है जो कोरोना से पहले भी लोगों को होता था। जिनकी इम्युनिटी कम होती है, उन्हें ऐसी बीमारी हो सकती है।

# एटीएम काटकर चोरी करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सूचना मिलने पर ग्रेटर नोएडा पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

नोएडा की थाना सेक्टर फेस टू पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शातिर बदमाशों का गिरोह एटीएम बूथ में घुसकर गैस कटर से एटीएम काटकर पैसों की चोरी किया करता था। इन लोगों के द्वारा फेस 2 थाना क्षेत्र में ऐसी वारदात को अंजाम दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

फेस टू थाने पर रवि कुमार द्वारा शिकायत दी गई कि वह याकूबपुर में स्थित एटीएम में क्लीनिंग का काम करता है। उसे 29 दिसम्बर को करीब 3;30 बजे सुपरवाइजर ने फोन करके बताया कि एटीएम पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा छेड़छाड़ की गई है। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो पाया कि एटीएम के अंदर कुछ अज्ञात चोरों द्वारा एटीएम को गैस कटर से काटने का प्रयास किया गया है। साथ ही अलार्म स्मोकिंग डेक्टर तथा बाहर के कैमरे को भी क्षति पहुंचाई गई है।

## ड्यूटी पर तैनात चौकी प्रभारी का निधन

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की शिप्रा सनसिटी चौकी के प्रभारी रामवीर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में जहां शोक की लहर दौड़ गई वहीं उनके परिवार में मातम छा गया।

इस संदर्भ में डीसीपी ट्रांस हिंडन डाॅ दीक्षा शर्मा ने बताया कि एसआई रामवीर सिंह मूलरूप से मडेपुर बाह आगरा के रहने वाले थे। 2016 में उनकी पहली पोस्टिंग मोदीनगर सर्किल, दूसरी पोस्टिंग साहिबाबाद व तीसरी पोस्टिंग इंदिरापुरम सर्किल में हुई थी। श्रीमती शर्मा ने बताया कि श्री सिंह की शादी 2016 में हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। वह बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ दरोगा थे।

# अश्लील वीडियो दिखा रेलवे कर्मी को ठगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर सेटलमेंट के नाम पर वसूल लिए 50 हजार रुपये

गाजियाबाद में एक रेलवे कर्मी को महिला ने वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। जिसके बाद सीबीआई और क्राइम ब्रांच ऑफिसर बनकर रेलवे कर्मी को धमकाया। सेटलमेंट के नाम पर 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। रेलवे कर्मी ने पांच के खिलाफ थाने में सेक्सटॉर्शन एक्ट का केस दर्ज कराया है।

ताज हाईवे स्थित आवास-विकास समिति में रहने वाले शख्स रेलवे विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया, 15 दिसंबर को एक अज्ञात महिला की वॉट्सएप पर वीडियो कॉल आई। उन्होंने कॉल रिसीव कर ली। कुछ सेकंड तक महिला सामान्य रूप से बातचीत करती रही। अचानक ही वो कॉल पर अश्लील हरकत करने लगी। ये देख रेलवे कर्मी ने कॉल काट दी। 16 दिसंबर को रेलवे कर्मी पर अज्ञात नंबर से फिर कॉल आई।

कॉल करने वाले ने खुद को पहले क्राइम ब्रांच नई दिल्ली का एडिशनल ऑफिसर अजय राठौर बताया। फिर उसी नंबर से दोबारा कॉल आई और इस बार सीबीआई ऑफिसर विक्रम गोस्वामी नाम बताया। जालसाजों ने क्राइम ब्रांच और सीबीआई के आईडी प्रूफ रेलवे कर्मी को भेजे। जिससे उनको भरोसा हो गया। इसके बाद फ्रॉड गैंग ने कहा कि अश्लील वीडियो यूट्यूब पर वायरल को जाएगा। अगर वीडियो को वायरल होने से रुकवाना हो तो जल्दी यूट्यूब ऑफिसर से बात कर लो। ठगों ने जो नंबर दिया, रेलवे कर्मी ने उस पर बात की। यूट्यूब से कथित तौर पर वीडियो हटाने के नाम पर ठगों ने करीब 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। इसके बावजूद वे रुपए मांगते रहे। जब रेलवे कर्मी ने ये कहा कि वह दिल्ली में मिलने के लिए आ रहा है, तब फ्रॉड गैंग के सारे मोबाइल नंबर बंद हो गए।

# संक्षिप्त समाचार



नोएडा के गार्डन गलेरिया मॉल स्थित क्लब में मारपीट करते लोग।

### नोएडा के क्लब में मारपीट का वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-38 ए गार्डन गलेरिया मॉल क्लब में दो पक्षों के बीच जमकर लात.घूसे चले। आस.पास के लोगों ने दोनों पक्षों को बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। इसी दौरान लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वहीं, लोगों ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मॉल खुलने के बाद ही फुटेज के आधार पर जांच की जाएगी। मामले में दोनों पक्षों की ओर से अभी तक शिकायत नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि वीडियो नोएडा के गार्डन गलेरिया के क्लब का है।

### पानी का बिल जमा करने में एकमुश्त समाधान का मौका

**नोएडा।** नोएडा वासियों को बकाया पानी का बिल जमा करने के लिए प्राधिकरण एक मुश्त समाधान योजना लेकर आया है। इसके तहत 1 जनवरी से 31 जनवरी 2023 तक बकाया पानी का बिल जमा करने पर आवंटी को ब्याज में 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके बाद 1 फरवरी से 28 फरवरी तक बकाया जमा कराने पर 30 प्रतिशत और 1 से 31 मार्च तक बकाया जमा कराने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### अगले महीने हो सकती है निगम बोर्ड की अंतिम बैठक

**गाजियाबाद।** अगले महीने 23 जनवरी के बाद नगर निगम का मौजूदा बोर्ड भंग हो जाएगा। इससे पहले नगर निगम के मौजूदा बोर्ड की अंतिम बैठक होने जा रही है। इस बैठक में ही सभी पार्षद आदि की विदाई से पहले शहर के विकास के कई खास प्रस्तावों को पेश किया जा सकता है। कई पार्षद काफी समय से नगर निगम बोर्ड की बैठक बुलाने की मांग कर रहे है। इन पार्षदों का कहना है कि पहले संभावना थी कि जनवरी तक नए बोर्ड का गठन हो जाएग, मगर बदली परिस्थितियों के चलते लगता है कि चुनावा कई महीने के लिए टल गया है। इसी के बाद अब नगर निगम के मौजूदा बोर्ड की अंतिम बैठक बुलाने की मांग उठ रही है।

### शराब के लिए पैसे न देने पर भाई पर हमला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शराब के लिए रुपए न देने पर युवक ने भाई पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी को कासना पुलिस ने बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक ब्लेड कटर को भी बरामद किया है। आरोपी बुलंदशहर में पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस अन्य मामलों की जांच कर रही है।

### कवयित्री से रेप का आरोपी दरोगा सस्पेंड

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में कवयित्री से रेप कर अश्लील वीडियो बनाने वाले सब इंस्पेक्टर अक्षय मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने का आदेश डीसीपी ने दिया है। उधर, मुकदमा होते ही अक्षय को डीसीपी ग्रामीण के त्त्व् से भी हटा दिया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन दीचा शर्मा ने कहा, सब इंस्पेक्टर प्रशिक्षणाधीन अक्षय मिश्रा के खिलाफ थाना कवि नगर में मुकदमा दर्ज हुआ है।

# पुलिस ने नष्ट की 2,485 लीटर शराब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● सूरजपुर में जब्त शराब की बोतलों को तोड़कर गड्ढे में दबाया

न्यायालय के आदेश के बाद लगातार गौतमबुद्ध नगर में अवैध शराब को नष्ट किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रेट अरोड़ा की सूरजपुर थाना पुलिस के द्वारा 2485 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान करीब 994000 रुपए की शराब नष्ट की गई है। मालखाने से शराब को निकालकर जेसीबी से गड्ढा खोदने के बाद बोतल तोड़कर उसमें दबा दिया गया।

गौतम बुद्ध नगर पुलिस के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया था और इस दौरान जमकर शराब तस्करों की धरपकड़ हुई थी। पूरे जिले में अभियान युद्ध स्तर पर चला था और इस दौरान तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब भी बरामद की गई थी। सूरजपुर थाना ने अभियान चलाकर उसने भी भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की।

सूरजपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब को लेकर 2016 के 35 मुकदमें, 2017 के 60 मुकदमें, 2018 के 71 मुकदमें, 2019 के 21 मुकदमें और 2020 के 14 मुकदमें कुल मिलाकर 201 मुकदमें दर्ज किए गए और इस दौरान पुलिस ने करीब 2485 लीटर शराब बरामद की। यह शराब थाने के मालखाने में रखी थी। माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस शराब को नष्ट करने का आदेश दिया। सूरजपुर थाना पुलिस ने इन 201 मुकदमों में पकड़ी गई 2485 लीटर शराब को जेसीबी से गड्ढा खोदकर शराब की बोतलों को तोड़कर गड्ढे में डाल दिया फिर मिट्टी से दबाकर नष्ट किया गया।

# घर के बाहर बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बीती रात लोनी थाना क्षेत्र के मौहल्ला न्यू विकास नगर निवासी 60 वर्षीय मांगेराम प्रजापति पुत्र हुकुम सिंह प्रजापति की बीती रात घर के बाहर सोते समय किसी ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस वारदात का पता चलते ही कमिश्नरेट पुलिस के आला अफसर भी घटनास्थल पर पहुंच गये।

अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लोनी थाना पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर उनकी मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिये। इस संदर्भ में डीसीपी ग्रामीण डॉ इरज राजा ने बताया कि बुजुर्ग की हत्या के खुलासे के लिये पुलिस की कई टीम लगाई गई थीं। पुलिस ने बुजुर्ग की हत्या करने वाले सुनिल को हिरासत में ले लिया। सुनिल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मृतक का पुत्र कपिल उसकी पत्नी को भगाकर ले गया था जिससे वह अपमानित महसूस कर रहा था। इसी अपमान का बदला लेने के लिये उसने मांगेराम प्रजापति की हत्या कर दी।

## मुर्गा व्यापारी की हत्या में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 63 थाना पुलिस ने मुर्गा व्यापारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में वांछित आरोपी मोहम्मद वहाब असरफ को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सेक्टर-63 थाना क्षेत्र की बुद्ध विहार कॉलोनी में 36 वर्षीय सगीर आलम उर्फ मुन्ना और सईद आलम पर 15 जनवरी 2022 को हमला किया गया था।

**PUBLIC NOTICE**

My Client, Smt. Shandili D/o Sh. Rajesh Prakash R/o H. No-4 Sector-14A Noida Jila Gautam Budh Nagar is the registered owner of property i.e. Apartment No-702 7th floor block Silver Palm-II Gulmohar Enclave Nasarpur GZB., UP, vide registerd gift deed dated-29.10.2020 executed by Mr. Vipin Dwivedi & Mr. Sachin Dwivedi Both S/o Late Sh. Ram Chand Dwivedi, Vide Reg No.5855 Book No.1 Volume No.17627 Page No.97 to 136 Dated-29-10-2020 SR-1 Ghaziabad. above said property is going to be morgaged with Hero Housing Finance Limited. Any Person/Bank/Financial Institution having any claim/right, lien, any objection whatsoever in regard to above property, should notify the same to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence through registered A/D within 10 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or any objection shall be deemed to be waived off.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court,
Delhi-110092. Mobile No. 9811215181

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ram Sewak is the owner of Built up Property bearing No. 8, 9 and 10, Area measuring 28 Sq., Yds., out of Khasra No. 55/12, Situated in the area of Village Palam, Delhi State, abadi known as Palam Colony, New Delhi, vide GPA, Will and ATS dated 05.04.1995. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Akash Chander is GPA holder of Frontside Third floor with roof rights, portion of Built up Property bearing no. F-114, measuring 50 sq. yds., Part of Khasra no. 648 & 649, Ahata n. D/23, situated in the area of Vill. Basai Darapur, abadi known as Sudershan Park Extn. New Delhi by way of Notarized GPA, ATS dated 17.06.2005 & Will. Now, Mr. Akash Chander is intending to sell the said property to Mohd. Qamre Alam and further Mohd. Qamre Alam is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# आरएसएस पथ संचालन विवाद में समझौता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● प्रेसवार्ता कर दोनों पक्षों ने मामले में सहमति से रिपोर्ट वापस लेने की दी जानकारी

शास्त्रीनगर के महेन्द्रा एन्क्लेव में 25 दिसंबर को आरएसएस के पंथ संचालन के दौरान हुए विवाद का पांच दिन बाद पटाक्षेप हो गया है। 25 दिसंबर को पथ संचालन के दौरान रालोद नेता अरविंद तेवतिया के बेटे का विवाद स्कूटी निकालने को लेकर हो गया था।

मामला इतना बढ़ गया कि कविनगर थाने में रालोद व भाजपा नेताओं के बीच कई घंटे तक विवाद होता रहा। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई तो वहीं रालोद नेता सहित कई लोगों को पुलिस ने इस मामले में जेल भेज दिया।

दोनों पक्षों की ओर से शुक्रवार को आरएसएस के शास्त्रीनगर स्थित कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजपाल तेवतिया, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा नेता मंयक गोयल, पंथ संचालन के संयोजक गिरीश गर्ग, भंवर सिंह और दूसरे पक्ष से रालोद नेता अरविंद तेवतिया के पिता कृष्णपाल तेवतिया, चाचा सुरेश पाल मौजूद रहे। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से दर्ज कराई गई रिपोर्ट भी वापस ली जा रही है।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई,
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
लोहाघाट (चम्पावत) फोन/फैक्स नम्बर, - 05965-297687 E-mail- pmofficechampawat@gmail.com

पत्रांक – 1498/निविदा/96 दिनांक 29.12.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न तालिकानुसार कार्य की मुहरबंद निविदा दिनांक **07.01.2023** को अपरान्ह **3:00** बजे तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डिग्री कॉलेज रोड़, लोहाघाट में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक **06.01.2023** अपरान्ह **5:00** बजे तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डिग्री कॉलेज रोड़, लोहाघाट से प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक **07.01.2023** को अपरान्ह **3:30** बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डिग्री कॉलेज रोड़, लोहाघाट में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय उक्त कार्यालय में कार्यालय समय में ही किया जायेगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + G.S.T.@ 18% (₹ में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण की अवधि | ठेकेदार की विभाग में भवन निर्माण की निर्धारित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय पालीटेक्निक, लोहाघाट के प्रशासनिक/शैक्षणिक भवन का अनुरक्षण कार्य। | 26900.00 | 2360/– | 30 दिन | 03 माह | "डी" एवं उच्चतर |
| 2 | बूम टनकपुर में राफ्टिंग हेतु टिकट काउंटर शौचालय एवं एप्रोच पाथ का निर्माण कार्य। | 44100.00 | 2360/– | 30 दिन | 03 माह | "डी" एवं उच्चतर |
| 3 | चरण मंदिर टनकपुर जौलजीबी रोड़ में राफ्टिंग हेतु मुख्य सड़क मार्ग में महाकाली नदी तक एप्रोच पाथ का निर्माण कार्य। | 50000.00 | 2360/– | 30 दिन | 03 माह | "डी" एवं उच्चतर |
| 4 | राजकीय पालीटेक्निक, लोहाघाट में महिला छात्रावास के अवशेष निर्माण कार्य। | 50000.00 | 2360/– | 30 दिन | 03 माह | "डी" एवं उच्चतर |

नोट :– नियम एवं शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है। परियोजना प्रबन्धक

**PUBLIC NOTICE**

**TO WHOM IT MAY CONCERN,** the general public at large is hereby informed that my client **"M/s PANCHSHEEL BUILDTECH PVT. LTD"**, having its head office at H-159, Sector-63, Noida, Uttar Pradesh-201301, is hereby going to cancel the allotment of unit no. 2107, tower- F3 situated at Panchsheel-Pinnacle at Housing Plot no. 01A, Sector-16B, Greater Noida, U.P allotted in the name of Mr. Aftab Alam & Mrs. Rooksana.

The general public be it any is hereby called upon to inform that the abovementioned company, is going to cancel the allotment of Unit No. 2107, on 21st Floor, Tower-F3 at Panchsheel Pinnacle at Housing Plot no. 01A, Sector-16B, Greater Noida, U.P. since the address of the allottee is not traceable and several notice has been sent to the allottee but there is no response. The allottee has not adhered to the terms and conditions of the tripartite agreement. However in respect of the same, the allottee can come forward and settle his account as per the terms and conditions of the Builder buyer agreement within 30 days from the date of publication of this notice or else any such claims by the allottee shall not be considered and shall be deemed to have been waived and /or abandoned and the company shall proceed to conclude the negotiations and no claim shall be entertained thereafter.

SANJEEV ARORA
(ADVOCATE)
Enrol No. D 259/03, Chamber No., K-48,
Tis Hazari Courts, Delhi - 54

# अग्निशमन विभाग को मिले 220 कर्मी, ताकत बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● गाजियाबाद पुलिस लाइन में हुई तीन मंडलों की पासिंग आउट परेड

उत्तर प्रदेश फायर सर्विस के लिए 220 रिक्रूट फायरमैनों की पासिंग आउट परेड शुक्रवार को गाजियाबाद पुलिस लाइन में संपन्न हुई। मार्चपास्ट और फिर शपथ ग्रहण के साथ ही 220 रिक्रूट फायरमैन अग्निशमन विभाग के बेड़े में शामिल हो गए। दीक्षांत समारोह परेड में गाजियाबाद के 18, मेरठ के 17, नोएडा के 48, मुजफ्फरनगर के 19, सहारनपुर के 18, हापुड़ के 5, बागपत के 6, शामली के 7, बिजनौर के 34 और मुरादाबाद के 50 रिक्रूट फारयरमैन शामिल हुए।

मुख्य अतिथि गाजियाबाद राकेश कुमार सिंह ने परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया। परेड कमांडर अनुक्ष शर्मा, यतेंद्र कुमार और विकास कुमार धारीवाल नियुक्त थे, जिनकी कमांड पर 47वीं वाहिनी पीएसी



गाजियाबाद पुलिस लाइन में अग्निशमन विभाग परेड की सलामी लेते अधिकारी।

गाजियाबाद के बैंड यूनिट धुन पर रिक्रूट ने मार्च पास्ट कया। समारोह में डीएम ने रिक्रूट फायरमैन को कर्तव्य के प्रति ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस मौके पर परेड ग्राउंड को भव्य तरीके से सजाया गया। सलामी मंच के चारों तरफकई प्रकार की रंगोली बनाई गईं। संपूर्ण परेड ग्राउंड पर रंगीन कपड़े के बैनरों और गुब्बारों से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित किया गया।

ग्राउंड पर जगह.जगह लोहे के पोल लगाकर झंडे फहराए गए थे। दीक्षांत समारोह में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर की आंतरिक व बाह्य परीक्षा में अव्वल आने वाले रिक्रूट्स, परेड कमांडरों को सम्मानित किया गया। इनमें विशाल तोमर, अनुक्ष शर्मा, विकास कुमार, यतेंद्र कुमार, विकास कुमार धारीवाल और अनूप पांडेय शामिल रहे।

इसके अलावा रिक्रूट फायरमैन विशाल तोमर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर आरटीसी में सर्वांग सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। डीएम ने ये सभी रिक्रूट पुरस्कृत किए। कार्यक्रम में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी ईरज राजा, एडीसीपी ज्ञानेंद्र सिंह, एसीपी निमिष पाटिल, बुलंदशहर सीएफओ प्रमोद शर्मा, गाजियाबाद सीएफओ राहुल पाल आदि मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आप ने छेड़ा 15 साल बनाम 3 हफ्ते अभियान

## मेयर चुनाव से पहले भाजपा पर हमलावर हुई आम आदमी पार्टी, पेश करेगी पार्षदों का 20 दिन का काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी अपने नवनिर्वाचित पार्षदों के पिछले 20 दिनों के कामों का लेखाजोखा पेश करेगी। पार्टी पिछले 20 दिनों में अपने पार्षदों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देने के लिए शनिवार को भाजपा के 15 साल बनाम आप के 3 सप्ताह अभियान की शुरुआत करेगी। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि नए पार्षदों के लिए शपथ ग्रहण समारोह होना बाकी है, लेकिन उन्होंने अपने-अपने वार्ड में काम शुरू कर दिया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव के नतीजे आने के महज 30 दिनों में ही पूरे शहर में बदलाव देखा जा सकता है।

आम आदमी पार्टी के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को संवादाता सम्मेलन में कहा कि आप एमसीडी में भाजपा के 15 साल बनाम आप के तीन हफ्ते पर 31 दिसंबर से अभियान शुरू करेगी। अभी आप के नवनिर्वाचित पार्षदों ने आधिकारिक रूप से एमसीडी की शपथ भी नहीं ली है और मात्र 30 दिनों के अंदर बड़ा बदलाव दिख रहा है। भाजपा का 15 साल और आप का 3 हफ्ते का काम देखने से लगता है कि आप का 3 हफ्ते का काम भाजपा पर भारी पड़ेगा। अगर कहीं गलत हों या कोई सुझाव हों, दिल्ली वाले सुझाव दे सकते हैं। पाठक ने दावा किया चाहे सफाई की बात हो या एमसीडी से जुड़े हुए कोई भी काम की बात हो, हर क्षेत्र में काम हो रहा है। इंटरनल रोड, बड़े ड्रेनेज पर काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि उसमें आए निगम के कुछ अधिकारियों ने बताया कि वे पिछले 15 सालों से ऐसी सरकार का इंतजार कर रहे थे जिसके साथ वे काम कर सके।

## केवल जुमलेबाजी कर रही आप : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रदेश भाजपा ने आम आदमी पार्टी के भाजपा के 15 साल बनाम आप के तीन सप्ताह अभियान को एक जुमला करार दिया है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कूपर ने कहा कि निगम में उनकी पार्टी के पंद्रह साल के शासन की तुलना आप के तीन हफ्ते से करने को जुमले से ज्यादा बताया क्योंकि आप अभी सत्ता में नहीं आई है।

प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने पिछले 15 दिनों में सिर्फ एक नई चीज देखी है कि उत्तम नगर से चुने गए आम आदमी पार्टी के पार्षद ने एमसीडी कर्मचारियों को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के घर को तोड़ने के लिए मजबूर किया और कल्याणपुरी के अन्य निर्वाचित पार्षद ने एमसीडी कर्मचारियों को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की चेतावनी देते हुऐ कहा की वह 6 जनवरी के बाद परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें, जब पार्षद शपथ लेंगे। जहां तक एमसीडी के कर्मचारियों के बदलाव महसूस करने की बात है, पहले उन्हें लगता था कि अगर केजरीवाल एमसीडी में सत्ता में आएंगे तो उन्हें नियमित रूप से वेतन मिलेगा, लेकिन अब पिछले 15 दिनों के बाद कि केजरीवाल सरकार कई महीने से 50 हजार से अधिक संविदा कर्मचारियों को वेतन नहीं दे रही है।




**उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भलस्वा लैंडफिल से बायोमाइनिंग को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। डब्ल्यूटीई संयंत्रों को आपूर्ति और सार्वजनिक भागीदारी से कचरे को उठाने के प्रयास शुरू हुए। एमसीडी ने 6 महीने में औसतन 6 लाख मीट्रिक टन प्रति माह के हिसाब से लगभग 42 लाख मीट्रिक टन कचरे को हटाने का रिकॉर्ड बनाया है।** फोटो : रंजन डिमरी

# भाजपा पर लगाया वादे से मुकरने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● डीडीए ने नवजीवन शिविर, जवाहर शिविर के झुग्गी वालों को नरेला में स्थानांतरित का लगाया नोटिस : आतिशी**

आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि भाजपा का एमसीडी चुनाव में जहां झुग्गी वहां मकान का वादा झूठा निकला है। आप नेता ने भगवा पार्टी पर झुग्गीवासियों के पुनर्वास के एमसीडी चुनाव के वादे से मुकरने का आरोप लगाया है।

आप विधायक आतिशी ने कहा कि चार दिसंबर को दिल्ली नगर निगम चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री ने कालकाजी में 3,024 फ्लैटों का उद्घाटन किया था और भूमिहीन शिविर में पात्र लाभार्थियों को इसकी चाबियां सौंपी थीं। साथ ही भूमिहीन शिविर के सामने स्थित नवजीवन शिविर और जवाहर शिविर के लगभग 40 हजार लोगों से कहा था कि उन्हें भी उनके स्थान पर फ्लैट दिए जाएंगे लेकिन अब डीडीए नवजीवन और जवाहर शिविरों में नोटिस चस्पा कर दिया है, जिसमें वहां के लोगों से कहा गया कि उन्हें नरेला में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और झुग्गी-झोपड़ी को उजाड़ दिया जाएगा।

आतिशी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीएम मोदी का एमसीडी चुनाव में जहां झुग्गी वहां मकान का वादा झूठा निकला है। चुनाव खत्म होने को करीब एक महीने बाद झुग्गियों को 50 किलोमीटर दूर भेजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने झुग्गियों के पास फ्लैट देने से इंकार किया है और कहा है कि 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जैसे प्रदेश में बुल्डोजर चला रहे हैं। वैसे यहां पर बुल्डोजर नहीं चलाने दिया जाएगा।

## कर्तव्य पथ पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**नई दिल्ली।** नववर्ष का जश्न मनाने के मद्देनजर कर्तव्य पथ पर भारी संख्या में लोगों के उमड़ने का अनुमान जताते हुए स्थानीय प्राधिकारी भीड़भाड़ से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात करेंगे और उन्होंने वाहनों के लिए कई पार्किंग स्थल भी बनाए हैं।

नई दिल्ली नगर परिषद ने शुक्रवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी बंदोबस्त किए गए हैं कि लोग नव वर्ष सुरक्षित तरीके से मना सकें और भीड़ से सुरक्षा की कोई समस्या पैदा न हो। दिल्ली पुलिस ने यातायात वाहनों और पैदल यात्रियों दोनों को नियंत्रित करने के लिए इंडिया गेट पर और उसके आसपास व्यापक इंतजाम किए हैं।

# राजीव चौक मेट्रो स्टेशन का निकास द्वार आज रात नौ बजे बंद होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● नववर्ष की पूर्व संध्या पर कनॉट प्लेस में भीड़ नियंत्रित करने के लिए डीएमआरसी का फैसला**

राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से शनिवार रात नौ बजे के बाद मेट्रो नहीं मिलेगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने यात्रियों के स्टेशन से बाहर नहीं निकलने पर पाबंदी लगा दी है।

ब्लू लाइन पर पड़ने वाला राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, ऐतिहासिक कनॉट प्लेस क्षेत्र में स्थित है, जहां हर साल नववर्ष की पूर्व संध्या और नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार दिल्ली पुलिस की सलाह के अनुसार, नए साल की पूर्व संध्या (31 दिसंबर) पर भीड़भाड़ कम करने के लिए रात 9 बजे के बाद राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से यात्रियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हालांकि, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से आखिरी ट्रेन के प्रस्थान तक यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश की अनुमति होगी।

# स्कूली छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● उपमुख्यमंत्री ने कहा, शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता**

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूली छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और वे अपनी कड़ी मेहनत तथा दृढ़ निश्चय के बूते हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। सरकारी स्कूलों के वार्षिक दिवस समारोहों में भाग लेते हुए सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता रही है और स्कूलों को टेंट वाले से टैलेंट (प्रतिभा) वाले स्कूलों में बदला गया है।

सिसोदिया ने कहा, हमारे स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अपने शानदार प्रदर्शन और दृढ़ निश्चय के आधार पर वे हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल कर रहे हैं। हमारे शिक्षकों ने भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए कड़ी मेहनत की। किसी वक्त में टेंट स्कूल कहे जाने वाले दिल्ली सरकार के स्कूल अब टैलेंट स्कूलों में बदल गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले आठ वर्ष में सरकारी स्कूलों में स्कूल बुनियादी ढांचे, शिक्षकों के प्रशिक्षण और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है। उन्होंने कहा, पहले, अभिभावक बेबसी और वित्तीय दिक्कतों के कारण बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजते थे लेकिन अब वे स्कूलों में भेजकर गर्व महसूस करते हैं।

## सड़क धंसने से एक मजदूर की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** विजय विहार इलाके में बुधवार शाम पानी की पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान कंक्रीट की सड़क का एक हिस्सा कथित रूप से धंस जाने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। मरने वाले की पहचान हरेंद्र के रूप में हुई है। हादसे में सोनू घायल हो गया है। उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, लाल क्वाटर्स के पास पानी की पाइपलाइन ठीक करने के दौरान कंक्रीट की सड़क का एक हिस्सा और उन पर मिट्टी गिरने से दोनों मजदूर मलबे के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया।

# साइबर हमलों से निपटने की अधिसूचना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● एलजी ने संबंधित बिजली ढांचे के कंप्यूटर संसाधनों की महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना को संरक्षित प्रणाली घोषित करने की दी मंजूरी**

राष्ट्रीय राजधानी में बिजली व्यवस्था के लिए एक संभावित साइबर हमले के खतरे को देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बिजली संसाधनों और संबंधित कंप्यूटर संसाधनों की महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना (सीआईआई) को संरक्षित प्रणाली घोषित करने के लिए एक अधिसूचना को मंजूरी दे दी है। इन संरक्षित प्रणालियों तक पहुंचने के लिए बिजली संस्थाओं द्वारा लिखित में अधिकृत व्यक्ति को भी अधिसूचना के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

एलजी कार्यालय के अनुसार, अधिसूचना यह सुनिश्चित करेगा कि शहर में बिजली के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को किसी भी तरह के हमले या अतिक्रमण से बचाया जाए।

उल्लेखनीय है कि 2020-2021 में केंद्र की साइबर सुरक्षा निगरानी एजेंसियों ने बिजली व्यवस्था के संचालन को बाधित करने के उद्देश्य से कुछ साइबर हमले के प्रयास देखे थे। बिजली मंत्रालय ने एहतियाती कदम उठाने के लिए 08 मार्च, 2021 को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा था।

मंत्रालय ने तब बताया था कि साइबर हमलावर तेजी से बिजली क्षेत्र को निशाना बना रहे हैं, इसलिए निवारक उपाय करने और भारतीय विद्युत प्रणाली की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उपराज्यपाल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना सूचना सुरक्षा प्रथाओं और प्रक्रियाओं, और पहुंच नियंत्रण सहित कुछ निगरानियों को लागू करने में मदद करेगी।

## एलएलबी दाखिले में सीट आवंटन पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने इस साल अपने विधि स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अपनाए गए सीट पैटर्न आवंटन में मनमानी का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय से जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता ने दावा किया कि सामान्य श्रेणी की मेधा सूची में आने वाले छात्रों से ज्यादा अंक हासिल करने वाले आरक्षित वर्ग के छात्रों को सामान्य श्रेणी में नहीं डाला गया, जो आरक्षण की मूल भावना के खिलाफ है और आरक्षित श्रेणी के ज्यादा छात्रों को दाखिला लेने से रोकती है। एलएलबी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वह ओबीसी श्रेणी के तहत प्रवेश पाने के लिए अन्य प्रकार से पात्र था, लेकिन सीट आवंटन के कारण वह दाखिला लेने में असमर्थ था। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने डीयू को नोटिस जारी कर उसे जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया।

# निगम कर्मी को थप्पड़ मारने वाले विधायक के घर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने लक्ष्मी नगर में एक सफाई कर्मचारी से मारपीट के मामले में स्थानीय भाजपा विधायक अभय वर्मा के घर के बाहर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। इससे एक दिन पहले आप शासित दिल्ली नगर निगम ने पूर्वी दिल्ली में सफाई कर्मचारी पर कथित रूप से हमला करने के लिए वर्मा से करीबी संबंध रखने वाले अज्ञात गुंडों के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत दी थी। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में कुछ लोग एमसीडी कर्मचारी को पीटते दिख रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता विधायक कुलदीप कुमार की अगुवाई शुक्रवार को हाथों में पोस्टर लेकर अभय वर्मा के घर के बाहर जमा हुए और उनके व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वर्मा ने एक सफाई कर्मचारी की इसलिए पिटाई करवाई क्योंकि वह दलित समुदाय से है। कुमार ने आरोप लगाया, भाजपा गुंडों की पार्टी है। इस पार्टी में कोई नेता जितनी अधिक गुंडागर्दी करता है, उसे उतना ही बड़ा पद मिलता है। भाजपा दलितों के खिलाफ है और इसलिए उसने अभय वर्मा के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की। इस घटना के बाद वर्मा के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### सफाई कर्मी से मारपीट में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

पूर्वी दिल्ली में एक सफाई कर्मचारी से कथित तौर पर मारपीट के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पूर्वी दिल्ली में एक सफाई कर्मचारी पर कथित हमले के लिए भाजपा विधायक अभय वर्मा से नजदीकी अज्ञात लोगों के खिलाफ डीएमसी द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्विनी चौबे ने पीएम की मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनका निधन एक युग का अंत है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि प्रधानमंत्री जी की मां हीरा बेन जी का निधन अत्यंत दुखद है। वे धर्मपरायण महिला थी। उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें, शोकाकुल प्रधानमंत्री जी व परिजनों को संबल प्रदान करे।

### एलजी और उप मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया। एलजी ने ट्वीट कर का कि ईश्वर प्रधानमंत्री को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन से गहरा दुख हुआ है। दुख की इस घड़ी में करोड़ों देशवासियों सहित वह मां को मोक्ष की कामना करता हूं। वह ईश्वर से प्रार्थना करते है कि प्रधानमंत्री को अपनी मां के निधन से हुए दुख को सहन करने की शक्ति दें। वहीं सिसोदिया ने कहा कि हीरा बा के निधन की खबर बेहद दुखद है। संकट की इस घड़ी में वह प्रधानमंत्री तथा उनके परिवार के प्रति संवेदना जताते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें यह दख सहन करने की शक्ति तथा संबल प्रदान करें। इस बीच विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पीएम को भेजे एक संदेश में उन्होंने कहा है कि पूज्यनीय माताजी के निधन से पूरा राष्ट्र शोकाकुल है। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे।

### कम ब्याज का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन धरे

**नई दिल्ली।** कम ब्याज दर पर लोन मुहैया कराने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए दिल्ली पुलिस ने तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। छानबीन में पता चला है कि आरोपी नोएडा स्थित एक कॉल सेंटर में एक बीमा कंपनी के छद्मवेश में कम ब्याज दरों की पेशकश कर कर्ज लेने वाले लोगों को ठगता था। आरोपियों की पहचान मोहित शर्मा, प्रेम सिंह और मोहम्मद फैसल के रूप में हुई है। इन लोगों ने पीड़ितों को नई खरीदी बीमा पॉलिसी की एवज में कम ब्याज दरों पर ऋण देने का लालच दिया।

### हत्या के मामले में वांछित दो भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब में हत्या के मामले में वांछित दो भाइयों को दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने यहां गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान हीरा सिंह और लखमीर सिंह के रूप में हुई है। इस साल मई में गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद हीरा सिंह गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई से प्रभावित हो गया था। पुलिस के अनुसार, हीरा सिंह खुद को विश्नोई गिरोह का सदस्य बताकर पंजाब के व्यापारियों से पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा था। दोनों भाई मजीठा में पंजाब पुलिस के एक होमगार्ड की हत्या के मामले में वांछित थे। इसके अलावा, हीरा सिंह पंजाब में एक खाना पहुंचाने वाली कंपनी के प्रतिनिधि की हत्या के साथ-साथ हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के तहत भी वांछित था। पुलिस उपायुक्त राजीव राजन सिंह ने कहा कि इस साल मार्च में हीरा सिंह ने अपने भाई और साथियों के साथ मिलकर होमगार्ड करमजीत सिंह की हत्या कर दी थी।

### अवैध शराब जब्त करने को छापेमारी तेज

**नई दिल्ली।** नए साल के जश्न से पहले दिल्ली आबकारी विभाग ने अवैध शराब जब्त करने के लिए छापेमारी तेज कर दी है। विभाग ने पश्चिमी दिल्ली के टैगोर गार्डन इलाके में एक गोदाम में छापेमाी कर नामी कंपनी की 1,037 बोतलें बरामद की गई। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को एक गोदाम से शराब की इन बोतलों को जब्त किया गया। इस गोरख धंधे को छिपाने के लिए व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर लोगों को शराब बेची जाती थी और सत्यापन के बाद उन तक पहुंचाई जाती थी। आबकारी विभाग को अनुसार, ग्लेनफिडिच, ग्लेनलिविट, ब्लैक डॉग, चिवास रीगल आदि ब्रांड की शराब की बोतलें जब्त की गईं।

# जींस की रंगाई से पर्यावरण को नुकसान का अध्ययन करेगी सरकार

## यमुना को स्वच्छ बनाने की मुहिम के तहत इलेक्ट्रोप्लेटिंग और फॉस्फेटिंग में लगी इकाइयों के प्रभाव की तैयार होगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने इस संबंध में शैक्षणिक संस्थानों से 28 फरवरी तक प्रस्ताव मांगे हैं।**

केजरीवाल सरकार ने यमुना के प्रदूषण को कम करने के लिए एक कदम उठाया है। सरकार कपड़ों की रंगाई या धुलाई और धातु की सतह के उपचार की गतिविधियों जैसे इलेक्ट्रोप्लेटिंग और फॉस्फेटिंग में लगी इकाइयों के पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में गैर-अनुरूप और आवासीय क्षेत्रों में काम करने वाली ऐसी लघु इकाइयों से निकलने वाला कचरा व रसायन सीधे यमुना में प्रवाहित होता है, जिससे इसका प्रदूषण भार बढ़ जाता है। इनमें से अधिकांश इकाइयां बिना अनुमति और अपशिष्ट उपचार संयंत्रों के संचालित होती हैं। उनके अपशिष्टों में अमोनिया और फॉस्फेट की उच्च सांद्रता होती है, जो नदी के पानी पर घने झाग के प्राथमिक कारणों में से एक है।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने इस संबंध में शैक्षणिक संस्थानों से 28 फरवरी तक प्रस्ताव मांगे हैं। डीपीसीसी की वेबसाइट पर एक नोटिस के मुताबिक, अध्ययन से पता चलेगा कि इन इकाइयों द्वारा कितना पानी इस्तेमाल किया जा रहा है और उनके क्षेत्रों में उपचार संयंत्रों और जल निकायों की क्षमता कितनी है। जीन्स और अन्य कपड़ों की रंगाई या धुलाई या धातु की सतह के उपचार- इलेक्ट्रोप्लेटिंग, फॉस्फेटिंग और एनोडाइजिंग आदि जैसी गतिविधियों में पानी की भारी खपत और प्रदूषण की संभावना होती है। डीपीसीसी ने प्रदूषण की क्षमता और इसकी उपचार सुविधाओं, पर्यावरण पर प्रभाव और उपचारात्मक उपायों को जानने के लिए एक पर्यावरण अध्ययन करने का फैसला किया है। ऐसी इकाइयों से निकलने वाले बहिस्राव कार्सिनोजेनिक रसायनों, रंगों और भारी धातुओं का मिश्रण होते हैं जो पानी के स्रोतों को भी प्रदूषित करते हैं

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने दिल्ली में जीन्स की रंगाई और रसायनों से धुलाई वाली डाइंग यूनिट के बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। पीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दक्षिण-पूर्व के संबंधित उप दंडाधिकारी (एसडीएम) की एक संयुक्त समिति गठित की है। इन्हें आली विहार में भीम कॉलोनी और सरिता विहार में इस तरह की इकाइयों की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

दरअसल, आली विहार विकास मंच ने आरोप लगाया है कि दक्षिण-पूर्व दिल्ली में ऐसी डाईंग यूनिट्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। करीब 50 फैक्ट्रियां काम कर रही हैं। इनके जरिए खतरनाक रसायन और जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है।

इससे न सिर्फ आबोहवा प्रदूषित हो रही है, बल्कि कॉलोनी के नाले भी जाम हो रहे हैं। ऐसे में संयुक्त समिति इस मामले की पूरी जांच करे और तथ्य ट्रिब्युनल को मुहैया कराए।

# लॉकडाउन के दौरान इधर उधर घूमने का आरोपी बरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● आरोपी को 15 मई 2021 को आजादपुर मंडी के पास बिना अनुमति के घूमते हुए पाया गया था**

अदालत ने मई 2021 में लॉकडाउन के दौरान कथित रूप से इधर-उधर घूमने वाले एक व्यक्ति को लोकसेवक के आदेश की अवमानना के आपराधिक आरोप से मुक्त कर दिया और कहा कि आरोप संदेह से परे साबित नहीं हो पाया। अदालत ने कहा कि सबूत और महत्वपूर्ण पहलुओं के विश्लेषण के आधार पर अभियोजन पक्ष के मुकदमे में कई कमियां दिखाई दीं।

अदालत राजीव नामक व्यक्ति के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिस पर शालीमार बाग के सहायक पुलिस आयुक्त के कर्फ्यू आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी को 15 मई 2021 को आजादपुर मंडी के पास कोविड-19 महामारी के प्रकोप के दौरान बिना किसी अनुमति या संतोषजनक कारण के घूमते हुए पाया गया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट नीति सूरी मिश्रा ने इस महीने की शुरूआत में उसे आरोप मुक्त कर दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 31 दिसंबर, 2022



# आठ करोड़ रुपये से अब सोहना को 24 घंटे मिल सकेगी बिजली

एन. रोहिल्ला। सोहना

**बिजली की लटकी तारों को ऊंचा करने के लिए 1 से 125 नये पोल लगेंगे**

**भिवानी की अग्रवाल ट्रेडर्स एजेंसी को 8 करोड़ रुपये में मिला ठेका**

**बिजली** निगम आठ करोड़ रुपये की लागत से शहर के अंदर लाइनों पर लटके जर्जर तार और केवल हटाएगा। आबादी क्षेत्र में मकानों की दीवारों के साथ और जमीन की और लटकी तारों को ऊंचा करने के लिए 100 से 125 नये पोल लगाए जाएंगे। ताकि बिजली की लाइनों पर ओवरलोड से किसी प्रकार का फॉल्ट न हो सके।

बिजली निगम शहरी क्षेत्र के करीब 15 हजार उपभोक्ताओं को 24 घंटा बिना कट बिजली आपूर्ति देने वाली 2018 में फेल हुई नौ करोड़ रुपये की योजना को फि र से अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी है। इस बार इस योजना को पूर्ण करने के लिए भिवानी की अग्रवाल ट्रेडर्स एजेंसी को नौ करोड़ रुपये का ठेका दिया है। इस योजना को एजेंसी 31 मार्च 2023 तक पूर्ण करेगी। ताकि अप्रैल माह से शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को बिना कट और फाल्ट 24 घंटा आपूर्ति मिल सके। एजेंसी 8 करोड़ रुपये में शहर के सभी वार्ड और कॉलोनियों में जा रही बिजली की लाइनों पर लटकी पुरानी जर्जर में तार व केवल हटाएगी। नये सिरे से केवल लगाई जाएगी। यह केवल बरसात के पानी से लेकर अधिक धूम में और ओवर लोड से पिघलेगी नहीं।


सोहना में घरों के दरवाजे पर लटकी बिजली की केवल दे रही हैं हादसों को न्योता।

**बिजली** की लाइनों पर केवल लगाने के दौरान किसी भी प्रकार से बाधा पहुंचाने वाले नागरिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा। अप्रैल 2023 से शहरी क्षेत्र में 24 घंटा बिजली की आपूर्ति उपभोक्ताओं को दी जाएगी।

**लियाकत अली**
**( एसडीओ बिजली निगम )**

**100 से 125 नये पोल लगाए जाएंगे :** शहर के अंदर पुरानी आबादी वाले क्षेत्र की तंग गलियों में, मकानों की दीवारों व छूत को छूकर जाने वाली बिजली की लाइनों को हटाया जाएगा। इसके अलावा बिजली की लाइन पर पूर्व में लगाई गई केवल को भी आवश्यकता के अनुसार बदला जाएगा। एक पोल से दूसरे पोल के बीच की दूरी को कम किया जाएगा। जिसके तहत बिजली लाइनों के बीच में जरुरत के अनुसार 100 से 125 नये पोल भी लगेंगे। जिससे बिजली की लाइनों पर होने वाले फाल्ट में कमी आएगी।

**बिजली चोरी पर लगेगी लगाम :** बिजली निगम अधिकारियों के अनुसार शहरी क्षेत्र में अभी भी 15 से 20 फीसदी लाइन पर कुंडी कनेक्शन के जरिए बिजली चोरी की जा रही है, लेकिन केवल डाले जाने के बाद से उक्त बिजली चोरी जीरो आ जाएगी। घर के अंदर लगे बिजली मीटरों को पोल पर लगाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार


फरीदाबाद के सेक्टर-16 में गुरू गोबिंद सिंह की जयंती पर आयोजित नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे।

### गुणवत्ता की जागरूकता हेतु नुक्कड़-नाटक का आयोजन

**फरीदाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो के फरीदाबाद शाखा कार्यालय द्वारा आज शुक्रवार को मानकों की महत्वत्ता के बारे आमजन को जागरुक करने हेतु मेन मार्केट एनआईटी-1 फरीदाबाद में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानक जैसे आईएसआई मार्क, हॉलमार्क, क्क्कुस ष्ट्डुह्द्ध श्श्च के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर उम्र के लोगों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। भारतीय मानक ब्यूरो भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। इसका उद्देश्य भारत वासियों को गुणवत्ता के लिए जागरूक करना है।

### विधायक नरेंद्र गुप्ता ने पीएम की माताजी को दी श्रद्धांजलि



**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने दुख व्यक्त किया। विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर शोक सभा आयोजित की गई जिसमें भाजपा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं ने भी शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पूज्य माताजी हीरा बा के स्वर्गवास की सूचना अत्यंत दुःखद है। उन्होंने कहा कि मां का व्यक्तित्व ऐसा होता है कि वह एक व्यक्ति के जीवन की पहली मित्र और गुरु होती है जिसे खोने का दुःख निःसंदेह संसार का सबसे बड़ा दुःख है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि परमपिता परमात्मा पीएम नरेंद्र मोदी को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें तथा माताजी को परमात्मा अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, मनजीत सिंह जांगड़ा जिला विस्तारक , नीरज मित्तल मंडल अध्यक्ष, वज़ीर सिंह डागर, अजीत नंबरदार, अनिल जैलदार,महेश कुमार मंडल महामंत्री, आनंद मंडल महामंत्री, सुनील कुमार,, संजय साह, प्रकाश भाटी, प्रकाशवीर नागर, शिवकुमार वशिष्ठ, विवेक खटाना, हरीश थरेजा, राम रतन गुप्ता, राज मदान, अर्चना चित्रा, नीलम तेवतिया आदि ने भी पीएम मोदी की माता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शव गृह की हालत दयनीय, मुर्दा बनी हैं महंगी मशीनें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने सुधार की मांग की**

**ज्ञापन पत्र में कहा, करीब 12 लाख की मशीनें हो रही हैं कबाड़**

**यह** जरूरी है कि जिंदा लोगों को जितनी सुविधाएं चाहिए, लेकिन मौत के बाद भी सुविधाओं की जरूरत होती है। पोस्टमार्टम के लिए शवों को शव गृह में लाया जाता है, लेकिन वहां के हालात बद से बदतर हैं। यहां एमजी रोड पर बने गुरुग्राम के शव गृह की हालत दयनीय है।

जिस प्रकार से गुरुग्राम में सरकारी अस्पताल की कमी बनी हुई है, उसी प्रकार गुरुग्राम के एक मात्र शव गृह की हालात भी दयनीय है। पिछले काफी समय से करीबन 12 लाख से ज्यादा की मशीनें वहां रखी रखी खुद मुर्दा बनती जा रही हैं। पानी की सीधी सप्लाई ना होने के कारण आज तक उन मशीनों की पैकिंग भी नहीं खुली है। काम चलाने के लिए पानी की कनेक्शन पुलिस लाइन से लिया हुआ है। जिस प्रकार से गुरुग्राम का नाम विश्व के पटल पर आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी गुरुग्राम का विकास होना चाहिए। शव गृह में सुविधाओं का अभाव है। बरसात के समय यहां कई फुट पानी जमा हो जाता है।


गुरुग्राम के शव गृह की हालत को लेकर विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन देते भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकर्ता।

शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक ईकाई भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही आग्रह किया कि वहां व्याप्त समस्याओं का समाधान शीघ्र कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि शव गृह में रखी लाखों रुपये की मशीनों को किसी दूसरे जिलों में भेज दिया जा, ताकि जनता के पैसे बर्बाद होने से बच सके। उन्होंने मांग की कि सीएसआर फंड के माध्यम से शव गृह की हालत सुधारी जा सकती है।

विधायक सुधीर सिंगला ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सम्बन्धित विभाग से बात करके जल्द से जल्द सभी सुविधाओं को दुरूस्त करवाया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा ऑटो चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत दीक्षित, नाथूपुर से रविन्द्र, प्रधानमंत्री जनकल्याण योजनाओं के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह गंगवार, सहकार भारती के जिला महामंत्री अशोक प्रधान सहित भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरुग्राम के पत्रकारों के लिए आर्टेमिस अस्पताल ने लांच किया हेल्थ प्लस कार्ड


स्थित आर्टेमिस अस्पताल में पत्रकारों को हेल्थ प्लस कार्ड वितरित करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के सार्थक प्रयासों से गुरुग्राम के पत्रकारों व उनके परिवारों के लिए सेक्टर-51 स्थित आर्टेमिस अस्पताल की ओर से हेल्थ प्लस कार्ड सेवा लांच की गई है। गुरुवार को अस्पताल के सभागार में आयोजित लॉन्चिंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व ओएसडी एवं हरियाणा हाउसिंग बोर्ड के पूर्व चेयरमैन जवाहर यादव तो विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर अमित आर्य, मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ व गुरुग्राम के सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव मौजूद रहे।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस सेवा की शुरुआत के लिए जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष संजय यादव ने आर्टेमिस अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया। साथ ही हरियाणा सरकार द्वारा पत्रकारों के हित में किए जा रहे कायोर्ं की सराहना की। इस मौके पर पत्रकारों को हेल्थ प्लस कार्ड भी वितरित किए गए। इस हेल्थ प्लस कार्ड सेवा के जरिये पत्रकारों व उनके परिवारजनों को मुफ्त ओपीडी सुविधा, मुफ्त एम्बुलेंस सुविधा आर्टेमिस अस्पताल की ओर से दी जाएगी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव ने कहा कि पत्रकारों के हित में आर्टेमिस अस्पताल का यह अच्छा और बड़ा कदम है। मीडिया विपरीत परिस्थितियों में भी मीडिया बेहतर काम करते हुए समाज को ना केवल नई दिशा दिखाता है, बल्कि समाज के मुद्दों को उठाकर आमजन का सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता नौकरी नहीं एक मिशन है। मुख्यमंत्री हरियाणा ने मीडिया एडवाइजर अमित आर्य ने कहा कि पत्रकार व डॉक्टर्स सेवा कार्य में लगे हुए है। उन्होंने सरकार की ओर से पत्रकारों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सिविल सर्जन डा. योगेंद्र यादव ने कहा कि पत्रकार समाज के आईने से कम नहीं है। पत्रकारों से हर किसी को उम्मीद होती है। अपनी आवाज उठाने के लिए लोग मीडिया का ही सराहा लेते हैं।

# सभी के लिए प्रेरणापुंज थीं माता हीरा बेन : ओमप्रकाश धनखड़

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुग्राम में पीएम मोदी की माताजी को दी श्रद्धांजलि**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन के निधन पर गुरुग्राम के प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में आयोजित शोक सभा में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि माता हीरा बेन देश को मजबूत नेतृत्व देने वाले नरेंद्र मोदी के साथ-साथ भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणापुंज थीं। शोक सभा में प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की माता को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी अपनी जीवन यात्रा पूरी करके एक अमिट छाप छोड़कर गई हैं। वो एक तपस्वी थीं। एक घरेलू महिला के रूप में अपने परिवार को संस्कार देने के रूप में, पालन पोषण में सहयोगी के रूप में और परिवार को मजबूत बनाने के रूप में वो एक प्रेरक थी। आज पूरी दुनिया में जिनके नेतृत्व का डंका बजता है उनके लिए भी और भारतीय जनता पाटीर् के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए भी, वो शालीन थी, सदाचारी थी। उनके हर व्यवहार ने करोड़ों लोगों पर अमिट छाप छोडी है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी थे, उस समय के उद्बोधन को याद करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने रोहतक में कहा था कि मातृत्व ही नेतृत्व है। मां के गुण ठीक तरह से अपना लें तो देश व दुनिया का नेतृत्व कर सकते हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने शायद यह अपनी मां से उनके गुणों को अपनाकर सीखा है। श्री धनखड़ ने कहा कि सामाजिक जीवन में आने के बाद बहुत कुछ वैल्यू को प्रधानमंत्री ने अपनाया। मां ने परिवार में उनका साथ दिया यह कोई छोटी बात नहीं है। एक बेटा असाधारण होने के साथ पूरा परिवार साधारण था, यह बहुत उंची वैल्यू है। आज प्रधानमंत्री की माता जी का संस्कार भी साधारण तरीके से हुआ है। करोड़ों कार्यकर्ताओं का भाव था कि वे भावांजलि देने पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां के निधन के बाद भी अपने सारे कार्यक्रम ज्यों की त्यों जारी रखे। प्रदेश कार्यालय में हुई शोक सभा में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, मेयर मधु आजाद, प्रदेश सचिव मनीष यादव, समय सिंह भाटी, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, प्रदेश कार्यालय सचिव सुनील कोहली, कार्यालय निर्माण प्रमुख हरविन्द्र कोहली, अनुराग बख्शी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


गुरुग्राम में पीएम नरेंद्र मोदी की माता जी को श्रद्धांजलि देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

## विधायक सुधीर सिंगला ने पीएम मोदी की माता को दी श्रद्धांजलि



**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी हीराबेन के निधन पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि माता हीराबेन जी ने सदा सादा जीवन व्यतीत किया। एक प्रधानमंत्री की मां होने के बाद भी उनका जीवन आम आदमी की तरह रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के बाद भी वे पीएम हाउस दिल्ली में नहीं आई। पूरा जीवन उन्होंने गुजरात में अपने पुश्तैनी घर में ही व्यतीत किया। जीवन के 100 साल पूरे करके सांसारिक जीवन से विदा हुई माता हीराबेन जी मजबूत रहीं। दो दिन बीमार रहने के बाद उनका सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण हुई। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि वे एक पवित्र आत्मा थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री बने बेटे नरेंद्र मोदी को भी सदा देश की सेवा का ही पाठ पढ़ाया। जब भी प्रधानमंत्री उनसे आशीर्वाद लेने जाते, माता जी उन्हें अच्छा काम करने की शाबाशी देतीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माता जी की अंतिम यात्रा में अधिक भीड़ ना आने की अपील करके भी एक मिसाल पेश की है।

# भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्टारक्स** विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. अशोक दिवाकर ने कहा कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ बनाने की कला ही शिक्षा का असली हुनर होता है। भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के हर क्षेत्र में अपने ज्ञान और हुनर का शानदार प्रदर्शन करके महारथ हासिल कर रहे हैं।

भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव का नाम उड़ान दिया गया। जिसके माध्यम से स्कूल निर्देशक द्वारा शिक्षा देने और क्षेत्र के बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने की और उठाया कदम को दर्शाया गया। इस वार्षिक महोत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति किए गए डांस से लेकर सामूहिक गायन, देशभक्ति पर आधारित गीतों के माध्यम से देश भावना को दर्शाया गया। आरबीएसएम स्कूल में शिक्षा प्राप्ति के बाद देश में नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। जिसमें मुख्य रूप से नितिन पांडे सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कार्यरत है। कीर्ति यादव ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉक्टर और खेलों की दुनिया में मुक्केबाजी में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाली यशी शर्मा ने भी इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है।


भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल में मनाए वार्षिकोत्सव के अवसर पर शानदार डांस की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

स्कूल निर्देशक भागीरथ राघव ने बताया कि शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए उन्होने स्कूल चलाने का फैसला 2002 में लेते हुए शुरूआत की थी। स्टारक्स विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. अशोक दिवाकर ने कहा कि बच्चे के अंदर छुपी कला को देखने और उसे निखारना ही गुरु का सबसे बड़ा योगदान होता है।

उन्होने कहा कि हर किसी में कुछ ना कुछ हुनर छुपा होता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे सोहना विधायक संजय सिंह ने विद्यार्थियों के हौसले और उनके अंदर की प्रतिभा को निखारने में स्थानीय स्कूल निर्देशक भागीरथ राघव द्वारा शिक्षा की जलाई गई बत्ती को फलवनत बताया। उन्होंने इस अवसर पर रखी गई दो मांगों को भी जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

# आधार कार्ड में अपडेट कराने को घंटों इंतजार करने को विवश हैं लोग

**सोहना में स्थापित तीन आधार कार्ड सेंटरों में से दो बंद हैं पिछले एक सप्ताह से**

**कहा, एसडीएम कार्यालय में बने केन्द्र पर 4 से 5 घंटा बैठने के बाद हो रहा अपडेशन**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** नागरिकों को अपने आधार कार्ड में खामियों से लेकर नया बनवाने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा रहा है। शहर में स्थापित तीन आधार कार्ड सेंटर में से दो पिछले एक सप्ताह से बंद है। जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले एक सप्ताह से नागरिकों को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने से लेकर नया आधार कार्ड बनवाने के लिए एसडीएम कार्यालय में बना केन्द्र पर 4 से 5 घंटा बैठना पड़ रहा है। जिससे ठिठुरन भरी सर्दी में छोटे बच्चे बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। जबकि एक दिन में आधार केन्द्र पर 50 से 60 नागरिकों का अपडेट से लेकर नया कार्ड बन रहा है। यहां पर एक दिन में 60 से 80 लोग आ रहे हैं। गांव सरमथला निवासी संतोष ने बताया कि वह तीन दिन से आ रही है, लेकिन यहां पर लाइन लंबी होने के कारण वह वापस चली जाती है। उसे अपना आधार कार्ड पर फ ोटो अपडेट करवाना है। राजेश का कहना है कि वह नागरिक अस्पताल में खुले केन्द्र पर पिछले तीन दिन से चक्कर लगा रहा है, लेकिन वह केन्द्र बंद ही मिलता है। यादराम का कहना है कि एक अन्य केन्द्र अज्ञात स्थान पर चल रहा है। जिसका आम नागरिकों को कुछ पता नहीं है।


एसडीएम कार्यालय में हाड़कंपाऊ सर्दी में आधार कार्ड अपडेट कराने वालों की लगी लंबी लाइन।

जिसकी तलाश करते-करते लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए आग नागरिकों की परेशानियों को जल्द से जल्द दूर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही एसडीएम से मिलकर शिकायत की जाएगी और नया केन्द्र खोलने की मांग भी की जाएगी।

# फिर एक बच्चे को 17.5 करोड़ का टीका लगवाने को आगे आया कैनविन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**स्वास्थ्य** के क्षेत्र में आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी संस्था कैनविन फाउंडेशन ने फिर एक ऐसे बच्चे के लिए 17.5 करोड़ रुपये का फंड जुटाने का गुरुग्राम समेत देश की जनता का आह्वान किया है कि बच्चे का जीवन बचाने को अपनी नेक कमाई से कुछ दान दें। पहले इस टीके की कीमत 16 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़ गई है। इससे पहले भी गुरुग्राम के अयांश नामक बच्चे को 16 करोड़ रुपये का टीका लगाने की मुहिम की शुरुआत की थी और सफलता मिली।

शुक्रवार को यहां न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन टावर में पत्रकार वार्ता में कहा कि नजफगढ़ के नंगली निवासी अमित एवं गरिमा का बेटा कनव जांगड़ा स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी (एसएमए) नामक बीमारी से पीड़ित है। यह बीमारी एक तरह से माता-पिता से ही बच्चों में आती है। बीमारी जानलेवा भी है और बीमारी का उपचार भी महंगा है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी में बच्चे की दो साल की उम्र तक एक ही टीका लगाया जाता है। इस टीके की कीमत अब 17.5 करोड़ रुपये है। हालांकि वर्तमान में इसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बढ़ चुकी है। डा. डीपी गोयल ने कहा कि क्राउड फंडिंग जुटाने वाली सोशल साइट इम्पेक्ट गुरू डॉट कॉम के माध्यम से यह रकम जुटाई जा रही है। उन्होंने गुरुग्राम समेत देश के नागरिकों से अपील की है कि वे इस नेक कार्य में अपना सहयोग दें, ताकि बच्चे का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस फंडिंग के लिए विधायकों, सांसदों, मंत्रियों को भी पत्र लिखकर डोनेशन करने का अनुरोध किया जाएगा। कैनविन फाउंडेशन आमजन की सेहत के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। गुरुग्राम में रोजाना हजारों लोग कैनविन की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

### देशवासी दान देकर कनव का जीवन बचाएं

**कैनविन** फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने भी आमजन से दान की अपील करते हुए कहा है कि कनव के माता-पिता की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इतनी बड़ी रकम का टीका खरीद सके। ऐसे में यह टीका देश के लोगों द्वारा दिए गए दान पर ही निर्भर है। क्राउड फंडिंग के जरिये यह रकम इकट्ठी होगी, जिसे टीका बनाने वाली अमेरिका की कंपनी को भेजा जाएगा। बच्चे के लिए दान की अपील करने के दौरान समाजसेवी गगन गोयल, बाली पंडित, विजय वर्मा, कर्म सिंह गिल, रामफल बंसल, जोगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


बालक कनव के लिए 17.5 करोड़ रुपये एकत्रित करने में सहयोग की अपील करते डा. डीपी गोयल, बच्चे के माता-पिता।

### हर 5000 बच्चों में एक को एसएमए : डा. जैन

**इस** बीमारी को लेकर चाइल्ड न्यूरोलॉजिस्ट डा. राकेश जैन ने बताया कि यह बीमारी हर 5000 बच्चों में से एक को होती है। बीमारी का उपचार बच्चे की उम्र से दो साल के भीतर ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेशक यह बीमारी गंभीर है, लेकिन इसका एक अच्छा प्वायंट है कि यह बच्चे के दिमाग को प्रभावित नहीं करती। सिर्फ मसल्स पर ही इसका प्रभाव पड़ता है और बच्चे का शारीरिक विकास नहीं हो पाता। वह बैठ नहीं पाता। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के लिए अगर गर्भावस्था में ही पता चल जाए सही है। मात्र दो-तीन हजार रुपये में इसकी जांच की जा सकती है। उन्होंने कहा कि 17.5 करोड़ रुपये का टीका लगने के बाद भी दवा का असर धीरे-धीरे होता है। करीब दो साल में जाकर बच्चा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो पाता है। सामाजिक कार्यकर्ता आशा गगन गोयल ने कहा कि हमारे देश में दानियों की कोई कमी नहीं है। धर्म-कर्म के नाम पर हम सब बहुत दान करते हैं। ऐसे बच्चों की बीमारी का उपचार कराने के लिए भी दानियों को आगे आना चाहिए, ताकि इनका जीवन बचाया जा सके। कनव के उपचार के लिए 100-100 रुपये का भी सहयोग देंगे तो भी इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### कनव के माता-पिता की भावुक अपील

**बच्चे** के माता-पिता अमित एवं गरिमा ने कनव का जीवन बचाने के लिए भावुक अपील करते हुए देशवासियों को दान देने का निवेदन किया है। उन्होंने बताया कि अभी तक क्राउड फंडिंग के जरिये 75 लाख रुपये इकट्ठे हो चुके हैं। इम्पेक्ट गुरू डॉट कॉम पर ऑनलाइन इसकी जांच भी की जा सकती है। जो भी कोई व्यक्ति डोनेशन करता है, उसका ब्यौरा इस पर उपलब्ध होता है। उन्होंने गुहार लगाई है कि कनव का जीवन बचाने के लिए अपनी नेक कमाई में से दान करें।

# आज भी बच्चे गोद लेने की प्रक्रिया को जटिल मानते हैं लोग

कविता। फरीदाबाद

**गत 23** दिसंबर की रात को सेक्टर-सात लाल क्वाटरों के निकट पॉलिथीन में गेट पर लटकी मिली बच्ची को लेने के लिए कई परिवार पुलिस से सम्पर्क कर रहे है। वहीं पुलिस थाने के इंचार्ज स्वयं दो लड़के के होते हुए बच्ची को गोद लेना चाहते है। लेकिन प्रोसेस सुनते ही सब मन मसोस कर बैठ जाते है। बच्चा फेंकने वालों का अभी तक पता नहीं चला है। मामले की जांच सीआइए कर रही है।

वहीं बच्ची को गोद लेने वालो के फोन लगातार पुलिस को आ रहे है। इस विषय में सेक्टर-आठ थाना इंचार्ज नवीन ने बताया कि लोगों के लगातार बच्ची को लेने के लिए फोन आ रहे हैं।

### गोद लेने के संशोधित अधिनियम के लागू होने पर जागरूक नहीं हैं लोग





**ऐसे मिली बच्ची :** सेक्टर-सात ई में रहने वाली सुमन ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां की मौत पर अलीगढ़ गई थी। 23 दिसंबर की रात को लौटी, तो एक बच्ची के रोने की आवाज सुनकर देख तो पॉलीथिन में एक बच्ची गेट के निकट बंधी थी। जन्म के तुरंत बाद बच्ची को फैंका गया था। पॉलीथिन से निकाला तो बच्ची का शरीर ठंडा था। पुलिस की मदद से बच्ची को बीके में भर्ती करवाया। लेकिन अब इलाज के बाद बच्ची बिल्कुल ठीक है।

**जारी है आदेश :** हर कोई चाहता है कि उनके घर में एक बच्चा जरूर हो। कई कपल्स ऐसे भी हैं, जो बायलॉजिकल तरीके से बच्चे पैदा नहीं कर पाते। वे बच्चा गोद लेने की योजना बनाते हैं। लेकिन भारत में बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि उसे पूरा करने और बच्चा मिलने में 2 से 5 साल का समय लग जाता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रोसेस को सरल बनाए जाने की मांग पर एक आदेश जारी किया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एक सितंबर, 2022 से बच्चों की देखभाल और गोद लेने से संबंधित मुद्दों पर जिला मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की भूमिका बढ़ाने से संबंधित संशोधित कानून लागू हो गया है। अब स्थानीय कोर्ट के बजाय जिला मजिस्ट्रेट बच्चा गोद लेने के आदेश दे सकते हैं। दरअसल सरकार ने बच्चों की देखभाल और न्याय संबंधी संशोधन विधेयक, 2021 को मॉनसून सत्र में पारित किया गया। राष्ट्रपति की मुहर लगने पर अधिनियम एक सितंबर से लागू हो गया।

**नहीं हैं जागरूक :** संशोधित अधिनियम की जानकारी से अनेक लोग जागरूक नहीं हैं, लेकिन लोग आज भी बच्चों को गोद लेने की जटिल प्रक्रिया को ही मानते हैं। जिससे लोग पीछे हट जाते हैं। लेकिन यदि लोग इस नए संशोधित अधिनियम के प्रति जागरूक हो जाते हैं तो अनाथ बच्चों को गोद लेने की संख्या में सुधार हो सकेगा।

# नववर्ष पर हुड़दंगबाजों से निपटने को तैनात रहेंगे दो हजार पुलिस कर्मचारी

### पुलिस आयुक्त ने दी शहरवासियों को नववर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं

### कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ की जाएगी सख्त कानूनी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने वर्ष 2022 की विदाई और नए साल 2023 के आगमन पर शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने नववर्ष को हर्षोल्लास और शांति पूर्वक तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि नव वर्ष को अपने परिजनों के साथ धूमधाम से मनाएं और समाज में शांति बनाए रखने में अपना सहयोग दें। नए साल में नए लक्ष्यों को निर्धारित करके उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें और अपने साथियों को भी सही राह दिखाकर उनकी जिंदगी में नए रंग बिखेरने की कोशिश करें।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नववर्ष के आगमन पर शहर में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सभी डीसीपी एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित करके इसके बारे में विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होने बताया कि 31 दिसंबर शनिवार की रात को नव वर्ष के उपलक्ष्य में लगी सभी कानून व्यवस्था ड्यूटी पूरी रात जारी रहेगी। सभी पुलिस उपायुक्त व सभी सहायक पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद अपने-अपने क्षेत्र में गस्त में रहकर कानून व्यवस्था एवं शान्ति बनाए रखेंगे व पुलिस उपायुक्त, यातायात व प्रबन्धक थाना यातायात, यातायात को सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करेंगे।

कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए शहर में 2,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। नव वर्ष पर हुड़दंगबाजों एवं शरारती तत्वों से निपटने व शहर में कानून एवं शांति व्यव्स्था बनाए रखने के लिए ईआरवी, पीसीआर, राइडर एवं सभी जोनों में नाके लगाकर सख्ती से चैकिंग की जाएगी है। नव वर्ष के उपलक्ष्य में लोग शराब का सेवन करके शराब के नशे में गाड़ी चलाते है जिससे दुर्घटना होने की संभावना अधिक हो जाती है। यातायात निरीक्षक व सभी प्रबन्धक थाना अपने-अपने इलाका में चैकिंग करेंगे और नशे की हालत मे वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करेंगे। कही पर किसी भी समारोह में छेड़छाड़ व छीना झपटी ना हो इसके लिए प्रत्येक प्रबन्धक थाना महिला पुलिसकर्मियों को सम्मलित करके टीमे बनाएंगे तथा आबकारी अधिनियम के अनुसार होटलों, ठेको, रैस्टोरेंट इत्यादि पर विशेष ध्यान रखेगें कि किसी भी होटलों, ठेकों, रेस्टोरेंट आदि में शराब सर्व/बिक्री ना हो।

मॉल्स, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मुख्य मार्केट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्टी हॉल, चिन्हित चौक चौराहों के पास शाम 6 बजे से 60 से अधिक पुलिस नाके लगाकर अपराधी किस्म के व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिसकर्मीयों एवं फरीदाबाद वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष आपको सारी खुशियां दे और आपके सभी सपने पूरे हों। फरीदाबाद पुलिस सदैव आपके साथ है।

# पत्नी को चूल्हे में डालकर हत्या करने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के निर्देश एवं एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने हत्या के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम पिंकू है जो यूपी के बुलंदशहर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ अगस्त 2021 में बीपीटीपी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने अपनी पत्नी कल्पना की हत्या की थी। कल्पना की शादी आरोपी पिंकू के साथ करीब 6 वर्ष पहले हुई थी। पति पत्नी दोनों फरीदाबाद के खेड़ी कला गांव में भट्टे पर दिहाड़ी मजदूरी का काम करते थे। आरोपी को शराब पीने की आदत थी और वह दिन रात शराब पीता था और उसकी पत्नी उसे शराब पीने से रोकती थी जिसकी वजह से उनका बार-बार झगड़ा होता था। 6 अगस्त 2021 को सुबह 7.00 बजे जब कल्पना खाना बना रही थी तो उसका पति शराब पी रहा था। जब उसने अपने पति को शराब पीने से मना किया तो आरोपी को गुस्सा आ गया और उसने कल्पना का सिर पकड़कर चूल्हे की जलती आग में डाल दिया। जिससे कल्पना का चेहरा जल गया। आरोपी यहां भी नहीं रुका और उसके पश्चात उसने गरम दाल कल्पना के



मुंह पर फेंक दी। जिससे उसका चेहरा और गर्दन और ज्यादा जल गई। इसके पश्चात आरोपी ने उसे धमकी दी कि अगली बार उसने ऐसा किया तो उसे जान से मार देगा।

महिला के परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया जहां कुछ दिन पश्चात इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने कई स्थानों पर रेड डाली परंतु आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए हरियाणा, दिल्ली, यूपी, राजस्थान, पंजाब इत्यादि स्थानों पर जगह बदल बदलकर रहने लगा। आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस विभाग की तरफ से करीब 6 महीने पहले आरोपी पर 5000 का इनाम रखा गया था। दो दिन पहले पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की आरोपी फरीदाबाद आया हुआ है। पुलिस टीम ने आरोपी को बीपीटीपी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# कोरोना के बाद थकान को नजरअंदाज न करें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डॉ. पवन खरबंदा

**देशभर** में कोरोना वायरस की नए वैरिएंट की आहट से लोग परेशान है। वहीं कई लोग कोरोना संक्रमित हो रहे हैं। हालांकि, हर दिन कोरोना को मात देकर घर लौटने वाले मरीजों की संख्या भी अच्छी-खासी है। लेकिन इन लोगों में कई तरह की दिक्कतें भी देखी जा रही है। ऐसे में पोस्ट कोविड के लक्षणों को नजरअंदाज करने की गलती बिल्कुल भी न करें। लोगों को ठीक होने के बाद थकान के अलावा कुछ और भी ऐसी तकलीफ हैं, जो हो रही हैं। कोरोना संक्रमण के बाद ठीक हुए लोगों में कमजोरी और जल्दी थकावट की समस्या देखने को मिल रही है। डॉक्टरों का कहना है कि लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समस्या बढ़ने पर डॉक्टर से जरूर मिलें। मेट्रो अस्पताल के फिजीशियन डॉ. पवन खरबंदा का कहना है कि कोरोना से ठीक होने के बाद थकान और अन्य समस्याओं के चलते शख्स के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ने का खतरा होता है। ऐसे में अगर लक्षण लंबे समय तक मरीज में दिखाई दे तो उसे डॉक्टर से जितनी जल्द हो सके संपर्क करना चाहिए। रिकवरी के दौरान खाने-पीने का विशेष ख्याल रखें। प्रोटीन और हरी सब्जियां ज्यादा मात्रा में ले। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बीमारी में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर हो जाती है। थोड़े-थोड़े समय पर खाते रहें और पानी सही मात्रा में पीएं। खाना-पान में ढिलाई बरतने पर और अधिक कमजोरी आ जाती है। ठीक होने के कुछ दिन बाद तक (कम से कम 15-30 दिन) ऑक्सीजन, बुखार, ब्लड प्रेशर और शुगर मॉनिटर जरूर करें। नींद जरूर लें और जहां तक संभव हो आराम करें। कुछ दिनों के बाद जबतक पूरी तरह ठीक महसूस न हो डॉक्टर से फॉलो-अप चेकअप जरूर कराएं। अगर आपके सीने में किसी तरह का कोई दर्द हो रहा है, तो इसे हल्के में लेने की भूल न करें।

## क्रिकेटर ऋषभ पंत की मदद वाले चालक और परिचालक होंगे सम्मानित

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरिद्वार से पानीपत आ रही हरियाणा रोडवेज की बस के चालक और परिचालक ने बचाई भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की जान बचाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने मौके पर पुलिस और एंबुलेंस को बुलाकर भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अस्पताल पहुंचाया है।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी समय-समय पर लोगों की मुसीबत के समय मदद करते हैं। साथ ही कई बार बस में कीमती सामान रह जाने पर भी ईमानदारी का परिचय देकर उन्हें उनके मालिक तक पहुंचाते है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि ऐसे सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि जब भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की गाड़ी एक्सीडेंट हुई। उसी समय पीछे से हरियाणा रोडवेज की हरिद्वार से पानीपत आ रही थी।

# हीरा बेन का जाना असहनीय और अपूर्णीय क्षति : राजन मुथरेजा

### अटल कमल कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूरे** देश में आज शोक की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपनी मां को खो दिया । जिसके बाद पूरे देश में शोक में डूब गया। खबर सुनते ही फरीदाबाद के सेक्टर-15 अटल कमल भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बीजेपी कार्यकर्ताओं की भीड़ एकत्रित होने लगी। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित शोक सभा में शामिल होकर लोगो ने दो मिनट का मोन रखते हुए स्वर्गीय मां हीराबेन जी के फोटो पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने



कहा की मां की जगह दुनिया में कोई नहीं ले सकता है. दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मां हीरा बेनजी का निधन काफी दु:खद है मां का निधन असहनीय और अपूर्णीय क्षति होता है. मां का स्थान दुनिया में कोई नहीं ले सकता। शोक सभा में शामिल भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने कहा की %प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदीजी की मां श्रीमती हीरा बेन के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करे। मां हीरा बा देश की प्रेरणा स्रोत रही हैं। कठिन परिस्थितियों में मोदी जी को पाला पोसा और इस योग्य बनाया की वे भारत ही नहीं बल्कि विश्व का नेतृत्व करें। वो सबकी माता जी थी. हम सभी मर्माहत हैं. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और स्वर्ग में स्थान दें। शोकसभा में मूलचंद मित्तल आर एन सिंह, हरिंदर भड़ाना, अनिल नागर, लखमीचंद भारद्वाज , पंकज रामपल, सुखबीर मलेरना, सचिन गुप्ता, राज वर्मा सहित काफी संख्या में कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी माता हीराबेन को श्रद्धांजलि

प्रवीन शर्मा। फ़रीदाबाद

**देश** के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी हीराबेन मोदी के दुखद निधन पर भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय अटल कमल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मौन धारण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आरएन सिंह, जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, मान सिंह, संजीव भाटी, बिजेन्द्र नेहरा, पंकज रामपाल, लख्मीचंद भारद्वाज, जिला कार्यकारिणी सदस्य टिपर चन्द शर्मा, जिला सचिव हरेन्द्र भड़ाना, कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, सचिन गुप्ता, राज मदान, भगवान सिंह, सुखबीर मलेरना, नरेश नम्बरदार, पंकज सिंगला, नरेन्द्र जैन, हरीश मंगला, राजपाल तंवर व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सेक्टर 15 स्थित बीजेपी कार्यालय में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के निधन के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेते बीजेपी कार्यकर्त्ता।

इस सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने हीराबेन के विषय में अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता का स्वास्थ्य ख़राब चल रहा था उनको बुधवार को यूएन मेहता हार्ट अस्पताल में भर्ती करवाया गया था । वहां उनका ईलाज चल रहा था परन्तु शुक्रवार की सुबह उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली और हम सभी को छोड़ कर परलोक गमन कर गईं हैं। माता का जन्म 1923 में हुआ था । वह गुजरात के गांधीनगर में रहती थी उनके पांच बेटे और एक बेटी है। उनके पति दामोदर दास मूलचन्द मोदी पहले ही उन्हें छोड़कर चले गए थे और अब उन्होंने 100 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल ने बताया कि ये माता हीराबेन के ही दिए संस्कार थे जिनकी बदौलत उनके बेटे ने बुलंदियों को छुआ,विस्व के सबसे सम्मानित नेता बने और देश विदेश में अपनी व अपने देश की पहचान कायम की। भारत वर्ष में माताओं ने सदेव अपने निष्काम कर्म, तप, त्याग और संघर्षों की पराकाष्ठा से जूझ कर राष्ट्र निर्माण,राष्ट्र के उत्कर्ष को, राष्ट्र की संस्कृति को सर्वोच्च शिखर तक ले जाने वाले शूरवीर और वीरांगनाओं को अपनी कोख से पैदा किया।

भाजपा जिला महामंत्री आरएन सिंह ने बताया कि जिसने लोक तंत्र के सर्वोच्च शिखर पर आसीन रहते हुए, तमाम राजनीतिक झंझावतों और कंटक पथ में भी मां के चरणों और उनके दामन का स्पर्श पाने के पुत्र प्रेम और मातृ कर्तव्य को कभी विस्मृत नहीं किया। हीरा बेन ने ऐसे दिव्य पुत्र को जन्मदिया था । मां के पास जाते ही सदेव देश के प्रधानमंत्री एक मां के वही बाल स्वरूप पुत्र के रूप में नजर आते थे ।

# डीएवी स्कूल ने मनाया रजत जयंती समारोह

**फरीदाबाद।** सेक्टर-37 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ने अपने 25 साल पूरे होने पर रजत जयंती समारोह मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की मैनेजर चित्रा नाकरा और वी.के चोपड़ा ने शिरकत की। वहीं, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में डीएवी स्कूल सेक्टर-49 सैनिक कॉलोनी के क्लस्टर हेड बीके दास ने समारोह में पहुंचकर समारोह की शोभा बढ़ाई।

समारोह में डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति जगोता ने सभी अतिथियों का स्वागत शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर किया। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद बच्चों ने प्रेजेंटेशन, इंट्रोडक्शन और वेलकम के साथ समारोह की शुरुआत की। समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। समारोह में आई मुख्य अतिथि




चित्रा नाकरा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा जो भी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया, वह काबिले तारीफ है। आज अन्य छात्र-छात्राओं को भी अपनी प्रतिभा को अग्रसर करने के लिए ऐसे समारोह में भाग लेना चाहिए। उन्होंने अध्यापकों के लिए चार पंक्तियां पढ़कर समारोह में चार चांद लगा दिए। वहीं डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति जगोता ने कहा कि समारोह में डीएवी स्कूल ने अपने एलुमनाई बच्चों को भी बुलाया है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को चाहिए कि पढ़ाई के साथ-साथ वह अन्य कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए आगे रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृता हॉस्पिटल के मेला में महिलाओं ने लगाए स्टॉल



**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल में संकल्प मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में अमृता विश्वविद्यापीठम द्वारा फरीदाबाद के आसपास के 10 गांव की ट्रेंड की गईं महिलाओं ने स्टॉल लगाए। अमृता विश्वविद्यापीठम और कौशल विकास मंत्रालय की इस पहल के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सिलाई और कढ़ाई-बुनाई की ट्रेनिंग दी है। इस कार्यक्रम में लगभग 240 महिलाएं शामिल हुईं। इन महिलाओं ने हाथ से बनाए हुए सामान की प्रदर्शनी लगाई, जिसमें स्वेटर, साज सजावट के सामान से लेकर गुड़िया, पायदान समेत कई अन्य चीजें शामिल थीं। इन 11 सेंटर्स में एक अमृता हॉस्पिटल के जीडीए स्टाफ का ट्रेनिंग सेंटर भी शामिल है। जिसमें करीब 70 जीडीए स्टाफ को नर्सिंग असिसटेंस के लिए ट्रेन किया गया। इन गांव की लिस्ट में पलवली, नचौली, भूपानी, गढ़खेड़ा, तिगांव, भैंसरावली, अरुआ, खेड़ी कला और खेड़ी खुर्द जैसे गांव शामिल हैं। अमृता विश्वविद्यापीठम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यापीठम ने दो हजार महिलाओं को शिक्षित कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने का संकल्प उठाया है। इसमें से अबतक लगभग 600 महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

### हरियाणा के खेल मंत्री को किया जाए गिरफ्तार : भड़ाना

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने हरियाणा सरकार के खेल मंत्री संदीप सिंह की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए उनको बर्खास्त किए जाने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि हरियाणा सरकार के खेल मंत्री संदीप सिंह पर एक युवती के साथ छेडखानी के आरोप लगे हैं। इस पर धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि सरकार के लिए शर्म की बात है। एक तरफ तो हरियाणा सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की मांग करती है, वहीं हरियाणा सरकार में बैठे मंत्री प्रदेश की बेटियों के साथ इस प्रकार की शर्मनाक हरकत करने से नहीं चूकते। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी भाजपा के ही प्रदेश अध्यक्ष रहे सुभाष बराला के बेटे ने एक लड़की को उठाने का प्रयास किया था। आज फिर हरियाणा सरकार के एक मंत्री ने एक बेटी को अपने ऑफिस में बुलाकर जबरन अवैध संबंध बनाने की कोशिश की। मगर, बड़े शर्म की बात है कि प्रदेश के ईमान मुख्यमंत्री ने यहां भी न्याय नहीं किया और बेटी को न्याय दिलाने की बजाय दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि महिला को इंसाफ नहीं मिल रहा है और उसे धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा की बेटी को न्याय नहीं मिला और खेल मंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया तो, आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरेगी और गिरफ्तारी की मांग करेगी।

### पांच हजार का इनामी गांजा तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बिजेंद्र है जो मुजेड़ी गांव का रहने वाला है। 15 मई 2022 को फरीदाबाद पुलिस ने आरोपी के साथी रोहित को गाड़ी में 52 किलोग्राम अवैध गांजे सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना धौज में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पुलिस पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उस दिन आरोपी रोहित के साथ आरोपी बिजेंद्र भी था परंतु वह मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था।

### सीएम फ्लाइंग ने किया सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ओम इन्कलेव इस्माइलपुर पुलिस चौकी नवीन नगर फरीदाबाद के एक टीन नुमा कमरे में लोगो को ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर सट्टा खिलाया जाता है। यदि अचानक रेड की जाए तो सट्टा खिलाने वाले काबू आ सकते हैं। इस सूचना के आधार पर सतबीर सिंह सब इंस्पेक्टर व एएसआई शिव कुमार द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ ओम इन्कलेव इस्माइलपुर में रेड की। मौका पर 3 व्यक्ति मेज टेबल लगाकर लोगो के नम्बर लिख रहे थे व नम्बरों व निशानों के आधार पर पैसे लगाकर सट्टा खिला रहे थे। जो मौका पर राहुल पुत्र धनीराम निवासी गगन विहार दिल्ली, दुर्गेश पुत्र अशोक निवासी ओम नगर मीठापुर व सुरेश पुत्र सुशील निवासी नवीन नगर फरीदाबाद को नम्बर लिखते हुए काबू किया गया। मौका पर उनसे नम्बर लिखने का बोर्ड, पर्चियां, रजिस्टर व लोगो द्वारा सट्टेबाजी के लिए लगाये गए 5670 रुपये बरामद किये गए। जिस सम्बंध में स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अभियोग अंकित किया गया है।

### एडीसी ने की कलेक्टर रेटों के दावे व आपत्ति की समीक्षा

**फरीदाबाद।** एडीसी कम सहायक जिलाधीश अपराजिता की अध्यक्षता में फरीदाबाद के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जो कि आगामी 01 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 की अवधि तक के लिए ड्राफ्ट किए गए हैं बारे समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला फरीदाबाद के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जो कि जिला फरीदाबाद की वेबसाइट ***Faridabad.nic.in*** पर आम जनता से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए अपलोड कर दिए गए हैं की बारीकी से समीक्षा की गई।आपको बता दें जिलाधीश विक्रम सिंह ने फरीदाबाद की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी आपत्ति या सुझाव प्रस्तावित कलेक्ट्रेट पर देना चाहता है, तो वह आज 30 दिसंबर 2022 तक डीसी कार्यालय में लिखित में दे सकता है। कुछ लोगों ने लिखित में दावे और आपत्ति आज भी दर्ज करवाई गई थी। उनके सुझाव साँझ किए गए। दावे और आपत्ति यूआरएल पोर्टल और ईमेल के माध्यम से भी लिए गए थे। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया डीआरओ बिजेन्द्र राणा डीडीपीओ राकेश मोर सहित जिला के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार तथा बैठक से जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### अलग-अलग मुकदमों में दो चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी के दो अलग-अलग मुकदमों में दो आरोपी चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज तथा नीरज का नाम शामिल है। आरोपी सूरज फरीदाबाद ओल्ड तथा आरोपी नीरज खेड़ीपुल एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से काबू कर लिया। आरोपी सूरज के कब्जे से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तथा आरोपी नीरज के कब्जे से एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सूरज ने 1 साल पहले कोतवाली तथा नीरज ने यह स्कूटी 4 महीने पहले खेड़ीपुल एरिया से चोरी की थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नीरज नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### चोरी की फिराक में घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गुरमीत सिंह है जो राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को बस स्टैंड बल्लभगढ़ से अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने सिटी बल्लभगढ़ थाने में उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# राहुल की सुरक्षा

## अनावश्यक राजनीति

**खबर** है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में सेंध लगी, लेकिन इसे राजनीति का विषय नहीं बनाना चाहिए। कुछ चीजें विवाद व राजनीतिक बहस से अलग होती हैं, जिनमें से एक सर्वोच्च नेताओं की व्यक्तिगत सुरक्षा है। लेकिन दु:ख की बात है कि वर्तमान ध्रुवीकरण वाले समय में सारी चीजें अनावश्यक रूप से 'राजनीति' का विषय बन जाती हैं। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा में उस समय गलती की जब 'भारत जोड़ो यात्रा' राष्ट्रीय राजधानी से गुजर रही थी। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने यह इच्छा भी प्रकट की है कि यात्रा के पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में रहने के दौरान राहुल गांधी की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए जिनको जेड प्लस सुरक्षा का अधिकार है। सवाल है कि इस बारे में कांग्रेस तथा गृह मंत्री के बीच संवाद निजी क्यों नहीं रह सकता था? सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि इसे सार्वजनिक क्यों किया गया? हालांकि, जैसी कि उम्मीद थी, इस प्रकरण पर केन्दीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ ने भी अपनी प्रतिक्रिया सार्वजनिक कर दी। केन्द्रीय अर्धसैनिक बल ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने सुरक्षा व्यवहारों का उस समय उल्लंघन किया जब यात्रा दिल्ली में थी। सीआरपीएफ का दावा है कि उसने सभी सुरक्षा निर्देशों का पालन किया है। वैसे इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सुरक्षा निर्देशों का समुचित पालन तभी हो सकता है जब सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति अपने लिए निर्धारित नियमों व निर्देशों का अनुसरण करे। सीआरपीएफ ने कहा है कि राहुल गांधी ने अनेक अवसरों पर इनका उल्लंघन किया। वास्तव में केन्द्रीय बल ने कहा है कि 2020 से राहुल गांधी ने 113 बार निर्देशों का उल्लंघन किया और उनको इसकी समुचित सूचना दी गई। यदि यह बात सही है तो कांग्रेस के सर्वोच्च नेताओं को यही सलाह दी जानी चाहिए कि वे अर्धसैनिक बल पर निशाना लगाने के बजाय राहुल गांधी को नियमों व निर्देशों के पालन की सलाह दें।



सुरक्षा में सेंध लग सकती है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनवरी में पंजाब यात्रा के समय हुआ था। सुरक्षा में सेंध लगने की इन घटनाओं की समुचित जांच कर जिम्मेदार लोगों को दंड दिया जाना चाहिए। वैसे भी ऐसे मुद्दों का प्रयोग राजनीतिक लाभ उठाने के लिए नहीं होना चाहिए। लेकिन राजनेता इन संवेदनशील मुद्दों की ज्यादा चिन्ता नहीं करते हैं। जनवरी में भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई ने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस सरकार की खिंचाई करते हुए जोर देकर कहा था कि बिना मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अनुमति के 'सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक' संभव नहीं थी। मामले की जांच करने वाली जस्टिस इंदु मल्होत्रा समिति ने कहा था कि तत्कालीन वरिष्ठ जिला पुलिस सुपरिंटेंडेंट हरमनदीप सिंह अपना दायित्व निभाने में विफल रहे। हालांकि, आरोप लगने के बावजूद समिति ने मुख्यमंत्री की भूमिका पर कुछ नहीं कहा था। अब कांग्रेस सीआरपीएफ पर लापरवाही का आरोप लगा रही है जबकि इस अर्धसैनिक बल के जवान और अधिकारी अपनी जान देकर भी राजनेताओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। समस्या यह है कि हमारे नेता जनता के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित करने के लिए अक्सर सुरक्षा अधिकारियों की विशेषज्ञ सलाह की अनदेखी करते हैं। यदि इसके कारण सुरक्षा में कोई चूक होती है तो इसका दोषी सुरक्षा बल के बजाय सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को ही ठहराया जाना चाहिए। समस्या यह है कि अपने प्रतिद्वंद्वियों को परेशान करने या उनसे आगे निकलने की होड़ में अनेक राजनेता सभ्य विमर्श को तिलांजलि दे देते हैं। कुछ राजनेता अक्सर ऐसा करते रहते हैं। राहुल गांधी की सुरक्षा में सेंध भी ऐसा ही मामला है।

# जी-20 में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

**वैश्विक महामारी से सीखे गए सबकों से यह संदेश स्पष्ट है कि विकास हेतु सभी देशों को एक दूसरे की आवश्यकता है।**



**कमल नारायण उमर**
(लेखक, लेखक आईएचडब्लू कौसिंल के सीईओ हैं)



वैश्विक महामारी तथा विभिन्न देशों के बीच प्रतिद्वंद्विताओं से पीड़ित दुनिया को परस्पर सद्भाव की अत्यन्त आवश्यकता है जो भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम' से ही संभव है। जी20 की अध्यक्षता मिलने के बाद दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत एक बार फिर विश्व राजनय के केन्द्र में आ गया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जी20 का एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्योन्मुख व निर्णायक तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन पर आधारित होगा। कोविड–पश्चात दुनिया के परिप्रेक्ष्य में देखें तो टिकाऊ व दृढ़ परिस्थितिकी तंत्रों के विकास से वैश्विक महामारी के प्रभाव दूर किए जा सकते हैं। शांतिपूर्ण व सकारात्मक राजनीतिक परिवेश बनाना वर्तमान समय में सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन पिछले साल सदस्य देशों के बीच अनेक भू–राजनीतिक तनाव पैदा हुए जिससे न केवल आर्थिक विकास का एजेंडा ठहर सा गया, बल्कि इसके परिणामस्वरूप अनेक देशों की आर्थिक प्रगति प्रभावित हुई तथा खाद्य व ऊर्जा संकट भी पैदा हुआ।

भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के शब्दों में, जी20 के आतिथेय देश के रूप में भारत का कार्यकाल तीन मुद्दों–कोविड, जलवायु परिवर्तन व टकराव से निपटने पर ध्यान देगा। भारत अगले साल जी20 अध्यक्ष के रूप में उसके एजेंडे पर ध्यान देगा तब उसका ध्यान वैश्विक दक्षिण में आर्थिक प्रगति के लिए शांति व समृद्धि पर होगा। जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करते व 2023 की थीम 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' को स्वीकार करते समय प्रधानमंत्री की स्वीकृति भाषण से यह पूरी तरह स्पष्ट है। उन्होंने विभिन्न देशों के बीच परस्पर समझदारी व एकजुटता पर जोर दिया।

दुनिया के सामने मौजूद वर्तमान संकटों से निपटने के लिए यह आवश्यक है कि सभी मानवीय संकटों को समग्र रूप से संबोधित करने हेतु एक सद्भावनापूर्ण परिवेश बनाया जाए। इसके लिए सभी देशों को एक साझा मंच पर लाना होगा। प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सहमति बनाने से तनाव घटाने तथा आर्थिक सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे एक नई विश्व व्यवस्था व बेहतर भविष्य का निर्माण हो सकता है। इसके साथ ही 2023 में सम्मानित जी20 की अध्यक्षता करते समय भारत को एक विचार प्रक्रिया विकसित करनी होगी। बाली में रूस व यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए।' सदस्य देशों ने इस भावना से एकजुटता प्रकट की। जी20 देशों ने 2022 के समापन सत्र में प्रधानमंत्री मोदी का संदेश स्वीकार किया। अधिकांश देशों को उम्मीद है कि भारत बंधुत्व व वैश्विक एकजुटता की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण क्षेत्र में शांति व सद्भावना स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भारतीय प्रधानमंत्री की जी20 के अधिकांश सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों से निकट मित्रता को देखते हुए उम्मीद है कि भारत क्षेत्र में शांति स्थापना में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

यह कोई छिपी बात नहीं है कि वैश्विक महामारी के कारण पैदा समस्याओं व अव्यवस्था का सामना करने के लिए दुनिया को टिकाऊ प्रयासों की जरूरत है ताकि बेहतर परिस्थितियां तैयार हों। इससे विभिन्न देशों के बीच शांतिपूर्ण परिवेश बनाने में सहायता मिलेगी जो महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर सहमति बनाने की पूर्वशर्त है। इसके लिए आक्रमण व शत्रुता के बजाय संवाद व राजनय को बढ़ावा मिलना चाहिए। वर्तमान समय में भारत की विशिष्ट रणनीतिक स्थिति है और भारत सरकार के सामने अभूतपूर्व राजनयिक अवसर उपलब्ध हैं। सरकार टकरावों के समाधान तथा मानवजाति के समक्ष मौजूद अन्य खतरों का सामना करने के लिए विश्व नेता की अपनी स्थिति का लाभ उठाना चाहती है जिनमें आर्थिक सुस्ती तथा खाद्य व ऊर्जा संकट शामिल हैं। भारत एसडीजी के अंतर्गत प्रगति के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है और व्यापक मानवीय स्वास्थ्य, बेहतरी व प्रगति में अपना योगदान करना चाहता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी सबका परिचय भारत की परंपरागत संस्कृति व भारतीय सोच से कराना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी वैश्विक लोकप्रियता व करिश्मे का लाभ उठाते हुए दुनिया को बेहतर व सद्भावनापूर्ण संसार बनाने का वैकल्पिक मार्ग दिखाया है। जी20 की अध्यक्षता से मिले इस अवसर का समुचित प्रयोग सबकी बेहतरी के लिए शांति व समझदारी के विकास के लिए हो सकता है। दुनिया के एक बड़े परिवार की अवधारणा का पूरी भावना व कार्यों से सम्मान होना चाहिए। जी20 से दिखना चाहिए कि भारत एक नई विश्व व्यवस्था के पक्ष में है जहां मुख्य दृष्टिकोण मानवता व संपूर्ण मानवजाति का विकास सांस्कृतिक आधार हो जिससे सबको लाभ मिल सके। निसंदेह जी20 में भारत की अध्यक्षता का कार्यकाल मूलत: आर्थिक विकास तथा ऊर्जा व खाद्य संकट से जुड़ा होगा। लेकिन विश्व समुदाय के सामने आई इन समस्याओं के समाधान के लिए दुनिया के सभी देशों को एक मंच पर लाना होगा।

इसके साथ ही उसे सबके लिए ज्यादा समृद्धि पैदा करने वाला एक सामूहिक एजेंडा बनाने की रणनीति तैयार करनी होगी। उल्लेखनीय है कि मानवजाति के लिए टिकाऊ लाभदायक परिणाम देने वाला एजेंडा बनाने के सतत प्रयास करने होंगे। यह उस समय तक संभव नहीं है जब तक शांतिपूर्ण परिवेश व वैश्विक सहयोग सुनिश्चित न हो। यह पूर्णत: स्पष्ट है कि भारत सरकार ने वैश्विक सद्भावना का महत्व अच्छी तरह समझ लिया है।

सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जी20 की अध्यक्षता के माध्यम से यही भावना प्रकट हो। जी20 सदस्य देश विश्व जनसंख्या के 60 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं, वैश्विक जीडीपी में उनका हिस्सा 85 प्रतिशत है तथा वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में 75 प्रतिशत सहभागी हैं। इसलिए चर्चा में आर्थिक विनियमनों व नीतियों को काफी स्थान मिलेगा। यह कोई गोपनीय बात नहीं है कि जी20 एजेंडे में महत्वपूर्ण संकेतक अपरिहार्य रूप से सबके बीच परस्पर सहयोग व साझा सामंजस्य होंगे। इनके बिना सच्ची आर्थिक या सामाजिक प्रगति संभव नहीं है। भारत को अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में यह सुनिश्चित करने के प्रयास करने होंगे कि दुनिया को उसके राजनयिक कौशल का परिचय प्राप्त हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि भू–राजनीतिक संकट मानवीय संकट का कारण न बनें तथा मुद्दों का समाधान परस्पर समझदारी से हो। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दौरान सीखे सबकों का प्रयोग अवसरों के रूप में होना चाहिए। इससे यह संदेश जाना चाहिए कि अपनी गरीब जनसंख्या के हितों की सुरक्षा तथा भविष्य में मानवीय संकटों से निपटने के लिए विभिन्न देशों को एक दूसरे की सहायता करनी होगी। टिकाऊ विकास लक्ष्य–एसडीजी प्राप्त करने का उद्देश्य उस समय तक पूरा नहीं हो सकता है जब तक सभी के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित न हो। इसके लिए विश्व शांति व परस्पर बेहतर संबंधों के लिए सबका समर्थन व एकजुटता जरूरी पूर्वशर्त है। भारत को मानव–केन्द्रित व्यवस्था बनाने के लिए सामूहिक आह्वान करना चाहिए। उसे सबके प्रति संवेदना को केन्द्र में रखते हुए वैश्विक समझदारी को बढ़ावा देने के हर संभव प्रयास और तेज करने होंगे। आज सारी दुनिया की नजर भारत पर है, इसलिए जी20 की अध्यक्षता के कार्यकाल में भारत को 'हारमोनी20' पैदा करने या वैश्विक सामंजस्य का अग्रदूत बनने का प्रयास करना चाहिए। 2023 में जी20 का मूल एकजुटता की वैश्विक भावना का महत्व समझना तथा सदस्य देशों के बीच परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना होना चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने कार्यकाल के बाद ऐसी विरासत छोड़े जिसमें दुनिया की सारी जनता के बेहतर भविष्य के लिए सद्भावना, प्रेम व सामंजस्य के सिद्धान्तों को केन्द्रीय स्थान मिले।

# कौशल विकास के लिए हो सीएसआर फंड का इस्तेमाल

"सीएसआर फंड का नियोजित तरीके से उपयोग करके कंपनियां न केवल कौशल भारत मिशन को बढ़ावा दे सकती हैं बल्कि एक मजबूत कार्यबल बनाने में मदद कर सकती हैं।"



**दिनेश सूद**
(लेखक राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ प्रशिक्षण साझीदार हैं)

यह अंतराल को भरने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से एक अंतर होगा यदि रोजगार सृजन के लिए केंद्रित तरीके से कौशल विकास पर 'कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर)' फंड का एक हिस्सा खर्च किया जाता है। प्रस्ताव निश्चित रूप से एक लंबा आदेश नहीं है और सभी हितधारकों की इच्छा शक्ति के साथ इसे आसानी से लागू किया जा सकता है। कंपनियों के पास संसाधन, बुनियादी ढांचा, मशीनरी और विशेषज्ञता है जो देश में कौशल विकास के प्रयास में सहयोग कर सकती है।

सभी हितधारकों और देश में एक कुशल कार्यबल बनाने के उद्देश्य से चल रहे प्रयासों के लिए उचित सम्मान के साथ, आइए हम इस तथ्य की पुष्टि करें कि हमारी रणनीतियों पर फिर से विचार करने और अधिक ध्यान केंद्रित करने की तत्काल आवश्यकता है। हमारे देश में लगभग 600 जिले हैं। भारत सरकार ने 2022 तक 'नए भारत' की दृष्टि से जनवरी 2018 में 'आकांक्षी जिलों का परिवर्तन' पहल शुरू की थी, जहां मानव विकास सूचकांक के तहत हमारी रैंकिंग में सुधार करने, अपने नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने और समावेशी सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। सभी की वृद्धि।

स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल के समग्र संकेतकों के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले शीर्ष थिंक–टैंक नीति आयोग द्वारा कुल 117 आकांक्षी जिलों (एडी) की पहचान की गई है। विकास और बुनियादी ढाँचा, जिसका मानव विकास सूचकांक पर प्रभाव पड़ता है।

साल 2022 अब खत्म होने वाला है। निश्चित रूप से इन चार वर्षों में हमने काफी प्रगति की है लेकिन अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। प्रत्येक सीएसआर वित्तपोषित एसडीसी हमारे गरीब साथी नागरिकों के सशक्तिकरण के बारे में भी विशेष रूप से ध्यान देगा।

भारत में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट – महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में कॉर्पोरेट जुड़ाव – 2019 में पाया गया कि महिला सशक्तिकरण पर शीर्ष 100 फर्मों का सीएसआर खर्च 6,314.30 करोड़ रुपये के कुल खर्च का सिर्फ चार प्रतिशत था। कोविड प्रतिबंधों के बाद, कई व्यावसायिक समूह इस दिशा में अधिक काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोसाफ्ट और गूगल जैसी सॉफ्टवेयर कंपनियों ने महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल मार्केटिंग आदि में उद्योग कौशल हासिल करने में मदद करने के लिए कई राज्य सरकारों के साथ हाथ मिलाया है, ताकि वे डिजिटल इंडिया से लाभान्वित हो सकें।

एक आधिकारिक अनुमान के अनुसार, 2019–20 में 21,349 कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड पर 21,231 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जो 2017–18 में 13,909 करोड़ रुपये थे। भारत ने वार्षिक विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 2022 पर 43वें से 37वें स्थान पर छह स्थान की छलांग के साथ एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि देखी है। सूचकांक को प्रबंधन विकास संस्थान आईएमडी) द्वारा संकलित किया गया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाली एशियाई अर्थव्यवस्थाएं सिंगापुर (तीसरे), हांगकांग (पांचवें), ताइवान (सातवें), चीन (17वें) और ऑस्ट्रेलिया (19वें) हैं।

कौशल श्रम बाजार में प्रवेश करने वालों की रोजगार क्षमता बढ़ाने और नौकरी पाने में उनकी बाधाओं को कम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। कारपोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ पंजीकृत कार्यान्वयन एजेंसियों को सीएसआर–वित्तपोषित एसडीसी चलाने में शामिल नहीं होना चाहिए। यह कारपोरेट घरानों के सीएसआर विंग द्वारा किया जाना चाहिए। कंपनियों द्वारा किए गए सीएसआर फंड रिटर्न फाइलिंग के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल वार्षिक सीएसआर खर्च का लगभग 60 प्रतिशत व्यय कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से किया गया है। यह कार्यान्वयन एजेंसियों की क्षमता पर सवाल उठाने के लिए नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि एसडीसी अधूरे मन से नहीं चल रहे हैं।

हमें बाजार में कुशल रोजगार योग्य कार्यबल की आवश्यक संख्या नहीं होने की लागत की कल्पना करनी होगी। जैसा कि 'द कॉम्पिटिटिवनेस रोडमैप फॉर इंडिया एट 100' रिपोर्ट बताती है कि श्रम जुटाना समय के साथ गिर रहा है, विशेष रूप से 2005 के बाद से जब नौकरी सृजन नाटकीय रूप से हुआ है ... बड़ी फर्मों ने उत्पादकता वृद्धि को प्रेरित किया है लेकिन नौकरी सृजन नहीं किया है और अधिकांश कर्मचारी अटके हुए हैं छोटी, कम उत्पादकता और कम विकास वाली फर्मों में।

कर्मचारियों का ऊपर की ओर बढ़ना तभी संभव हो पाएगा जब उनके पास कौशल होगा। हम कैच 22 की स्थिति में फंस गए हैं। बहुत सारे प्रयास जारी हैं लेकिन प्रतिफल बाजार की जरूरतों के अनुरूप और बाजार की जरूरतों के अनुरूप नहीं है। स्किलिंग इकोसिस्टम का फोकस्ड तरीके से क्षमता निर्माण समय की मांग है। योजनाबद्ध तरीके से सीएसआर फंड का उपयोग करके, कंपनियां न केवल कौशल भारत मिशन को बढ़ावा दे सकती हैं, बल्कि वैश्विक बाजार के लिए एक मजबूत कार्यबल बनाकर कौशल भारत और लाखों आजीविका पर भी बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं।

कौशल विकास मूल्य श्रृंखला, क्षमता निर्माण और प्रबंधकीय समर्थन में आर्थिक रूप से सहायक गतिविधियों द्वारा कौशल विकास पहलों को बढ़ाने के लिए सीएसआर फंड भी योगदान कर सकते हैं। आइए, कौशल विकास के प्रयासों को और अधिक समावेशी बनाएं ताकि कौशल विभाजन कम से कम हो। यह अब कार्य करने का समय है!

## आप की बात

### अफ़गानिस्तान में महिलाएं

**आज** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं की शिक्षा और उनके काम करने के अधिकारों पर लगातार बढ़ते प्रतिबंधों की निंदा करते हुए देश के तालिबान शासकों से उन्हें तुरंत बहाल करने का अपेक्षा की है हम इसका स्वागत करते हैं। परिषद ने तालिबान से इन प्रतिबंधों को वापस लेने की जो बात कही है उसका आज सारे विश्व के द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए कारण यह स्पष्ट है कि आज अफगान में मानव अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। यह बहुत खतरनाक है कि किसी भी देश में महिलाओं की आजादी पर प्रतिबंध लगाया जाए। दुख की बात यह है कि महिलाओं की आजादी पर तालीबान ने जो प्रतिबंध लगाया है उससे विश्व भर की महिलाओं को दुख और धक्का पहुंचा है उनका यही कहना है कि अफगानिस्तान में कक्षा छठी से लेकर आगे के स्कूलों का निलंबन चिंताजनक है इसी तरह से आज तालिबान ने जो महिलाओं के विश्वविद्यालय में जाकर शिक्षा प्राप्त करने पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है वह भी गलत है इन सब बातों से आज अफगानिस्तान में महिलाओं की आजादी पर जिस तरह का प्रतिबंध लग गया है उसका तो स्वयं अफगानिस्तान की महिलाएं भी खुलकर विरोध कर रही है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### पठान पर विवाद

**फिल्म** अभिनेता शाहरुख खान एवं दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म पठान विवादित गाने में भगवा रंग के परिधान के कारण चर्चा में है सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने विवादित गाने को आपत्तिजनक माना है और हिंदुओं की धार्मिक भावनाए आहत करने वाला करार देते हुए विरोध किया है. यहां तक कि मध्यप्रदेश के गृह मंत्री के द्वारा फिल्म को प्रतिबंधित करने की धमकी दी गई थी एवं अनेकों संगठनों के द्वारा थिएटर में ना चलने की भी धमकी दी गई थी। कांग्रेस के मध्य प्रदेश के नेता गोविंद सिंह एवम अभिनेता शक्तिमान ने भी इस संदर्भ में अपना विरोध दर्ज कराया था। पठान फिल्म के विरोध को संज्ञान में लेते हुए सेंसर बोर्ड ने फिल्म के निर्माता निर्देशकों को निर्देश जारी करते हुए आवश्यक बदलाव के लिए कहा है एवं संशोधित फिल्म की एक कापी संसद बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया है। देखा जाए तो यह अच्छा ही हुआ अब फिल्म बिना किसी व्यवधान के देश की जनता देख सकेगी। यहां पर यह महत्वपूर्ण है कि सेंसर बोर्ड को पहले ही देख लेना चाहिए था कि फिल्म में क्या उचित है और क्या अनुचित है। यदि फिल्मों में विरोध के बाद बदलाव किया जाता है तो यह परंपरा बन जाएगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

### रशीदी की धमकी

**यूं** तो देश में हर रोज कुछ न कुछ विवादित विषय और घटनाएं घटित होती रहती हैं। हाल ही साध्वी प्रज्ञा को अपने एक कटाक्ष के कारण जो लोग घेरते दिखाई दिए हैं वो साजिद रशीदी के विवादास्पद बयान पर अभी तक मौन धारण किए हुए हैं। संभवत: साध्वी प्रज्ञा ने मौलाना रशीदी जैसा दिवास्वप्न देखने वालों पर ही वह कटाक्ष किया होगा। जो खुले आम भविष्य में मुस्लिम सरकार आने पर देश के प्रमुख आस्था के केंद्र को धूल धूसरित करने की चुनौती दे रहे हैं। जबकि दुनिया के कई देश इस्लामिक कट्टरता के कारण ही आज अस्थिर हैं ऐसे में एक कटाक्ष पर ज्वलंत एवं त्वरित प्रतिक्रिया देते लोगों को मौलाना के दिवास्वप्न पर भी विचार करना चाहिए और देश की क़ानून व्यवस्था को चुनौती देते लोगों के प्रति भी अपने विचार प्रकट करने चाहिए। सेकुलरिज्म केवल एक समुदाय पर थोपना देश के लिए उचित नहीं, और हर प्रकार की धार्मिक कट्टरता को एक चश्मे से देखना चाहिए।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**मां** और बेटे के बीच प्रेम शाश्वत व अमूल्य होता है। इस कठिन समय में मेरा प्रेम व समर्थन मोदी जी के साथ है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस अध्यक्ष



**अमेरिका** में गृह युद्ध होगा। इसका कारण इलोन मस्क द्वारा कई राज्यों में राष्ट्रपति चुनाव जीतना होगा।

– **दिमित्री मेदवेदोव**
पूर्व रूसी राष्ट्रपति



**सभी** नागरिकों को महिला–विरोधी व्यवहारों की निन्दा करने का अपना मूलभूत कर्तव्य निभाना चाहिए।

– **द्रोपदी मुर्मू**
भारत की राष्ट्रपति"

# प्रदेश की नगरीय व्यवस्था को बनाना है गुड-टू-ग्रेट

## नगर विकास मंत्री ने साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, कूड़ा कलेक्शन पर और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए

● 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 31 निकायों को पुरस्कृत किया गया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी निकाय अधिकारियों को शहरी व्यवस्था, साफ-सफ ाई, सौंदर्यीकरण, कूड़ा कलेक्शन एवं इसके निस्तारण पर और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनवरी, फ रवरी और मार्च के आगामी महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन दिनों में लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तथा बनारस लखनऊ, आगरा, नोएडा, प्रयागराज में जी-20 की आगामी बैठकें भी होने वाली हैं। जिसमें वैश्विक स्तर के जन प्रतिनिधि शासक, प्रशासक एवं निवेशक, उद्योगपति, वेन्डर्स प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश की एक अच्छी छवि ऊभर कर आए इसके लिए प्रदेश को एक यूनिट मानकर नगरीय व्यवस्था और वातावरण को गुड-टू-ग्रेट बनाना है। नगर विकास मंत्री निकाय निदेशालय में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इंदौर राउंड टेबल कार्यशाला एवं प्रतिबद्धः '75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने जी-20 की बैठकों वाले 4 शहरों में कार्मिकों के डिजिटल साइन कराने को भी कहा, जिससे की पूरी मैनपावर का व्यवस्था सुधारने के लिए प्रयोग किया जा सके। उन्होंने नई विस्तारित एवं सृजित निकायों में सुविधाओं को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस में हमारे देश की वैश्विक रैंकिंग कभी 142 वें स्थान पर थी लेकिन विशेष प्रयासों के पश्चात यह 64वें स्थान से भी ऊपर आ चुकी है। उन्होंने महानगरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के मध्य अलग-अलग साफ-सफ ाई एवं स्वच्छता को लेकर स्पर्धा कराने को भी कहा। उन्होंने सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन्दौर मॉडल की अच्छाइयों को अपनाते हुए हमें प्रदेश के सभी बड़े शहरों को इंटरनेशनल स्तर के तथा छोटे शहरों को नेशनल स्तर की व्यवस्था से युक्त बनाना है। इसके लिए अभी तक किए गए कार्यों की बेहतर मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही कार्यों में और निखार व तेजी लाने के लिए आधुनिक तकनीकी, मशीन और मैनपावर का समंजस्य करते हुए प्रयोग किया जाए। उन्होंने आगामी माह से इसके लिए 75 दिन, 75 जिला अभियान भी चलाने तथा नगरों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने गुजरात में किए गए कार्यों के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अहमदाबाद, बड़ौदरा के नगर आयुक्त सुबह 4 बजे से ही कार्यों के निरीक्षण के लिए निकल जाते थे और कहीं पर भी कमी और समस्या पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई भी करते थे। ऐसी ही व्यवस्था प्रदेश में भी हो। कार्यों के बेहतर परिणाम लाने के लिए सख्ती जरूरी है। सभी व्यापारियों, स्ट्रीट वेन्डर्स को कूड़ादान रखने के सख्त निर्देश दें और कड़ाई भी करें। उन्होंने सभी निकायों में जोनवार व वार्डवार कार्यों की माइक्रो मैनेजमेंट के तहत मॉनिटरिंग करने तथा केन्द्रीकृत व्यवस्था बनाकर सभी क्रियाकलापों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने को कहा। उन्होंने सभी निकाय अधिकारियों के कार्यों एवं मेहनत की प्रशंसा की और कहा कि अभी अन्तिम परीक्षा में उत्तीर्ण होना बाकी है। उन्होंने सभी छोटे बड़े शहरों की क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने, चौराहों का सौंदर्यीकरण, वहां बेकार लगी होर्डिंग्स को शीघ्र हटाने तथा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने को भी कहा। नगर विकास मंत्री ने घर-घर कूड़ा कलेक्शन पर जोर देने तथा सभी निकायों में इसके लिए घरों से कलेक्शन चार्ज लेने की व्यवस्था को लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले एजेंसियों को कार्य दें। कूड़ा के पृथक्किरण को घर पर ही कराने के लिए लोगों से आग्रह करें और इसके ट्रांसफ र व प्रोसेसिंग की प्रर्गिया को तेज करें। उन्होंने निदेशालय में लगाई गई स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रदर्शनी में नई तकनीकि से विकसित मॉडल के प्रयोग को देखा और उसकी सराहना की। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने मंत्रर को आश्वस्त किया कि इंदौर मॉडल का अध्ययन करने के बाद वहां की शहरी व्यवस्था को संचालित करने की तकनीकी का अध्ययन कर अपनाया जाएगा। साथ ही शहरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए व्यवस्थित तरीके से और भी कार्य किए जाएंगे। शर्मा ने पहली दिसम्बर को प्रदेश के सभी जिलों में चलाए गए प्रतिबद्धः '75 जनपद, 75

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने हीराबेन मोदी के निधन पर जताया दुःख

● भाजपा सहित विपक्ष दल के नेताओं ने भी व्यक्त किया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदियनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन मोदी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। शोक संदेश में राज्यपाल ने कहा कि मां का निधन पुत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। मां हीराबेन का सौ वर्षों का संघर्षमय जीवन भारतीय आदर्शों एवं मूल्यों का प्रतीक है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति की कामना की व शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां की निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूर्णीय क्षति होती है। प्रभु श्रीराम दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**भारतीय जनता पार्टी** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हुए मातृशोक पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधान सेवक श्री नरेंद्र मोदी जी की जीवनदात्री माता जी के निधन अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। सादगी की प्रतिमूर्ति तपस्वी एवं निष्काम कर्मयोगी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मां हीराबेन जी का संघर्षपूर्ण और सात्विक जीवन हमारी स्मृतियों में रहेगा। जिनके वात्सल्य एवं संस्कारों के सुपोषण से देश को ऐसा यशस्वी नेतृत्व मिला जिस पर देश की हर मां पर गर्व है। एक पुत्र के लिए जन्मदात्री मां का साया उठ जाना असहनीय और अपूर्णीय क्षति होती हैए इस रिक्तता की पूर्ति असंभव है। दुःख की इस घड़ी में पूरा देश प्रधानमंत्री जी के साथ है। तपस्वी एवं निष्काम कर्मयोगी मां हीराबेन जी के चरणों में प्रणाम अर्पित करता हूं। दुःख की इस अपार घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रधानमंत्री जी के साथ है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मां हीराबेन जी का निधन अत्यंत दुःखद है। दुःख की इस घड़ी में ईश्वर परिवार को संबल प्रदान करे। दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के निधन का समाचार बेहद दुखद है। इस मुश्किल समय में कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री व उनके परिजनों के साथ है। उन्होंने प्रधानमंत्री की मां को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करे व अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। खाबरी के साथ ही वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने भी नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

**बहुजन समाज पार्टी** की अध्यक्षत मायावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन के निधन हो जाने की खबर अति दुःखद। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन्हें और उनके सभी चाहने वालों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जौनपुर जनपद के समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव यशवंत यादव 'मास्टर साहब' की पत्नी प्रेमा देवी (82वर्ष) के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

अखिलेश ने बाराबंकी जनपद के रामनगर निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जय सिंह (60वर्ष) के निधन पर भी गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें:मायावती



● पार्टी कार्यालय पर यूपी-उत्तराखंड के पदाधिकारियों की बैठक में बसपा सुप्रीमो ने भरा जोश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और कोऑर्डिनेटरों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत यूपी निकाय चुनाव को सही कानूनी तरीके से कराने की नहीं थी। उसे टालने की ही थी। वह धर्मांतरण, लव जिहाद, मदरसा सर्वे आदि संघ के तुष्टिकरण में समय बर्बाद करती रही। उसके बजाय यदि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर ध्यान केंद्रित करती तो आज ऐसी विचित्र स्थिति नहीं पैदा होती। यह उसने सोची-समझी रणनीति के तहत किया है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि गरीबों की लाचारी व युवाओं की बेरोजगारी दूर करने, त्रस्त करती महंगाई को कम करने तथा लोगों के अच्छे दिन लाने के सम्बंध में सरकार की कथनी व करनी में अन्तर व मिथ्या प्रचार आदि से लोगों में काफी निराशा है। भाजपा के खास रहे व्यावारी वर्ग भी जीएसटी के जंजाल से काफी तंग व बेहाल है तथा अब यूपी में भी जीएसटी के सर्वे/छापेमारी व इनके इन्सपेक्टर राज आदि से परेशान होकर आन्दोलन करने को मजबूर हैं। यही कारण है कि सरकारें किसी न किसी बहाने चुनाव को टालते रहने का अनुचित प्रयास लगातार करती रहती हैं। निकाय चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अब यह यूपी सरकार का विशेष उत्तरदायित्व है कि लोकतंत्र के हित में निकाय चुनाव पूरी संवैधानिक व कानूनी प्रक्रियाओं के साथ समय से हो, वरना सरकार की गलत नीतियों व कार्यशैली से त्रस्त जनता का यह सोचना गलत नहीं होगा कि भाजपा दिल्ली नगर निगम की तरह ही चुनाव को टालते रहना चाहती है। मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही घोर आरक्षण विरोधी पार्टियाँ हैं। उन्होंने कहा कि केवल बीएसपी की कथनी व करनी में अन्तर नहीं है।



सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र

# प्रदेश में अब तक 38.63 लाख मीट्रिक टन हुई धान खरीद



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में सीधे खरीद करते हुए विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 3863664.79 मीट्रिक टन धान खरीद कर ली गई है। इस योजना के तहत अब तक 611559 किसानों को लाभाविन्त किया गया है और 6401.850 करोड़ का भुगतान उनके खातों में किया गया है। प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में मूल्य समर्थन योजना के तहत कामन धान 2040 रुपए प्रति कुन्तल व ग्रेड-ए धान 2060 रुपए प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्रय के लिए प्रदेश में खाद्य विभाग व विभिन्न क्रय एजेंसियों द्वारा 4431 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन खरीद लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 55 प्रतिशत से अधिक खरीद की जा चुकी है।

# समाज की सबसे बड़ी विकलांगता संकुचित दृष्टिकोण:अनुप्रिया पटेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मिनिस्टर** ऑफ स्टेट कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी विकलांगता संकुचित दृष्टिकोण है। दिव्यांगजनो की खूबियों को देखने की क्षमता समाज में नहीं है। जरूरत है तो दिव्यांगजनो की अनोखी प्रतिभाओं को समझने और उसे प्रोत्साहित करने की है। पटेल शुक्रवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को सम्बोधित कर रही थीं।

विवि के भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत मे दिव्यांग महिलाओं को परिवार और समाज दोनों जगहों पर चुनौती का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने कहा कि समाज में हमें ऐसी दिव्यांग महिलाओं के प्रति सहानुभूति नहीं बल्कि स्वीकार्यता की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल इंडियन पैरा बैडमिंटन प्लेयर रही पलक कोहली ने कहा कि हमें किसी भी बदलाव की सूरत खुद बनना चाहिए, सिर्फ आलोचना करने से बदलाव नहीं आएगा। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि प्राचीन समय से ही भारत में नारी शक्ति सदैव पूजनीय रही है। योग एवं ध्यान के माध्यम से हमे अपने मन के विकारों को दूर करने में मदद मिल सकती है। संगोष्ठी की निदेशक प्रो शिल्पी वर्मा ने सभी का कार्यक्रम में स्वागत किया।

# राजधानी में विज्ञान संग्रहालय का निर्माण कार्य शीर्घ पूरा होगा: जयवीर

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि राजधानी लखनऊ में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय और बलरामपुर में थारू जनजाति संस्कृत संग्रहालय के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र, महाराजगंज, खीरी एवं पीलीभीत में जनजाति संग्रहालय के निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गई भूमि पर जनजाति संग्रहालय की स्थापना के लिए कार्यदायी संस्था से डीपीआर तैयार कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद सोनभद्र एवं मिर्जापुर में प्रस्तावित जनजाति संग्रहालय से संबंधित भवन एवं प्रदर्शन से संबंधित वॉक्थ का प्रस्तुतिकरण संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा किया जा चुका है। महाराजगंज, सोनभद्र एवं मिर्जापुर का आगणन कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा 20 दिसम्बर को उपलब्ध कराया गया है, जिसके लिए अनुदान प्राप्त कराने के लिए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय को भेज दिया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद गोरखपुर में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, कन्नौज में टॉय म्यूजियम, राज्य संग्रहालय लखनऊ एवं राजकीय संग्रहालय झांसी में गौरवगाथा वीथिका, राजकीय जैन संग्रहालय मथुरा एवं राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर के उच्चीकरण के लिए वित्तीय सहायता के लिए आवश्यक प्रस्ताव संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को भेज दिया गया है।

# पूंजी निवेश के नाम पर जनता को धोखा दे रही भाजपा सरकार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जनता के बुनियादी मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहती है। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय चरम सीमा पर है। भाजपा सरकार में कोई न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता है। पूंजीनिवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री जनता को धोखा देने के लिए विदेशों में रोड-शो करके जब खाली हाथ लौट आए तो अब राज्यों में देशी निवेशकों को आमंत्रित करने जाएंगे। अभी तक न निवेश है न नौकरी है और नहीं रोजगार है। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि पिछले पांच सालों में प्रदेश में कहां-कहां क्या इन्वेस्टमेंट आया? कितने युवाओं को रोजगार मिला? अखिलेश यादव ने कहा कि कहीं ठेका मिलना और काम कराना इन्वेस्टमेंट नहीं होता है। इन्वेटमेंट कारखाना लगाना और उद्योग लगाना होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जीएसटी को लेकर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है। जीएसटी के नाम पर सरकार छापेमारी करा रही है। प्रदेश में उद्योग धंधे कहां लगे हैं, सरकार को इसका ब्यौरा तो देना ही चाहिए। यादव ने कहा कि बाहर से निवेश कैसे आ सकता है जब प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद खराब है। व्यापारियों को लूटा जा रहा है। महिलाओं के साथ उत्पीड़न हो रहा है। महिला अपराध और पुलिस हिरासत मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नम्बर एक पर है। गोरखपुर में एक बार फि र शर्मनाक घटना हुई है। परिवार और महिलाओं को पुलिस से अपनी बेटी की लाश छीननी पड़ी है। क्या यही प्रदेश की कानून व्यवस्था है। गोरखपुर ही नहीं पूरे प्रदेश से इसी तरह की घटनाएं सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में कहीं भी कोई विकास दिख नहीं रहा है। भ्रष्टाचार में ही भाजपा का असली चेहरा नज़र आता है।

# कांग्रेस में बड़ी संख्या में लोग शामिल



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए जौनपुर से सीमा चौहान, श्रेयांश सिंह चौहान तथा जनपद कन्नौज से अमोल दीक्षित, अमन मिश्रा, आशुतोष ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, संगठन सचिव अनिल यादव, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह, राजेश सिंह काली, डॉ. सुधा मिश्रा, समीर श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नववर्ष पर किए जाएं कड़े सुरक्षा प्रबंध, नशे में हुड़दंग करने वालों पर हो कार्रवाई: डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** डॉ. डीएस चौहान ने फील्ड में तैनात राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को नववर्ष के मौके पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर हुड़दंग व उपद्रव करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए।

डीजीपी शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी-डीआईजी, सभी पुलिस कमिश्नर और पुलिस कप्तानों के साथ अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार भी मौजूद रहे। डीजीपी ने निर्देश दिए कि नववर्ष के स्वागत समारोहों के दौरान महिलाओं, बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार की घटना न होने पाए। इसके लिए पूर्व से तैयारी कर ली जाए। भीड़-भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर भीड़ प्रबन्धन के सिद्धान्तों पर एडवांस प्लानिंग कर कार्रवाई की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। डीजीपी ने कहा कि पूर्व से ही यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर लिया जाए। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यातायात प्रबन्धन के सम्बन्ध में यातायात नियत्रण कार्य योजना तैयार कर अपर पुलिस महानिदेशक यातयात मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। मौसम (कोहरा) के दृष्टिगत प्रभावी यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए रिकवरी वैन (क्रेन) को तैयारी की स्थिति में रखा जाए तथा दुर्घटना से बचाव के लिए दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

# मोदी-योगी सरकार सभी के कल्याण के लिए प्रयासरत: केशव

## जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए उप मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकार गांव, गरीब किसान, महिला, नवयुवकों के उत्थान एवं प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार सभी के कल्याण के लिए प्रयासरत और प्रतिबद्ध है। जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक घर को हर घर नल योजना से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे की लोगो को पीने का शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान एवं कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनसे पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्रता के आधार पर उज्जवला योजना, आवास योजना, मनरेगा, निशुल्क राशन, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से गरीब पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जा रहा है। मौर्य शुक्रवार को वाराणसी के विकास खंड सेवापुरी के ग्राम सभा पूरे गांव में 'ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान' के लिए जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। उपमुख्यमंत्री ने समूह सखी, बैंक सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, ग्राम संगठन और स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों व आमजन के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस योजना से महिलाओं को सम्मान भी प्राप्त हुआ है और वे स्वावलम्बी भी बनी है। गरीबों को डीबीटी के माध्यम से योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक सीधे उनके खाते में पैसा भेजा जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से कतिपय कारणों से छूट गए होंगे, उनको भी लाभान्वित कराया जाएगा। इस अवसर पर आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र, एएनएम सेंटर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, साधन सहकारी समिति, किसान उर्वरक केंद्र, ग्राम सचिवालय, गांव के आजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा उनके उत्पाद को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाए गए। जिसका उप मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने स्टालों के निरीक्षण के दौरान समूहों के उत्पाद की सुगमता से बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने व फल सब्जी के लिए कोल्ड चेन की व्यवस्था कराने के लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से स्टाल भ्रमण के दौरान उनकी आय के बारे में पूछताछ की और उनको बचत करने के लिए प्रेरित करने और बैंक सखी के माध्यम से बैंक में पैसे जमा कराने को प्रोत्साहित किया।

**पीएम मोदी की मां के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनपद वाराणसी के आदर्श ग्राम पूरे में आयोजित जनता चौपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने चौपाल में मौन रखकर ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

# किसान, छात्र, बेरोजगार व समाज के सभी वर्गों से भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने का आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने विपक्ष के नेताओं के साथ-साथ किसान, छात्र, बेरोजगार युवा, कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, नेताओं और उत्तर प्रदेश में कार्य कर रहे स्वयं सेवी संगठनों से भी राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ेन का आह्वान किया है। यूपी में यह यात्रा 3 जनवरी 2023 को गाजियाबाद के लोनी बार्डर से शुरू हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह न बताया कि आज उत्तर प्रदेश में विपक्ष के साथ-साथ किसान, छात्र, बेरोजगार युवा, कर्मचारी संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, नेताओं की उत्तर प्रदेश में बैठी योगी सरकार सुनवाई नहीं कर रही है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए परेशान हो रहा है। कॉलेज और विश्वविद्यालयों में छात्र फीस वृद्धि से परेशान होकर आन्दोलन करते हैं मगर सरकार लाठीचार्ज तो करती है लेकिन किसान और छात्र की समस्या का निदान योगी सरकार नहीं करती। सेवानिवृत्त कर्मचारी पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलनरत हैं मगर इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सरकार में बैठे लोग सिर्फ हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफरत फैलाने का काम करते हैं और जनसमस्या सम्बन्धित सवालों का जवाब नहीं देते और आन्दोलन करने पर सिर्फ लाठियां मिलती हैं।

ऐसी हिटलर शाही लोकतंत्र को समाप्त करने और समाज को विभाजित करने वाली भाजपा सरकार की नीति के विरोध में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा चल रही है जो कि आगामी 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही है। जिससे जुड़ने का आवाह्न उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने सभी प्रभावित और पीड़ित लोगों से किया है। खाबरी ने कहा कि जो लोग पीड़ित है वह अगर इस यात्रा से जुड़ते हैं तो यात्रा को और मजबूती मिलेगी। लोकतंत्र मजबूत होगा और लोकतंत्र के मजबूत रहने पर ही देश और देशवासी मजबूत होंगे।

# जिला कारागार में बंद निरूद्ध कैदियों का वितरित हुए कंबल

● वूमेन्स वेल फेयर क्लब की सदस्यों ने महिलाओं को वितरित किए गरम कपड़े, भारत विकास परिषद संगठन के पदाधिकारियों ने भी पहुंचायी राहत, जेल अधीक्षक के प्रयास से कैदियों को मिलेगी ठंड से राहत

संवाददाता। सीतापुर





**ठंडक को** देखते हुए सीतापुर कारागार में बंद कैदियों को राहत पहुंचाने के लिए सबसे पहले समाजसेवी महिलाएं आगे आयी है। जिन्होंने कारागार में निरूद्ध बंदियों को कंबल वितरित किया व महिलाओं को गरम कपड़े भी बांटे। यह कार्यक्रम वूमेन्स वेल फेयर क्लब की सदस्या रति सहगल के नेतृत्व में हुआ। रति सहगल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से एक जागरूकता फैलती हैए इसीलिए हर जरूरतमंद के लिए लोग आगे आए और ठंडक से निजात दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कारागार के अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह की सहभागिता से ही हो पाया है। जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को कंबल वितरित कराने के जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी यह कार्य करें जिससे कैदियों को राहत मिले। जिला कारागार में बंदियों को कंबल और गरम कपड़े वितरित के दौरान वूमेन्स वेल फेयर क्लब की मोनिका आनंद, शोभना, आरती, विभूति, रश्मि, लवली, पूनम, रिंकी, संगीता सहित अन्य समाजसेवी महिलाएं मौजूद रही। गुरूवार को जिलाकारागार में सीतापुर का भारत विकास परिषद संगठन भी आगे आया है जो कारागार में बंद कैदियों को गरम कपड़ेए खाने.पीने की सामग्री सहित अन्य जरूरत का सामान वितरित किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अवध प्रान्त हरीश शाह, सचिव वीरेन्द्र श्रीवास्तव, मधुकर सरीन, अनिल बरनवाल, वीरेन्द्र डोडेजा, उमेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, जेपी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर विकास राज्यमंत्री ने छात्रों को बांटे टैबलेट

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत श्री कृष्ण ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन सीतापुर स्मार्टफोन का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरुद्वारा बीए बीकॉम एवं बीएड के 574 छात्र.छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए विशिष्ट अतिथि भाजपा सीतापुर के नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी महिला अध्यक्ष कुसुम सिंह तथा शीतल अग्रवाल रही। मुख्य अतिथि ने मोबाइल वितरण सरकार का एक सराहनीय कदम है इस वितरण से छात्र.छात्राएं आगे की कक्षा में प्रवेश लेकर इसके माध्यम से सुचारू रूप से पढ़ाई कर सकेंगे इस महत्वाकांक्षी योजना से छात्र व उनके अभिभावक बहुत प्रसन्न न दिखे संकल्प लेकर घर गए और अपने बच्चों को अग्रिम कक्षाओं में प्रवेश दिला कर उनके लिए आगे का मार्ग प्रशस्त करेंगे कार्यक्रम में प्रबंध तंत्र की सराहनीय भूमिका रही महाविद्यालय के ट्रस्टी राजेंद्र अग्रवाल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए आगे की पढ़ाई अनवरत जारी रखने का संकल्प कराया उक्त कार्यक्रम के साथ ही हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर हिंदी विषय पर लिखित पुस्तिका का भी विमोचन मुख्य अतिथि के साथ अतिथियों द्वारा किया गया वितरण कार्यक्रम में कालेज की प्राचार्य सविता मिश्रा डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी फार्मेसी के निदेशक डॉ अनुराग मिश्रा शैक्षिक समन्वयक पूर्व मेजर के जी श्रीवास्तव जनसंपर्क अधिकारी अशोक प्रजापति कार्यालय अधीक्षक रानू मिश्रा की टीम एवं सभी प्रधान अध्यापक गण उपस्थित रहे और सराहनीय सहयोग प्रदान किया अंत में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ बीएस ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## क्विक न्यूज

### पेड़ काट रहे मजदूर पर गिरा पेड़, मौत

**संडीला(हरदोई)।** पेड़ काट रहे मजदूर पर ही पेड़ गिर जाने से मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेमराकनां थाना कछौना के अंतर्गत एक स्थान पर यूक्लिप्टस के पेड़ ठेकेदार द्वारा कटवाए जा रहे थे। एक मजदूर रमेश कुमार पुत्र रूपन लाल निवासी ग्राम महमदपुर मजरा महरी भी पेड़ काट रहा था। अचानक वह पेड़ गिर गया और 35 वर्षीय रमेश को भागने का मौका तक नहीं मिला। इस पेड़ के नीचे दबने से रमेश की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद ठेकेदार और मजदूर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक रमेश विवाहित था तथा उसके छोटे छोटे बच्चे थे।

### बेसिक शिक्षकों ने एनपीएस थोपने का विरोध करते हुए सौंपा ज्ञापन





**संडीला(हरदोई)।** बेसिक शिक्षकों ने प्रदेश सरकार के वित्तनियंत्रक बेसिक शिक्षा द्वारा जबरन एनपीएस थोपने और वेतन रोकने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। बेसिक शिक्षक संघ की ब्लाक स्तरीय बैठक में अध्यक्ष अनंत कुमार ने कहा कि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा ने 22 दिसंबर 2022 को एक पत्र जारी कर एनपीएस के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती करते हुए उन्हें इस योजना को स्वीकार करने के कड़े निर्देश के साथ साथ न स्वीकार करने की स्थिति में वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंनें कहा कि यह योजना 1 अप्रैल 2005 में लागू की गयी थी और यह योजना ऐच्छिक है। 17 वर्ष बीत जाने के बाद शिक्षकों से इस प्रकार की जबरदस्ती किया जाना पूर्ण रूप से अनयाय है और इसको लेकर बेसिक शिक्षक आक्रोशित हैं और शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य हो गए हैं। मंत्री अमृत लाल ने कहा कि प्रदेश के लाखों बेसिक शिक्षक वेतन से जबरन कटौती और वेतन रोकने के तानाशाहीपूर्ण आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हैं। उन्होंनें कहा कि हमारी मांग तो यह है कि हमे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए।

### बरेली के महात्मा ज्योतिवा फूले रूहेलखंड विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में पहुंची राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के 20 वे दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रम के 84 छात्र छात्राओं को गोल्ड मैडल प्रदान किए गोल्ड मैडल पाने बालो में 70 छात्राएं और 14 छात्रों को पदक प्रदान किए ।कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेश उपाध्याय और बरेली के सांसद सन्तोष गंगवार के साथ गांधी नगर गुजरात आईआईटी के निदेशक रजत मूना भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में बोलते हुऐ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुऐ कहा की आगे बढ़े तरक्की करें लेकिन आपने मां बाप को कभी न भूलें उन्होने कहा की देश निरंतर आगे बढ रहा है इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका है उन्होने कहा की नई शिक्षा नीति से पाठ्यक्रम में आमूल चूल परिवर्तन हो रहा है उन्होने कहा की आने वाले समय में विश्व विद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करना चाहिए ।

### दो फरार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** अलग-अलग थानों में वांछित चल रहे दो अपराधियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा उनके पास से अवैध हथियार व नकदी भी बरामद हुई । कस्बा व थाना अलीगंज निवासी वेदपाल पुत्र रोहन लाल को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसको गिरफ्तार करने की कोशिश कर ली रही थी इसके अलावा फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के अंसारी मोहल्ला निवासी मोहम्मद अली पुत्र अमीर अहमद अंसारी को पुलिस ने आज गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना के बाद फतेहगंज पश्चिमी स्थित रिदान बैंकट हाल के बाहर से गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान उसके पास से 1400 रुपए नगद एक चाकू भी बरामद हुआ गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अली पर थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

# 30 मजरों में गूंज रहा जागरूकता का संदेश

संवाददाता। सीतापुर

**पिसावा** विकास खण्ड के लिलसी न्याय पंचायत की छह ग्राम पंचायतों के लगभग 30 मजरों में इन दिनों जागरूकता संदेश गूंज रहे है। ग्रामीणोंए किसानों को पशुओं को बांधकर रखने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह जागरूकता अभियान किसान मजदूर सेवादल के प्रमुख लिल्सी ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान आदित्य कुमार शुक्ल चला रहे है। उनकी तरफ से आटो रिक्शा पर लाउड स्पीकर के जरिए अपील की जा रही है कि पशुपालक अपने अपने पशुओं को दूध निकालने के बाद जब वो दूध देना बंद कर दे तो उनको आवारा न छोड़े। उन्होने बताया कि अभी न्याय पंचायत पर शुरूआत हुई है इसके ब्लाक जिला और प्रदेश स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# अंजेश कटियार ने भाजपा छोड़ सपा की ली सदस्यता



संवाददाता। सीतापुर

**नगर पालिका** चुनाव से पहले भाजपा के अंजेष कटियार ने सपा की सदस्यता जिला कार्यालय पर षुक्रवार को ले ली है। अंजेष कटियार भाजपा से नगर पालिका सीतापुर के लिए टिकट मांग रहे थेए जगह.जगह अपने नाम की भाजपा से होर्डिंग्स लगाकर प्रचार प्रसार कर रहे थे। लेकिन आरक्षण से नाराज होकर उन्होंने सपा की सदस्यता जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव से ले ली है। अंजेष कटियार के सपा में आने पर जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा छोड़ अंजेष सपा की सदस्यता ली है जहां पर समाजवादी पार्टी इनका पूरा सम्मान करेगी। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादवए रविन्द्र कुमारए अक्षय कुमारए राजू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमरे में अंगीठी जलाकर सोए होटल कर्मचारी की मौत, दो गंभीर

**बरेली।** रात के समय होटल के एक कमरे में अंगीठी जलाकर सोए 3 कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई दो की हालत नाजुक बनी हुई है पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । प्रेम नगर थाना क्षेत्र में राजेंद्रनगर स्थित मार्श मैलो होटल के कमरे में अंगीठी जलाकर सोए इज्जत नगर थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी निवासी संजीव कुमार पुत्र राम अवतार की मौत हो गई जबकि उसके साथ होटल में काम करने वाले पीलीभीत के गुल शेर मोहल्ला निवासी सुमित और उसके साथी कैंट के लाल फाटक निवासी कुंवर पाल की हालत नाजुक बनी हुई है बताया जाता है कि तीनों युवक होटल में काम करते थे और अपने घर दूर होने के कारण वह रात में काम समाप्त करने के बाद होटल के ऊपर कमरे में सोते थे कल रात लगभग 11 बजे काम समाप्त होने के बाद तीनों रोजाना की तरह एक ही कमरे में सोए थे लेकिन अधिक ठंड के कारण उन्होंने कमरे में अंगूठी को जलाकर रख लिया और दरवाजा बंद कर लिया रात में अचानक कमरे में जहरीली गैस बनने के कारण तीनों युवकों की हालत बिगड़ गई और वह नहीं उठ पाए सुबह होने पर भी वह रोजाना की तरह सो कर नहीं उठे और कमरे में ही बेहोशी की हालत में पड़े रहे रात में सोने से पहले उन्होंने मेन गेट के दरवाजे पर भी अंदर से ताला डाल दिया था आज दोपहर लगभग 11बजे होटल का एक अन्य कर्मचारी शिवा रोजाना की तरह ड्यूटी पर पहुंचा तब उसे देखा की मेन गेट का दरवाजा रोजाना की तरह खुला हुआ नहीं है क्योंकि अंदर मौजूद कर्मचारी सुबह होने पर दरवाजे को खोल देते थे उसने पहले होटल में मौजूद सुमित, संजीव और पाल को काफी देर तक आवाज देकर जगाने की कोशिश की लेकिन तीनों नहीं उठे तब शिवा ने होटल के मालिक कृष्णा को घटना की जानकारी दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे कृष्णा ने अपने पार्टनर अभिषेक को भी सूचना दे दी कुछ देर बाद अभिषेक भी मौके पर पहुंच गया और लोगों की भीड़ भी मौके पर लग गई इसी दौरान घटना की जानकारी पुलिस से की गई लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही अभिषेक ने मेन गेट पर लगे ताले को तुड़वा दिया और ऊपर कमरे में जाकर देखा कि कमरे में सो रहे तीनों युवक बेहोशी की हालत में है और उनकी हालत काफी नाजुक है उन्हें तीनों को होटल मालिक अपने अन्य कर्मचारियों की मदद से पास में स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक संजीव कुमार की मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# लेटलतीफी पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी: जिलाधिकारी

● डीएम ने की निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शुक्रवार को** जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की निर्माण संस्था से जुड़े लोगों की बैठक लेकर समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक का सफल संचालन मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में तेजी लाने और इसे समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। मेडिकल कालेज का निर्माण शासन की शीर्ष प्राथमिकता का कार्य है और इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक दशा में निर्धारित समय के भीतर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। डीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट मैनेजर साइट पर रहें। यदि कहीं मैन पावर कम हो तो अतिरिक्त की व्यवस्था तत्काल हो। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें तत्काल जानकारी दें। परियोजना की साप्ताहिक प्रगति से भी अवगत कराया जाए।अनावश्यक लेट लतीफी पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। यह व्यापक जनहित की परियोजना हैंए इसमें देरी स्वीकार्य नहीं है। इसे मिशन मोड में लिया जाए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्माणाधीन संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को टाइमलाइन के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो तत्काल अवगत कराएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ताए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ हर्षवर्धन, डॉ ज्योति मेहरोत्रा, डीएसटीओ अरविंद कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन अनिल जाटव, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी लखनऊ संयम सक्सेना, अवर अभियंता राम तिलक जयसवालए प्रोजेक्ट मैनेजर, एनकेजी इंफ्रा कैलाश जोशी, पीएमसी अनुरोध मौर्या सहित निर्माण संस्था से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# इंग्लिश की हत्या में पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

**निघासन।** कस्बे के सिंगाही रोड पर इंग्लिश हत्याकांड का सीओ ने खुलासा करते हुए पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। हत्या आरोपियों के पास से एक बगौद्दी बरामद की है। हत्या का कारण प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करना बताया गया है। सीओ संजयनाथ तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमारए दरोगा राममिलन यादव आदि टीम ढखेरवा पहुंची। वहां पर ढखेरवा से लखीमपुर जाने वाले मार्ग पर दोनो को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी हुई थी। बच्चे नहीं हो रहे थेए जिसके चलते इंगलिश मारता पीटता था। 11 दिन पहले सोते समय बगौड़े से सोते समय रात में गले पर प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद शव को दफन कर दिया। शुक्रवार को समान आदि लेने के लिए आए थे और पकड़े गए।

## छेड़छाड़ करने वाले दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी खीरी।** दो नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व फब्तियां कसने के आरोप में पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला शुक्ला पुर के एक व्यक्ति द्वारा जिनकी बेटियां एक इंटर कॉलेज में प्रतिदिन शिक्षा प्राप्त करने जाती थी। रास्ते में दो युवक लगातार छेड़खानी के साथ.साथ मोबाइल नंबर भी मागते थे। छात्राओं को घर पर बताने पर जान से मार देने या अगवा करने की घमकी देते थे। छात्राओं के पिता की तहरीर पर दोनों नामजद मोहल्ला देवी स्थान निवासी जीशान और जसकरणए जो जामा मस्जिद चौराहे पर खड़े होकर कॉलेज आने जाने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने की घटना को अंजाम देतेए पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। दूसरे युवक की तलाश जारी है। वहीं छात्राएं विद्यालय जाने से डर रही हैं।

# एमआर एलिमिनेशन कार्यक्रम को लेकर राज्य स्तरीय टीम द्वारा किया गया सर्वे का निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** राज्य स्तरीय टीम द्वारा दो दिवसीय एमआर एलिमिनेशन हेडकाउंट सर्वे का निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और वीएचएनडी सत्रों पर टीम ने निरीक्षण किया। नए साल की शुरुआत से ही तीन चरणों में एमआर एलिमिनेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसे लेकर यह निरीक्षण किया गया है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉण् अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि एमआर एलिमिनेशन कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित होना है। जिसका पहला चरण 9 जनवरी से 20 जनवरी तकए दूसरा चरण 13 फरवरी से 24 फरवरी तक और तीसरा चरण 13 मार्च से 24 मार्च तक चलना है। इसे लेकर दो दिवसीय हेडकाउंट सर्वे राज्य स्तरीय टीम द्वारा किया गया है। इस टीम में डॉण् राजकुमार वर्मा एईएफआई परामर्शदाता एनएचएम व प्रदीप त्यागी स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर शामिल थे। इनके द्वारा सीएचसी बेहजम पर कोल्ड चौन पॉइंट का निरीक्षण किया गया। वहीं सीएचसी के अंतर्गत गांव रारी में वीएचएनडी सेशन भी देखा गया। यहां पर कुछ घर छूटे हुए मिले जिस की जानकारी टीम द्वारा सीएचसी प्रभारी को दी गई और उसे पूरा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद सीएचसी मितौली में कोल्ड चेन पॉइंट देखा गया। वहीं समीक्षा बैठक भी की गई। इसके बाद सीएचसी नकहा और पनकी कला में भी टीम द्वारा भ्रमण किया गया। इसके बाद टीम द्वारा निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ बैठक की गई और निरीक्षण में मिली कमियों की जानकारी दी गई। तीन चरणों में प्रस्तावित एमआर एलिमिनेशन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम द्वारा बताई गई आवश्यकताओं को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सीएचसी प्रभारी व कार्यक्रम से जुड़े हुए अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी की मां...

गृह मंत्री अमित शाह ने भी कर्नाटक में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। भाजपा नेताओं बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली भाग लेने की प्रधानमंत्री की तस्वीर साझा करते हुए 'देश पहले' की भावना की सराहना की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, दुखी हैं, लेकिन देश सर्वप्रथम हमारे प्रधानमंत्री की एक सर्वविदित विशेषता। उन्होंने कहा, अपनी मां के अंतिम संस्कार के कुछ घंटों बाद भी उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेना जारी रखा। एक सच्चा कर्मयोगी। सलाम हमारे जैसे अनगिनत कार्यकर्ता आपके सर्वोच्च प्रयासों और प्रतिबद्धता से प्रेरित और ऊर्जावान हैं। एक अन्य केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मोदी की कर्तव्यपरायणता, समर्पण और त्याग की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए उनके कैबिनेट सहयोगी गिरिराज सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए इतना समर्पण संभव नहीं है।

### पड़ोसियों के लिए थीं...

एक अन्य निवासी धाराबेन पटेल ने कहा कि हीरा बा परिवार के सदस्य की तरह थीं और उनका यहां सोसाइटी में रहने वाले सभी लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध था। बगल की सोसाइटी के निवासी रमेश प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां होने के बावजूद हीरा बा एक आम इंसान की तरह रहती थीं। उन्होंने कहा, वह हमेशा सादगीपूर्ण जीवन में विश्वास करती थीं और सभी के साथ घुलमिल जाती थीं। वह सभी उत्सवों में भाग लेती थीं। हीरा बा निवासियों से गरीबों के प्रति दयालु होने का आग्रह करती थीं। सोसायटी के अध्यक्ष हसमुख पटेल ने कहा कि यह सभी निवासियों के लिए गर्व की बात है कि हीरा बा यहां रहती थीं। उन्होंने कहा, 'सिर्फ मैं ही नहीं, पूरी सोसाइटी आज काफी दुखी है। हम सब को इस बात पर गर्व है कि हमें हीरा बा के साथ रहने का अवसर मिला। उन्होंने हमेशा हम सभी को अपना प्यार दिया।

### क्रिकेटर पंत सड़क...

मैक्स अस्पताल, देहरादून के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आशीष याग्निक ने कहा कि हड्डी के विशेषज्ञों और प्लास्टिक सर्जन की टीम पंत को देख रही है। उन्होंने कहा , उनकी स्थिति पर एक मेडिकल बुलेटिन एक घंटे में जारी किया जाएगा। पंत को श्रीलंका के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर रखा गया है क्योंकि उन्हें फरवरी में होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले दमखम और अनुकूलन कार्यक्रम के लिए एनसीए में शामिल होना है।उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज में भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। पंत ने मीरपुर में दूसरे टेस्ट में 93 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। डीडीसीए के सचिव सिद्धार्थ साहिब सिंह ने एक बयान में कहा, हम सभी चिंतित हैं, लेकिन शुक्र है कि उनकी हालत स्थिर है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पंत के इलाज का पूरा खर्च उनकी सरकार उठाएगी। धामी ने अधिकारियों से पंत की हालत को लेकर ताजा जानकारी ली और उनके इलाज का पूरा बंदोबस्त करने के लिए कहा। उन्होंने पंत की मां से भी बात की। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर एयर एंबुलेंस का भी इंतजाम किया जाएगा। पंत हालांकि बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं तो बोर्ड उनके उपचार का पूरा खर्च उठाएगा। इस बीच उनके ठीक होने की समूचे खेल जगत ने कामना की है। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया , तुम्हारे शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।मेरी प्रार्थनाएं तुम्हारे साथ है। भारत के पूर्व बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने ट्वीट किया, ऋषभ पंत के लिए प्रार्थना। शुक्र है कि वह खतरे से बाहर है। उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा , पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। बहुत ही जल्दी स्वस्थ हो जाओ। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वह पूरा उपाय कर रहे हैं कि पंत को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा मिले। बोर्ड सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा , बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि ऋषभ को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा मिले ताकि वह इस स्थिति से बाहर निकल सके।

### कांग्रेस में लौटने की...

आजाद ने कहा कि उन्होंने कभी किसी कांग्रेस नेता से बात नहीं की और न ही किसी ने उन्हें फोन किया। इसलिए हैरानी है कि मीडिया में इस तरह की खबरें क्यों फैलाई जाती हैं। आजाद ने कहा कि ये प्रयास कांग्रेस नेताओं द्वारा उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के भीतर अनिश्चितता की भावना पैदा करने और उन्हें हतोत्साहित करने के लिए किए गए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगले महीने जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने वाली राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे, आजाद ने कहा कि उनकी ऐसी कोई योजना नहीं है। इससे पहले कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह आजाद के सम्मानजनक पुनर्मिलन का आधार तैयार कर रहे हैं। एक शीर्ष वरिष्ठ नेता ने द पायनियर को बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद के साथ बातचीत कर रहे हैं और ऐसी उम्मीद है कि आजाद राहुल की यात्रा में शामिल हो सकते हैं। भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक दिग्विजय सिंह ने इस यात्रा में भाग लेने के लिए आजाद को निमंत्रण दिया है। यात्रा जनवरी के अंत में जम्मू-कश्मीर पहुंचेगी और इसमें नेशनल कान्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती के शामिल होने की संभावना है।

### प्रधानमंत्री ने दी बंगाल को...

जोका, ठाकुरपुकुर, सखेर बाजार, बेहाला चौरास्ता, बेहाला बाजार और तारातला जैसे 6 स्टेशनों वाले 6.5 किलोमीटर के खंड का निर्माण 2,475 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया गया है। कोलकाता शहर के दक्षिणी हिस्सों जैसे सरसुना, डाकघर, मुचिपारा और दक्षिण 24 परगना के यात्रियों को इस परियोजना के उद्घाटन से बेहद फायदा होगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री चार रेल परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें बोइंची-शक्तिगढ़ तीसरी लाइन, दानकुनी-चंदनपुर चौथी लाइन, निमतिता- न्यू फरक्का डबल लाइन और अम्बारी फालाकाटा-न्यू मयनागुड़ी-गुमानीहाट दोहरीकरण परियोजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 335 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किए जाने वाले न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री बनर्जी ने इस अवसर पर मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आपकी मां हमारी भी मां हैं।

### कफ सिरप बनाने वाली...

भास्कर ने कंपनी से यह जानकारी मांगी है कि उसने किन अन्य देशों को सिरप और अन्य दवाओं का निर्यात किया है। उन्होंने दवाओं के निर्यात के लिए मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस और प्रोडक्ट परमिशन पेश करने को भी कहा था। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को कहा कि मैरियन बायोटेक की नोएडा इकाई में उसकी खांसी की दवा डॉक-1 मैक्स के दूषित होने की खबरों के मद्देनजर कंपनी की सभी निर्माण गतिविधियों को रोक दिया गया है। हालांकि कंपनी के कानूनी प्रतिनिधि ने गुरुवार को ही बताया था कि कंपनी ने दवा का निर्माण बंद कर दिया है।

### केंद्र ने संयुक्त सचिव...

आदेश के अनुसार ए धनलक्ष्मी को संयुक्त सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, मेबनशैलंग आर सिनरेम को संयुक्त सचिव, पर्यटन मंत्रालय तथा प्रीतम बी यशवंत को संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नियुक्त किया गया है।

### लक्षद्वीप प्रशासन ने 17...

आदेश में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों या संगठनों द्वारा देश के महत्वपूर्ण संस्थानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर हमला करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की आशंका के मद्देनजर एहतियाती उपाय जरूरी हैं। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में चेतावनी दी है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों को भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा) के तहत सजा दी जा सकती है। इस धारा में एक से छह महीने की जेल या जुर्माने का प्रावधान है।

### प्रदूषण बढ़ने से निर्माण...

ग्रेप के तीसरे चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंधों में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गैर-आवश्यक निर्माण और विध्वंस, स्टोन क्रशर और खनन गतिविधियों को बंद किया गया है। मौसम की स्थिति को देखते हुए आने वाले एक सप्ताह तक इस बंदी से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

# सपा सत्ता में आई तो फर्रुखाबाद में डॉ. लोहिया के नाम पर बनेगा मेडिकल कॉलेजः अखिलेश यादव

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता विरोधी दल एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज यहां कहा कि फर्रुखाबाद जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर नहीं हैए प्रदेश में सपा की सरकार आने परए जिले मेंए डा. लोहिया के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। यादव फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय से करीब 32 किलोमीटर दूर कायमगंजए कस्बे में आज शुक्रवार को अपराहन करीब 2रू30 लक्ष्य हॉस्पिटल फील्ड में, स्थानीय सपा कार्यकर्ता डॉ नवल किशोर शाक्य के भाई स्वर्गीय हरवेश कुमार शाक्य के सम्मान में आयोजित शोक श्रद्धांजलि सभा मे बोल रहे थे।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव ने कायमगंज के ग्राम पितौरा मैं स्वर्गीय पूर्व विधायक इजहार आलम खान के यहां पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर नहीं है उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आने पर डॉक्टर लोहिया के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। इसके अलावा कोई प्राइवेट मेडिकल कॉलेज बनाने की पहल करेग तो उसका भी सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेताजी स्वर्गीयमुलायम सिंह यादव ने गरीबों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए सफई एवं कन्नौज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कराई गई, आजउन्हीं की तर्ज पर वर्तमान सरकार ने एटा एवं कासगंज में कॉलेज खोलने की घोषणाएं की। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मां तो मां होती है उसकी जगह कोई भी नहीं ले सकता।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से हमारा भावनात्मक जुड़ाव है- अखिलेश यादव

**फर्रुखाबाद।** उप्र विधानसभा में नेता विरोधी दल एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यहां कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सेए हमारा भावनात्मक जुड़ाव है, यात्रा में कोई भी राजनैतिक पार्टी नहीं जाएगी। यादव फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय से करीब 32 किमी दूर कायमगंज कस्बे में श्रद्धांजली सभा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ लोहिया के सिद्धांतों को बताने की जरूरत नहीं वल्कि की भाजपा के खिलाफ जनता को जागरूक करने के लिए सपाकी अपनी यात्रा अलग होगी। राहुल की भारत यात्रा से हमारा भावनात्मक जुड़ाव है यात्रा में कोई भी राजनीतिक पार्टी नहीं जाएंगी।

## निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप छात्रों को करें तैयारः एनपी सिंह

**चित्रकूट।** महानिदेशक, उ.प्र. स्कूल शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चित्रकूट के निर्देशानुसार पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाने के लिए को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों एवं संबंधित विद्यालयों के नोडल शिक्षकों तथा अभिभावकों की उपस्थिति में विकास खण्ड रामनगर की ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' उत्सव कार्यक्रम सीपी गौतम महाविद्यालय देऊधा, रामनगर के परिसर में आयोजित किया गया। शुभारंभ क्षेत्र पंचायत प्रमुख विकासखंड रामनगर गंगाधर सिंह मिश्र द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रा. विद्यालय बांधी के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम की रूपरेखा तथा इस कार्यक्रम के उद्देश्य तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक स्तर की शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा समस्त प्रतिभागियों से आह्वान किया।

# किसान को मरणासन्न कर लूट ले गए लाखों का माल

**उरई (जालौन)।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने किसान के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। किसान ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोरों को पकड़ लिया। जिस पर चोरों के साथियों ने किसान पर पीछे से हमला कर उसे मरणासन्न कर, घर में रखे लाखों की नगदी व जेवरात लेकर फायरिंग करते हुए भाग गए। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक ग्रामीण गोली लगने से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन के रहने वाले माधव प्रसाद राजपूत पुत्र गौरीशंकर राजपूत संपन्न किसानों में है। बताया गया है कि इनके घर पर गुरुवार देर रात को असलाधारी बदमाशों ने धावा बोल दिया। रात में सोते समय माधव को बक्से की उठा पटक की आवाज सुनाई दी। जिससे वह जाग गया और उन्होंने घर के अन्य कमरों में जाकर देखा जहां बदमाश चोरी की घटना को अंजाम दे



रहे थे। इस घटना को देख उसने बहादुरी दिखाते हुए दो बदमाशों को दबोच लिया, और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर आस-पड़ोस के लोग जाग गए। इसी दौरान चोरों के दो अन्य साथियों ने पीछे से किसान माधव के ऊपर हमला बोल दिया और उसे मरणासन्न करते हुए सामान समेट कर भागने लगे। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले भारत प्रजापति पुत्र राम चरण बाहर आ गए। उन्हें देख बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जिससे एक गोली भारत को लग गई और वह घायल हो गया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से भाग गए। वही ग्रामीणों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। साथ ही घटना में घायल माधव प्रसाद व पड़ोसी भारत को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। घायल माधव प्रसाद ने बताया कि बदमाश उसके घर में रखे लगभग 5 लाख का जेवरात व नकदी लेकर भाग गये है। डकोर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदयभान गौतम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**पुखरायां। कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी रज्जन गांव निवासी एक व्यक्ति ने एक युवक पर नाबालिग भतीजी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जताते हुए उसके खिलाफकोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। गौरी रज्जन गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनके भाई केदारनाथ दिमागी रूप से पीड़ित हैं और उनकी पत्नी गूंगी है। उनकी 17 वर्ष की एक पुत्री भी है। उक्त सभी की देखरेख वही करता है। पीड़ित चाचा ने बताया कि गत 29 दिसंबर की रात से उनकी भतीजी घर से लापता है। दूसरे दिन सुबह जब वह नित्यक्रिया के लिए उठे तो भतीजी को गायब पाया। जिसके बाद वह लोग उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई जानकारी नही मिली। पीड़ित को शक है कि गांव के ओमप्रकाश के यहां उनका भांजा जीतेंद्र पाल जो पेशे से ड्राइवर है का आना जाना है और वही उनकी भतीजी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

# बदमाशों ने सेल्समैनों को मारपीट कर किया जख्मी

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** बीती रात ग्राम छानी से शराब ठेके बंद करके अपने गाँव इगोहटा आ रहे दो सेल्स मैनो पर छानी इगोहटा सड़क में पंचम कुंआ के पास हमला बोलकर आधा दर्जन बदमाशों ने उन्हे अधमरा कर दिया और उनसे 50 हजार की नकदी लूटकर फरार हो गये। सूचना पाकर पहुंचे परिजनो ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुँचाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना स्थल बिवांर, ललपुरा तथा सुमेरपुर तीन थाना क्षेत्रों की अंतिम सीमा में है। यह घटना तीनो थाना क्षेत्रों की पुलिस के लिये चुनौती बन गयी है इंगोहटा निवासी गंगा यादव का पुत्र अजय यादव, माधव कुशवाहा का पुत्र दीनदयाल कुशवाहा दोनों छानी के देशी शराब ठेका तथा अंग्रेजी शराब ठेका में सेल्स मैन के पद पर कार्यरत है। गुरुवार की रात ठेके बंद करने के बाद कैश लेकर बाइक द्वारा अपने गांव आ रहे थे तभी पंचम हुआ नामक स्थान पर घात लगाये बैठे असलहे व लाठी डंडों से लैस आधादर्जन बदमाशों ने सड़क पर उनपर डंडों से हमला बोल दिया तो दोनो सड़क पर गिर गये उसके गिरते ही सभी बदमाश मारने पर जुट पडे और उन्हें लहूलुहान कर कैश भरे बैग छीनकर भाग गये। एक सेल्स मैन का मोबाइल भी छीन ले गये। एक सेल्स मैन ने मोबाइल से परिजनों को अवगत कराया तब दोनों के परिजन घटना स्थल पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया, सूचना पाकर तीनों थाना क्षेत्रों की पुलिस घटना स्थल पहुँची, सी.ओ. सदर भी वहां पहुँचे, घायलों को अस्पताल भेजकर चारो ओर खोजबीन की किन्तु बदमाशों का कहीं पता नहीं चल सका। इस घटना की खबर से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गयी है। पुलिस कब तक लूट की घटना का पर्दाफाश कर पाती है वक्त पर पता चलेगा।

# पूरे मनोयोग से दिव्यांग बच्चों को करें शिक्षितः सीडीओ

**● सब पढ़े, सब बढ़ें के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की कार्यशाला आयोजित**

**फतेहपुर।** सर्व शिक्षा अभियान के सब पढ़े, सब बढ़े कार्यक्रम के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान, विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों की समेकित शिक्षा हेतु एक कार्यशाला का आयोजन लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। दिव्यांग छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 4000 दिव्यांग बच्चों के लिए 35 स्पेशल एजुकेटर शिक्षा देने के लिए नियुक्त है, जिन्हें मॉडल के रूप में तैयार किया जाये और आईपी कार्ड लक्ष्य के सापेक्ष बनाये जाए। उन्होंने कहा कि हृदय से इन्हें पूरे मनोयोग के साथ



दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। ताकि समाज मे बोझ न बने, इन्हें स्थान मिल सके। ईश्वर ने बच्चों को आपको एलाट किया है आप हृदय में समावेश कर अपने बच्चों की भांति शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से कहा कि स्पेशल एजुकेटरो को निर्देश दिए जायें कि 05-05 बच्चों का ग्रुप बनाकर शिक्षा दें।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, बच्चों एवं एनसीसी के छात्रों को नए वर्ष-2023 की शुभकामनाएं दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को महात्मा गौतम बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया और दिव्यांग बच्चों को गिफ्ट उपहार स्वरूप भेंट किये। उन्होंने कार्यशाला में आये हुए आगंतुकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संक्षिप्त रूप से जो बाते बतायी गयी है। उनको सेवाओ में आत्मसार करते हुए शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े। दिव्यांग बच्चों में काफी प्रतिभा रहती है, को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाए। विभागीय आदेश समय-समय में प्राप्त होते है कि अनुसार कार्य को करें और विभागीय योजनाओं को संचालित करें, कार्य मे शिथिलता न बरती जाये।

## क्विक न्यूज

### अतिक्रमणकारियों ने राजस्व टीम पर किया पथराव, रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाने के नहदौरा गांव में अतिक्रमण हटवाने गई राजस्व टीम और पुलिस टीम पर अतिक्रमणकारियों ने गाली गलौज कर पथराव किया। जिस पर लेखपाल अतिक्रमणकारियों के विरोध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नहदौरा गांव के लेखपाल जयप्रकाश ने बताया कि गुरुवार की शाम वह नहदौरा गांव के खलिहान गाटा संख्या 456 बन रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस टीम के साथ गए थे। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारी हीरालाल पत्र बांकेलाल, उसका पुत्र गुलशन और परिवार की महिलाओं ने राजस्व और पुलिस टीम पर गाली गलौज कर पथराव करना शुरू कर दिया। बताया कि अतिक्रमणकारियों ने टीम को जान से मारने की धमकी दी है। जिसका वीडियो बना है। मझगवां थानाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर उक्त लोगों के विरोध सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मछुवारे की संदिग्ध मौत, परिवारजनों ने काटा हंगामा

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव में मछुवारा की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सदर व थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हंगामा किया। क्षेत्र मनकी खुर्द गॉव निवासी कैलाश निषाद (48) पेशे से मछुवारा था। यमुना नदी में बीती रात शिकार खेलने के बाद अपने पुत्र आकाश के साथ नाव में सो गया था। रात में तीन बजे के लगभग पुत्र की नींद खुली तो पिता बिस्तर पर नही थे। तब उसने परिजनों को जानकारी दी। तथा चौकी पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोपहर में नदी से बरामद कर लिया। उसके चोट के निशान मिलने पर परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताया। तथा काफी देर तक हंगामा किया। तथा पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। सीओ सदर के मौके पर आने के बाद परिजनों को समझा कर शव का पनचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। थाना प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### राजमिस्त्री ने कुएं में कूदकर जान दी

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के हरसुंडी में पारिवारिक कलह के चलते राजमिस्त्री ने कुएं में कूदकर जान दे दी है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। स्वजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। हरसुंडी गांव निवासी भागवत अहिरवार के दो पुत्र शिवकुमार और राजकुमार है। बड़ा पुत्र 30 वर्षीय शिवकुमार राजमिस्त्री का काम करता है। बुधवार को पारिवारिक कलह के चलते शिवकुमार घर के सामने बने सूखे कुएं में कूद गया। युवक द्वारा कुए में कूदने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीण और स्वजनों ने युवक को कुएं से बाहर निकाला। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक के भाई राजकुमार ने बताया कि उसका भाई शराब पीने का आदी है। शराब के नशे में वह कुएं में कूद गया। मृतक अपने पीछे दो पुत्री एकता, कोमल और एक पुत्र पुरुषोत्तम छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी हेमलता का रो रो कर बुरा हाल है।

### कबाड़ की दुकानों को पुलिस ने खंगाला

**फतेहपुर।** जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं व चोरी के माल बिक्री को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों पर अमल करते हुए शुक्रवार को कल्यानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने अपने अधीनस्थों संग क्षेत्र में संचालित हो रही कबाड़ की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कारोबारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। कल्यानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव हमराही सिपाहियों के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर, मुरादीपुर, चौडगरा आदि स्थानों पर पहुंचे। जहां कबाड़ियों के यहां छापेमारी की। इस दौरान उन्होने दुकान पर मौजूद कबाड़ की जांच-पड़ताल की और कारोबारियों से इसका ब्योरा मांगा। उन्होने कारोबारियों को चेताया कि कबाड़ खरीदने से पहले यह अवश्य जांच-परख लें कि सामान चोरी का न हो। चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर ही यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने सभी कारोबारियों से रजिस्टर को मेनटेन कर थाने में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस मौके पर थाना स्टाफभी मौजूद रहा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लैब लेबोरेटरी में लगी आग

**फर्रुखाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियों में पैथ काइंड लैब में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। चौक बाजार स्थित लाल पैथोलॉजी मैं आग लग गई। जिसमें रखा लैपटॉप कुर्सी मेज कागजात एवं 200000 नगदी जलकर राख हो गई। पैथोलॉजी के मालिक गोपाल सारस्वत ने बताया कि अज्ञात कारणों से पैथोलॉजी में आग लग गई। जब सुबह 9. 00 नौकर दुकान खोलने आया तब पता चला की दुकान में आग लग गई है और उसमें रखा सारा सामान और कागजात 200000 की नगदी जलकर राख हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुर में गुरूवार की देर शाम शौंचक्रिया कर घर वापस आ रहे 32 वर्षीय युवक विद्युत पोल लगे सपोट तार में आ रहे करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घनश्यामपुर गांव निवासी रतिलाल का पुत्र रमेश कल शाम जंगल शौंचक्रिया के लिये गया था वापस लौटते समय जब वह गांव के समीप पहुंचा तभी ट्रान्सफार्मर के पास लगे विद्युत पोल पर सपोटिंग तार में आ रहे करंट की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### किशोरी ने फॉसी लगा की आत्महत्या

**पुखरायां। कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गांव में गुरुवार की देर शाम एक किशोरी ने घर पर कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दौलतपुर गांव निवासी रामऔतार निषाद की पुत्री कामिनी 16 वर्ष ने गुरुवार की रात घर में कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अमरौधा चौकी इंचार्ज रजनीश सिंह ने बताया कि पिता की पौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन फांसी लगाने का कारण नही बता पा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

### पत्नी से लड़कर खाया जहर

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महरहा में शुक्रवार की दोपहर पत्नी से लड़ 20 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार महरहा गांव निवासी अगनू का पुत्र सोनू का अपनी पत्नी साधना से आज दोपहर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया जहॉ इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# एसपी वृंदा शुक्ला ने व्यापारियों को कराया सुरक्षा का अहसास

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिले के व्यापारियों से परिचय लेते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवायें। सर्दी के मौसम में थाना-चौकी प्रभारियों को रात्रि गश्त करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय के राघव प्रेक्षागार में जिले के व्यापारियों से कहा कि पुलिस प्रतिदिन पैदल गश्त कर संदिग्धों की जानकारी ले रही है, ताकि बडी घटना होने से बचा जा सके। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों के थानों के हिस्ट्रीशीटर, पुराने चोरों का सत्यापन करने के निर्देश दिये। बैंक, एटीएम के पास संदिग्धों की प्रतिदिन जांच करने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक ने एएसपी से कहा कि सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों के तालों को चेककर पुराने तालों को बदल दें। दुकानों में काम करने वाले कर्मचारियों का पुलिस



वेरीफिकेशन अवश्य करायें। बैंक से रुपये निकासी व जमा करते समय अपने वाहन की डिग्गी में पैसे न छोडें। गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से समस्यायें पूंछी और सुरक्षा के निर्देश दिये। गोष्ठी में व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।इससे पूर्व व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, महामंत्री गुलाब गुप्ता,युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता,नगर अध्यक्ष धर्म चंद्र गुप्ता, मंत्री ऋषि आर्या, संगठन मंत्री महेश जायसवाल आदि ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला का अभिनंदन किया।

## संदिग्ध अवस्था में बीमार युवती की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम मनसा का पुरवा में काफी समय से बीमार चल रही 23 वर्षीय युवती की अचानक तबियत बिगड़ जाने पर मौत हो गई। वही मृतका के पिता ने पति व भाई पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर पुलिस ने पति को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया है। मनसा का पुरवा गांव निवासी बृजलाल की पत्नी गीता देवी की तबियत बिगड़ जाने पर मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पिता रामआसरे निवासी धारूपुर थाना राधानगर ने बताया कि उसकी पुत्री बीमार चल रही थी वही ससुरालीजनों ने उसका इलाज नहीं कराया और पति एवं उसके भाई ने उसकी लडकी का मुंह दबाकर हत्या कर दी जबकि मृतका बृजलाल का भतीजा अर्जुन ने बताया कि उसके चाचा की शादी 18 फरवरी 2018 में हो गई थी। शादी के पॉच दिन से ही चाची की तबियत खराब रहने लगी, इलाज के दौरान टीबी की रोगी निकली और उनका लगातार इलाज किया जा रहा था जबकि अर्जुन ने अपनी चाची की इलाज के दौरान हुई सारी जॉचे दिखायी जिसमें मृतका का ब्लड भी कम था। उसने बताया कि चाचा उसका लगातार इलाज कर रहे थे और बीमारी के कारण ही चाची की मौत हुई है और वही पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही सच्चाई सामने आयेगी।

# अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**बाँदा।** जिलाधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की स अटल आवास विद्यालय निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था जी एस एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य को मार्च 2023 तक शतप्रतिशत रूप से



पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अटल आवासीय विद्यालय को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए अन्यथा संबंधित कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि वह निर्माण कार्यों की प्रगति का समय.समय पर स्थलीय निरीक्षण करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने टाइप 2, टाइप 3 के आवास निर्माण कार्य तथा एकेडमिक भवन एवं टपकलनज सबस्टेशन के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए, अवशेष बचे 30 प्रतिशत के निर्माण कार्य को तेज गति से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने बाउंड्री वाल का कार्य तथा सब स्टेशन के कार्य को तेज गति के साथ पूर्ण कराए जाने एवं सिविल लाइन के कार्य को जल निगम के अधिकारी के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिएस उन्होंने अटल आवास योजना में पेयजल की आपूर्ति हेतु ट्यूबवेल लगाकर पानी की व्यवस्था एवं ट्रांसफार्मर आदि की व्यवस्था कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए।

## बंद घर से लाखों की नगदी, सोना, चांदी ले उड़े चोर

**आटा ( जालौन )।** आटा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कहटा गांव में देर रात किसान के बंद घर से लाखों की नगदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना आटा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कहटा की है जहां देर रात चोरों ने किसान के घर में धावा बोल दिया और 6 लाख रुपए की नकदी, ढाई सौ ग्राम सोना एवं ढाई सौ ग्राम चांदी लेकर रफू चक्कर हो गये वहीं किसान खेत में पानी लगाने के लिए गया था जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चे राठ में रहते हैं व बच्चे वहीं पढ़ाई करते हैं। किसान खेत में पानी लगाने के लिए गया था घर में ताला लगा हुआ था। चोरो ने अंधेरी देर रात में ताला तोड़कर किसान के मेहनत की सारी पूंजी उड़ा ले गए। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो किसान लखन को सूचना दी लखन जैसे ही घर में पहुंचा तो देखकर सदमे में आ गया देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे सीओ एवं थाना आटा प्रभारी अर्जुन सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल की जांच की।

# कानपुर ने पंजाब को 4 विकेट से हराया



पिच पर बालिंग करता बालर

**राठ( हमीरपुर )।** स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय के कीड़ा स्थल पर स्वामी ब्रह्मानंद अंतरराज्यीय एसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मैच का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतराम राजपूत फीता काटकर किया। पूल ए का पहला मैच पंजाब और कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें पंजाब की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पंजाब टीम 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जबाब में उतरी कानपुर की टीम से सलामी बल्लेबाज विनायक ठाकुर ने ताबडतोड़ बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 48 रन बनाए। कानपुर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट से मैच जीत लिया। पंजाब टीम की ओर से सौरभ ठाकुर ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। कानपुर की तरफ से सतनाम मैंन ऑफदी मैच रहे। एंपायर की भूमिका विपुल और पीयूष ने निभाई। कमेंट्री देवेन्द्र राजपूत और सीतू सेंगर ने की। टूर्नामेंट अध्यक्ष धर्म सिंह राज खजांची ने बताया कि कल 10 बजे पुल ए का दूसरा मैच हमीरपुर पुलिस और झाँसी के बीच खेला जाएगा।

# नए साल के जश्न की आड़ में डर्टी-पार्टियों की तैयारी

**● जिले में नए साल में मौज-मस्ती कराने की गुपचुप है तैयारी ●शहर के कई होटलों व गोपनीय स्थानों में नशे की पार्टी सहित रात रंगीन बनाने की शुरू है कवायद ●नए साल में होगा शराब-शबाब का जश्न, रंगीन माहौल के लिए कई होटलों में बुलाई गईं हैं बार बालाएं ●पुलिस की आंखों में धूल झोंक संचालक तैयारियों में जुटे ●सेटिंग-गेटिंग के चलते कई होटलों के नाजायज कामों की छिपी रहती हैं खामियां**

**फतेहपुर।** साल 2022 की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।नए साल के आगमन एवं स्वागत को लेकर लोगों की तैयारियां भी तेजी से शुरू हैं। नए साल में शहर व दूर होटल-ढाबों में नए साल का जश्न मनाने की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। होटल मालिक व्यवस्थाओं को कर डर्टी-पार्टियों की तैयारियां भी शुरू किए हैं।नशे के साथ-साथ रातें रंगीन हो जाएं इसके भी आयोजन चुप-चाप किए जा रहे हैं। फतेहपुर जिले में प्रशासन व पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर डर्टी-पार्टियों को करने की यहां कवायद तेज है।

जिले में नए साल का जश्न हर वर्ष की तरह इस बार भी मनाने के लिए लोग बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। इसका जुनून युवाओं पर सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार भी 2022 की विदाई और 2023 के आगमन को खास बनाने के लिए युवाओं में क्रेज बढ़ता जा रहा है। यहां कई ऐसे होटल हैं जहां ऐसी पार्टियां पहले भी गुपचुप आयोजित होती रही हैं लेकिन इन्हें रोकने के कारगर कदम कभी भी नहीं उठाए गए। शहर में कई जगहों में टिकट लगाकर बकायदा जश्न मनाने की तैयारी की जा रही है। दिखाने के लिए तो ऐसी जगहों में सब साफसुथरा होगा लेकिन हकीकत में बाहर से बार बालाओं को भी बुलाया जा रहा है।

नववर्ष के आगमन पर एक बार फिर प्रशासन व पुलिस की आंखों में धूल झोंक रातें रंगीन बनाने की कवायद तेज है।

खबर है कि कई होटलों व गोपनीय स्थानों में गुपचुप तरीके से शशराबश्और शशबाबश् की पार्टियों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए आने वाले लोगों से मोटी रकम वसूले जाने की तैयारी है। नए साल के आगमन पर डर्टी-पार्टियों के आयोजन को रोकने के लिए पुलिस महकमा भी सतर्क रहेगा लेकिन देखना यह है कि इनके आयोजन हो पाते हैं या नहीं! पुलिस ने भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें इसकी तैयारी कर रखी है। वैसे रूटीन चेकिंग कर पुलिस होटलों में छापेमारी करती रही है पर डर्टी-पार्टियों के आयोजनों के शातिर कहीं न कहीं सफल होते रहे हैं?

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 31 दिसंबर, 2022



# पुतिन-शी में वार्ता, रूस का यूक्रेन पर हमला जारी, दागीं मिसाइल

**भाषा।** कीव



**यूक्रेन में** 10 महीने से जारी युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को और प्रगाढ़ करने का शुक्रवार को संकल्प लिया। इस बीच, रूस की ओर से यूक्रेन पर बृहस्पतिवार रात और शुक्रवार तड़के ड्रोन और राकेट से लगातार हमले किए गए। पुतिन और शी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यूक्रेन का सीधे तौर पर कोई उल्लेख नहीं किया लेकिन उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव और मुश्किल अंतरराष्ट्रीय स्थिति के बीच मास्को और बीजिंग के बीच मजबूत होते संबंधों की सराहना की। पुतिन ने कहा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के मद्देनजर, रूसी-चीनी रणनीतिक साझेदारी बढ़ रही है। वार्ता में पुतिन ने सैन्य सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की। पुतिन ने शी को वसंत के मौसम में मास्को आने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा, इस तरह की यात्रा पूरी दुनिया को प्रमुख मुद्दों पर रूसी-चीनी संबंधों की ताकत का प्रदर्शन करेगी, द्विपक्षीय संबंधों में वर्ष की मुख्य राजनीतिक घटना बन जाएगी। पुतिन ने शी के साथ वार्ता के दौरान कहा कि उनके देशों के बीच संबंधों में सैन्य सहयोग का विशेष स्थान है। पुतिन ने कहा कि रूस का उद्देश्य दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। शी ने अपने दुभाषिया के जरिए कहा कि चीन, रूस के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाने, एक दूसरे को विकास के अवसर प्रदान करने, दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए और दुनिया भर में स्थिरता के हित में वैश्विक भागीदार बनने के लिए तैयार है। पुतिन के यूक्रेन में 24 फरवरी को अपने सैनिकों को भेजने के बाद से रूस और चीन के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। पिछले हफ्ते मॉस्को और बीजिंग ने पूर्वी चीन सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया। यूक्रेन में, अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा केंद्र और अन्य महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए रूसी मिसाइल हमले में मृतकों की संख्या बढ़ने की बात कही। पिछले कुछ हफ्तों में रूसी सुरक्षा बलों का यह सबसे भीषण हमला था। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको के मुताबिक हमले में चार लोगों की मौत हो गई।

## अमेरिकी टोही विमान के सामने आया चीनी विमान, दुर्घटना टली : अमेरिका

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि चीनी नौसेना के लड़ाकू विमान ने दक्षिण चीन सागर के ऊपर अमेरिकी वायुसेना के एक टोही विमान के पास खतरनाक तरीके से उड़ान भरी लेकिन अमेरिकी पायलट ने अपनी कुशलता से दोनों विमानों को भिड़ने से बचा लिया। अमेरिकी सेना की हिंद-प्रशांत कमान ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि घटना 21 दिसंबर को हुई थी, जब चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का जे-11 विमान अमेरिकी वायुसेना द्वारा संचालित बड़े टोही विमान आरसी-135 के सामने से छह मीटर की दूरी से गुजर गया। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी विमान कानून के अनुसार अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर के ऊपर नियमित अभियान पर था। इसके मुताबिक, अमेरिकी विमान के पायलट ने अपनी कुशलता के जरिए दोनों विमान को भिड़ने से बचा लिया। चीन दक्षिण चीन सागर को अपना क्षेत्र बताता है और उसमें उड़ान भरने वाले अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के विमानों को चुनौती देता रहता है। इस तरह के व्यवहार के कारण 2001 में एक हवाई टक्कर हुई जिसमें एक चीनी विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और पायलट की मौत हो गई थी। बयान में कहा गया, अमेरिकी हिंद-प्रशांत संयुक्त बल एक मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर प्रतिबद्ध है। वह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सभी जहाजों और विमानों की सुरक्षा के लिए उचित सम्मान के साथ अंतरराष्ट्रीय समुद्री और हवाई क्षेत्र में उड़ान भरना एवं जहाज भेजना जारी रखेगा। इसमें कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सभी देश अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र का सुरक्षित और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उपयोग करेंगे।

## क्विक न्यूज

### पूर्व पोप बेनेडिक्ट की जन्मभूमि बवेरिया में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर प्रार्थना

**बर्लिन।** पोप बेनेडिक्ट सोलहवे की मातृभूमि बवेरिया मे लोगो ने बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त बिशप के लिए प्रार्थना की। वह वेटिकन के लिए जर्मनी छोड़ने के 40 साल बाद और उनके इस्तीफे के लगभग एक दशक बाद भी इस क्षेत्र के लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है। जर्मनी के छोटे से शहर मार्क्टल ऐम इन के सेंट ओसवाल्ड चर्च में, 95 साल से अधिक समय पहले जोसेफ रैत्जिंगर नाम के एक भविष्य के पोप का बपतिस्मा (ईसाई चर्च का विधिवत सदस्य बनने का संस्कार) हुआ था। यहां स्थानीय चर्च की प्रमुख सैंड्रा मेयर ने बेनेडिक्ट की एक मढ़ी हुई तस्वीर लगाई और उसके सामने लाल मोमबत्ती जलाकर ग्रामवासियो की प्रार्थना सभा का बंदोबस्त किया। मेयर का बपतिस्मा भी इसी गिरजाघर मे हुआ था। उन्होंने कहा कि वह बुधवार को बेनेडिक्ट का स्वास्थ्य बिगड़ने की वेटिकन से आई खबर से हिल गईं। उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि उनके (बेनेडिक्ट सोलहवे के) लिए अब समय आसान हो और उन्हे कष्ट न हो।

### शहबाज शरीफ ने बढ़ते आतंकवाद पर चर्चा के लिए एनएससी की बैठक बुलाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश मे बढ़ते आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने की रणनीति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई है। शरीफ की अध्यक्षता मे होने वाली बैठक मे पाकिस्तान के शीर्ष नागरिक और सैन्य अधिकारी शामिल होगे। इस बैठक में तीनो सेनाओ के प्रमुख, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियो और अन्य उच्च अधिकारी भी भाग लेंगे। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, थल सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शरीफ से मुलाकात की और उन्हे राष्ट्रीय सुरक्षा मामलो के बारे मे जानकारी दी। इसके बाद एससीसी की बैठक बुलाए जाने का फैसला किया गया। द न्यूज इंटरनेशनल समाचार पत्र ने बताया कि खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम पाकिस्तान मे हालिया आतंकी हमलो और पाकिस्तान-अफगान सीमा की स्थिति के बारे मे जानकारी देंगे।

### ब्रिटेन में अवैध दवा की बिक्री पर भारतवंशी दवा विक्रेता को जेल

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने एक भारतवंशी दवा विक्रेता को अवैध दवाओं की आपूर्ति करने के जुर्म मे 18 महीने की जेल की सजा सुनाई है। नॉर्विच इवनिंग न्यूज के मुताबिक 40 साल से अधिक के अनुभव वाले लंदन के दवा विक्रेता दुष्यंत पटेल (67) ने एक महिला को 2020 मे महीनों तक श्रेणी सी के अंतर्गत आने वाली या ब्रिटेन के कानून के तहत प्रतिबंधित दवाओं की महीनो तक आपूर्ति की थी। स्थानीय पुलिस ने पूर्वी इंग्लैड के नॉर्विच मे अलीशा सिद्दिकी नामक इस महिला की मौत के चार महीने बाद पटेल को इस मामले मे संदिग्ध के रूप पहचान की थी। सिद्दीकी का शव अगस्त 2020 मे मिला था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अलीशा सिद्दिकी की प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मे किसी नतीजे पर नही पहुंचा जा सका, लेकिन विष विज्ञान (टॉक्सिकोलोजी) परीक्षण के परिणाम से पता चला कि ज्यादा मात्रा मे दवा की खुराक लेने से उसकी मौत हुई। सिद्दिकी के फोन के विश्लेषण से पता चला कि जनवरी और अगस्त 2020 के बीच पटेल के साथ उसकी कई बार बातचीत हुई थी।

### अमेरिका : बुफालो में बर्फीले तूफान में लापता लोगों की तलाश तेज

**बुफालो (अमेरिका)।** अमेरिका मे बर्फीले तूफान से तबाह हुए बुफालो मे बृहस्पतिवार को सड़कें यातायात के लिए खोल दी गईं। हालांकि, अधिकारी लगातार उन लोगों की तलाश में जुटे है, जो पिछले सप्ताह आए बर्फीले तूफान के बाद से लापता है। न्यूयॉर्क के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले शहर के महापौर बायरन ब्राउन ने घोषणा की कि बृहस्पतिवार मध्य रात्रि के बाद से वाहन चलाने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया। पश्चिम न्यूयॉर्क मे कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है और इनमे से अधिकतर बुफालो से है। ब्राउन ने बुधवार देर रात को संवाददाता सम्मेलन में कहा, बर्फ हटाने के काम मे उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उपनगरीय सड़कें, प्रमुख राजमार्ग और बुफालो नियागरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहले ही खोले जा चुके है। हालांकि, ब्राउन ने निवासियो से अभी भी बिना किसी जरूरी काम के सड़क पर वाहन लेकर निकलने से बचने का अनुरोध किया है। नेशनल गार्ड बुफालो मे घर-घर जाकर लोगों की जरूरतों का पता लगा रहे है, जहां तूफान के कारण घरो में बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विरोध प्रदर्शन करने पर रोक लगी, कर्फ्यू लागू किया गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान मे प्रांतीय सरकार ने इस सप्ताह के दौरान प्रदर्शनकारियो के साथ हुए हिंसक संघर्ष मे एक पुलिसकर्मी की मौत के बाद बंदरगाह शहर ग्वादर मे विरोध प्रदर्शनो पर प्रतिबंध लगाने के साथ कर्फ्यू लागू कर दिया है। एक आधिकारिक वक्तव्य मे शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। मौलाना हिदायतुर रहमान के नेतृत्व मे हक दो तहरीक (एचडीटी) नामक संगठन से जुड़े प्रदर्शनकारी लगभग दो महीने से स्थानीय मछुआरो की जगह मशीनीकृत नौकाओं के जरिए अवैध रूप से मछली पकड़ने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है।

### टेड्रोस की आलोचना के बाद चीनी अधिकारियों ने डब्ल्यूएचओ विशेषज्ञों के साथ कोविड पर चर्चा की

**बीजिंग।** चीन के स्वास्थ्य अधिकारियो ने शुक्रवार को देश मे बड़े पैमाने पर कोविड-19 के मामलो में उछाल पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञो के साथ चर्चा की।संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेब्रेयसस ने बीजिंग से अधिक जानकारी साझा करने के लिए कहा और महामारी प्रभावित यात्रियो की जांच के लिए भारत जैसे देशो के फैसले का बचाव किया।चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक बयान मे कहा कि चीनी अधिकारियो और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञो ने कोविड-19 की मौजूदा स्थिति, उपचार और टीकाकरण पर विचारो का आदान-प्रदान किया।बयान मे कहा गया है कि वे दुनिया भर मे जल्द से जल्द महामारी को समाप्त करने मे मदद के लिए तकनीकी आदान-प्रदान जारी रखने पर सहमत हुए।चीन मे ओमीक्रॉन के उपस्वरूप के मौजूदा उछाल से लाखो चीनी संक्रमित हुए है, जिससे दुनिया भर में चिंता फैल गई।

### सीरिया में हमले में 10 की मौत, कुर्द बलों ने 52 आंतकवादियों को गिरफ्तार किया

**बेरूत।** पूर्वी सीरिया मे शुक्रवार को तेल उद्योग के कर्मचारियो को लेकर जा रही एक बस को निशाना बनाकर आतंकवादियो ने राकेट हमला किया, जिसमे कम से कम 10 लोगो की मौत हो गई। सरकार ने यह जानकारी दी। उत्तर मे, सीरियाई कुर्द के नेतृत्व वाली सेना ने घोषणा की कि उन्होंने इस्लामिक स्टेट समूह के स्लीपर सेल के खिलाफ एक अभियान मे 52 आतंकवादियो को गिरफ्तार किया। सीरिया के पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, रॉकेट पूर्वी दीर अल-जौर प्रांत मे अल-तैम गैस क्षेत्र मे गिरा। इस हमले की जिम्मेदारी का तत्काल किसी ने दावा नही किया लेकिन ब्रिटेन के एक युद्ध निगरानी समूह ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि हमले के पीछे आईएस का हाथ है। ऑब्जर्वेटरी ने रॉकेट हमले से मरने वालो की संख्या भी अधिक होने की सूचना देते हुए कहा कि कम से कम 12 कर्मचारी मारे गए। अमेरिका समर्थित और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक बलों ने शुक्रवार को यह भी कहा कि उनके छापे ने कथित तौर पर नए साल की पूर्व संध्या पर हमले की योजना को विफल कर दिया।

### चीन ने अमेरिका में अपने दूत चिन गांग को नया विदेश मंत्री बनाया

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका मे अपने दूत चिन गांग को नया विदेश मंत्री नियुक्त किया है, जो वांग ई की जगह लेंगे। मौजूदा विदेश मंत्री वांग ई (69) को पदोन्नत कर सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो मे शामिल किया गया है और वह देश के शीर्ष राजनयिक बन गए है। ब्यूरो नीतिगत मामलों मे पार्टी का शीर्ष निकाय है। यह अभी स्पष्ट नही हो सका है कि 56 वर्षीय चिन कब पद संभालेगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और सहायक विदेश मंत्री हुआ चुनयिंग ने ट्वीट किया, चीन का नया विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने पर चिन गांग को बधाई।चीन की कूटनीति मे एक शानदार नए अध्याय की प्रतीक्षा।

### इजराइल ने दो सैनिकों के खिलाफ अभियोग दायर किया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने कहा कि उसके अभियोजको ने वेस्ट बैंक में एक फलस्तीनी के घर पर कथित तौर पर विस्फोटक फेंकने वाले दो सैनिको के खिलाफ अभियोग दायर किया है। यह अपने आप में एक दुर्लभ मामला है जिसमे फलस्तीनियो के खिलाफ अपराध को लेकर इजराइल अपने सैनिको पर अभियोग चला रहा है। इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अभियोजको ने दो सैनिको पर विस्फोटक उपकरण बनाने, इरादतन हमला करने और जानबूझकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए है। गत 28 नवंबर को गिरफ्तार किए गए आरोपी सैनिको को अदालत ने अगले महीने सुनवाई होने तक हिरासत मे रखने का आदेश दिया।

### तुर्किए के एक रेस्तरां में विस्फोट, सात की मौत

**इस्तांबुल।** पश्चिमी तुर्किए के एक रेस्तरां मे शुक्रवार को विस्फोट होने से सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी के मुताबिक संभवतः गैस रिसाव होने के कारण यह विस्फोट हुआ। आयदिन प्रांत के गवर्नर हुसैन अकोसी ने तुर्किए के प्रसारक सीएनएन-तुर्क को बताया कि इस विस्फोट में पांच अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गवर्नर हुसैन अकोसी ने कहा कि एक रेस्तरां कर्मचारी की शुरुआती गवाही से पता चलता है कि रसोई गैस के सिलेंडर में रिसाव हुआ था, जिसके कारण अपराह्न लगभग 3.35 बजे विस्फोट हुआ। मीडिया ने यह भी कहा कि आयदिन के नाज़ल्ली जिले में तुर्की डोनर कबाब की दुकान मे विस्फोट के बाद आग लग गई।

# जयशंकर ने साइप्रस में कोणार्क चक्र का दौरा किया

● दोनों देशों की गहरी मित्रता का प्रतीक बताया

**भाषा।** निकोसिया

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर साइप्रस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान कोणार्क चक्र देखने गए जो दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है। जयशंकर 29 से 31 दिसंबर तक साइप्रस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। दोनों देश अपने राजनयिक संबंध स्थापित होने की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर बृहस्पतिवार को कोणार्क चक्र देखने गए जिसे भारत ने वर्ष 2017 में साइप्रस को भेंट किया था। जयशंकर ने ट्वीट किया, साइप्रस के विदेश मंत्री लोआनिस कासोउलिडेस और गृह मंत्री नोउरिस निकोस के साथ वहां के विदेश मंत्रालय में स्थापित कोणार्क चक्र देखा। उन्होंने कहा, वर्ष 2017 में भारत की ओर से भेंट किया गया, यह हमारे देशों के बीच मजबूत मित्रता का प्रतीक है। जयशंकर ने साइप्रस के अपने समकक्ष लोआनिस कासोउलिडेस के साथ सार्थक चर्चा करने के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत साइप्रस मुद्दे के समाधान के तौर पर संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों पर आधारित द्वि-क्षेत्रीय संघ की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। वहीं, कासोउलिडेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और अंतरराष्ट्रीय कानून के संबंध में साइप्रस का एक व्यवहार्य तथा व्यापक समझौते पर पहुंचने का समर्थन करने के लिए भारत का आभार जताया था। उन्होंने कहा था, जैसा कि हमने भारत के मामले में देखा है, देश का विभाजन एक खतरनाक यात्रा की शुरुआत थी और निश्चित तौर पर अंत नहीं था इसलिए साइप्रस तथा उसके लोगों के लिए दो राज्य के समाधान को स्वीकार नहीं किया जा सकता।



विदेश मंत्री जयशंकर साइप्रस के पूर्व विदेश मंत्री निकोस से मुलाकात करते

### एससीओ, जी20 में भारत की अध्यक्षता विश्व स्थिरता और सुरक्षा को मजबूत करेगी: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि एससीओ और जी20 की भारत की अध्यक्षता दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग का निर्माण करेगी और एशिया तथा पूरी दुनिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को मजबूत करेगी। भारत ने एक दिसंबर को औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता तथा 16 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता संभाली थी। क्रेमलिन ने एक बयान मे कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए नए साल के संदेशों मे पुतिन ने कहा कि रूस और भारत ने 2022 मे अपने राजनयिक संबंधो की 75वी वर्षगांठ मनाई तथा मित्रता एवं पारस्परिक सम्मान की सकारात्मक परंपराओ पर भरोसा करते हुए दोनों देश अपनी खास रणनीतिक साझेदारी को जारी रखे हुए है। पुतिन ने कहा कि दोनों देशों ने ऊर्जा, सैन्य प्रौद्योगिकी और सहयोग के अन्य क्षेत्रों के अलावा बड़े पैमाने पर व्यापार एवं आर्थिक परियोजनाओ को अंजाम दिया तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक एजेंडे के महत्वपूर्ण मामलों के समाधान के लिए समन्वित प्रयास किए। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत की हाल मे शुरू हुई एससीओ और जी20 अध्यक्षता एशिया तथा पूरी दुनिया मे स्थिरता एवं सुरक्षा को मजबूत करने के हित मे, हमारे लोगों के लाभ के लिए बहु-आयामी रूस-भारत सहयोग के निर्माण के लिए नए अवसर खोलेगी। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना नही की है और नई दिल्ली यह कहती रही है कि संकट को बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। एससीओ में चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, पाकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। यह एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संगठन है। यह भौगोलिक दायरे और जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन है, जिसके दायरे में यूरेशिया का लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र, दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आता है। वहीं, जी20 में 19 देश-अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन और अमेरिका---तथा यूरोपीय संघ शामिल हैं।

# कंबोडिया के कसीनो होटल में लगी आग में मृतक संख्या बढ़ी



**भाषा।** नोम पेन्ह

**पश्चिमी कंबोडिया** के एक कसीनो होटल में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 25 हो गई। पीड़ितों की तलाश में खोज अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

थाईलैंड की सीमा से लगते पोईपेट में ग्रैंड डायमंड सिटी कसीनो एंड होटल में बुधवार आधी रात के करीब आग लग गई थी जिस पर 12 घंटे से अधिक समय बाद बृहस्पतिवार दोपहर को काबू पाया जा सका।

बंटेय मीनचे प्रांत के सूचना विभाग के प्रमुख सेक सोखोम के अनुसार, शुक्रवार सुबह निकाले गए छह शवों के साथ ही अब तक घटनास्थल से 25 शव निकाले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुछ शव कमरे में तो कुछ सीढ़ियों पर पड़े थे। उन्होंने कहा कि 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं और मरने वालों की संख्या में इजाफा होने की आशंका है क्योंकि बचावकर्मी मलबे के नीचे से, बंद कमरों के अंदर से पीड़ितों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। कंबोडिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति के प्रवक्ता सोथ किमकोलमोनी ने बताया कि ग्रैंड डायमंड सिटी कसीनो परिसर में 500 कर्मचारी हैं और बुधवार को वहां 1,000 लोग आए थे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि आग लगने के दौरान वहां कितने लोग मौजूद थे और कितने वहां से सुरक्षित निकल पाने में सफल रहे। जोर शोर से चलाए जा रहे अभियान के बीच हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाना अभी मुश्किल है क्योंकि अफरा तफरी के माहौल में कई जीवित बचे घायल उपचार के लिए सीमा पार कर पड़ोसी देश थाईलैंड चले गए जहां चिकित्सा सुविधाएं बेहतर हैं। थाईलैंड और कंबोडिया की बचाव टीम संयुक्त रूप से 17 मंजिला इमारत के परिसर में पीड़ितों की तलाश कर रही है लेकिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त इमारत में उन्हें रात को अपना अभियान रोकना पड़ा।

# अदालत ने सू ची को भ्रष्टाचार के मामले में फिर दोषी करार दिया

**भाषा।** बैंकॉक



**सैन्य** शासित म्यांमा की एक अदालत ने शुक्रवार को देश की अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के एक और मामले में दोषी ठहराया और उन्हें सात साल जेल की सजा सुनाई। फरवरी 2021 में सेना द्वारा सू ची की निर्वाचित सरकार को गिराए जाने के बाद से उन पर कई राजनीतिक अभियोग लगाए गए और अब इस सजा के जुड़ने के साथ उन्हें कुल 33 वर्ष जेल में बिताने होंगे। शुक्रवार को समाप्त हुए मामले में भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत सू ची के खिलाफ पांच आरोप थे। सू ची (77) को कई अन्य आरोपों मे भी दोषी ठहराया गया है जिनमें अवैध रूप से वॉकी-टॉकी का आयात करने और उन्हें रखने, कोरोना वायरस प्रतिबंधों का उल्लंघन करने, देश के सरकारी गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने, देशद्रोह और चुनाव में धोखाधड़ी जैसे आरोप शामिल हैं। इससे पहले उन्हें विभिन्न अपराधों के लिए कुल 26 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। उनके समर्थकों और स्वतंत्र विश्लेषकों का कहना है कि उनके खिलाफ लगाए गए विभिन्न आरोपों का उद्देश्य सत्ता को अपने अधिकार में लेने के सैन्य शासन के प्रयास को वैध बनाना और चुनाव से पहले उन्हें राजनीति से दूर रखना है। म्यांमा के सैन्य शासन ने अगले साल चुनाव कराने का वादा किया है। अधिकारियों द्वारा दंडित किए जाने के डर से नाम नहीं छापने के अनुरोध पर राजधानी के बाहरी इलाके में मुख्य जेल में विशेष रूप से बनाए गए अदालत कक्ष में शुक्रवार के फैसले से एक कानूनी अधिकारी ने अवगत कराया। मुकदमे को मीडिया, राजनयिकों और लोगों से दूर रखा गया था और सू ची के वकीलों को इस बारे में बात करने की मनाही थी। सू ची सरकार की वास्तविक प्रमुख थीं और उन्हें स्टेट कॉउंसलर की पदवी दी गई थीं।

# पीएम मोदी की मां के निधन पर दुनियाभर के नेताओं ने जताया शोक

**भाषा।** तोक्यो-यरुशलम



**विश्व के कई** नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक व्यक्त किया। हीराबेन (99) का अहमदाबाद के एक अस्पताल में शुक्रवार तड़के निधन हो गया। हीराबेन का गांधीनगर के एक श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी, मैं आपकी प्यारी मां के निधन पर गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। इजराइल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ट्वीट करके शोक प्रकट किया। नेतन्याहू ने कहा, मेरे प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री, कृपया अपनी प्यारी मां के निधन पर मेरी संवेदना स्वीकार करें। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहा कि मोदी की मां के निधन के बारे में जानकर उन्हें बहुत दुख हुआ है। उन्होंने ट्वीट किया, दुख की इस घड़ी में मैं प्रधानमंत्री मोदी जी और परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री मोदी की प्यारी मां के निधन से गहरा दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी और उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। भूटान के प्रधानमंत्री डॉ. लोटे शेरिंग ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी की मां के निधन पर मेरी ओर से संवेदनाएं। अपने माता-पिता को खोने का दुख असहनीय है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन के निधन पर शोक प्रकट किया।

शरीफ ने ट्वीट किया मां को खोने से बड़ा नुकसान और कोई नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की मां के निधन पर मेरी ओर से शोक संवेदनाएं। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने भी हीराबेन के निधन पर मोदी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने भी मोदी की मां के निधन पर दुख जताते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।



अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ इसराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

# संबंधों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे : रक्षा मंत्री

**● पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की उस टिप्पणी को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं**

**भाषा ।** तिरुवनंतपुरम



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना और इन्हें भविष्य में भी बनाए रखना चाहता है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर नहीं किया जाएगा।

यहां शिवगिरि मठ की 90वीं वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की उस टिप्पणी को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। रक्षा मंत्री ने कहा, हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंधों की आवश्यकता है। लेकिन, हम अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर किसी के साथ अच्छे संबंध नहीं चाहते हैं। सिंह ने केरल के समाज सुधारक श्री नारायण गुरु की शिक्षाओं के बारे में भी बात की, जैसे उद्योग के माध्यम से समृद्धि , जो भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत नीति का आधार है। रक्षा मंत्री ने कहा, इसी के परिणामस्वरूप हमें दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता है और हमारी सेना को एक शक्ति के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि जब वह सशस्त्र बलों की मदद से और प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शरीर (सीमाओं) की रक्षा के लिए काम कर रहे थे, तब मठ के संत देश की आत्मा की रक्षा के लिए काम कर रहे थे। सिंह ने कहा, मैं आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करता हूं। हम एक राष्ट्र के रूप में तभी जीवित रह सकते हैं जब शरीर और आत्मा दोनों सुरक्षित हों।

## अदालत में आरोपी ने जज पर पत्थर फेंका

**नवसारी।** गुजरात के नवसारी में शुक्रवार को अदालती कार्यवाही के दौरान हत्या के प्रयास के एक आरोपी ने एक न्यायाधीश पर पत्थर फेंक दिया। नवसारी पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरोपी धर्मेश राठौड़ द्वारा फेंका गया पत्थर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए आर देसाई को नहीं लगा और पत्थर उनके पीछे दीवार से जा टकराया। बयान में कहा गया कि राठौड़ को सूरत की लाजपोर जेल से नवसारी सत्र अदालत लाने वाले तीन पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित कर दिया गया है और घटना के संबंध में राठौड़ के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इसमें कहा गया कि राठौड़ पहले ही हत्या के प्रयास (भारतीय दंड संहिता की धारा 307) और खतरनाक हथियारों से हमला (धारा 326) के मुकदमे का सामना कर रहा है। बयान में कहा गया उसे अदालत लाने वाले पुलिसकर्मियों- एक सहायक उपनिरीक्षक और दो कांस्टेबलों को सूरत में लाजपोर जेल से उसकी हिरासत लेते वक्त उसकी गहन तलाशी लेनी चाहिए थी।

# शाह ने कांग्रेस, जद (एस) को भ्रष्ट बताते हुए ओल्ड मैसुरु क्षेत्र में भाजपा के लिए मांगा वोट : शाह

**भाषा ।** मांड्या (कर्नाटक)

**चुनावी राज्य** कर्नाटक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दल कांग्रेस और जद (एस) दोनों को परिवारवादी (वंशवादी राजनीति करने वाली) कहा और मांड्या एवं पुराने मैसुरु क्षेत्र के लोगों से राज्य में बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा का समर्थन करने को कहा।

भाजपा को वोक्कालिगा बहुल ओल्ड मैसुरु क्षेत्र में कमजोर माना जाता है और 2023 के विधानसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए पार्टी इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रही है। शाह ने कहा, जद(एस)-कांग्रेस, कांग्रेस-जद(एस) काफी हो चुका, इस बार मांड्या, मैसूरु क्षेत्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीत दिलानी चाहिए। कांग्रेस और जद(एस) दोनों परिवारवादी पार्टियां हैं, वे भ्रष्ट पार्टी हैं। राज्य भाजपा की चल रही



जनसंकल्प यात्रा के तहत एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमने दोनों दलों के प्रशासन को देखा है, जब कांग्रेस आती है, तो कर्नाटक दिल्ली का एटीएम बन जाता है और जब जद (एस) आता है तो यह एक परिवार के लिए एटीएम बन जाता है। इन दोनों पार्टियों ने बार-बार भ्रष्टाचार के माध्यम से कर्नाटक की प्रगति को रोका है। परिवारवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त होने का समय आने की बात कहते हुए शाह ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी को एक बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने और डबल इंजन सरकार लाने का अवसर देने को कहा। उन्होंने कांग्रेस और जद (एस) दोनों पर भ्रष्ट, सांप्रदायिक और अपराधियों के रक्षक होने का आरोप लगाते हुए कहा, मोदीजी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों में हम कर्नाटक को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएंगे।

कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को कभी पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, उसने या तो जद (एस) के समर्थन से या अन्य दलों से दलबदल करके जोड़-तोड़ के जनादेश के माध्यम से सरकारें बनाई हैं। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, राज्य भाजपा प्रमुख नलिन कुमार कतील, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि सहित अन्य नेता उपस्थित थे। उन्होंने उल्लेख किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह ने मांड्या और मैसुरु क्षेत्र के लोगों से अनुरोध किया कि इस इलाके में भाजपा को जिताएं और उसे पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि भाजपा का समर्थन करने से पीएम मोदी का हाथ मजबूत होगा और यह देश को सुरक्षित बनाएगा। उन्होंने कहा, सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान, 1,700 पीएफआई सदस्यों के खिलाफ मामले वापस ले लिए गए, जबकि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया और उन सभी को सलाखों के पीछे डाल दिया। पुराने मैसूर क्षेत्र में स्थित मांड्या वोक्कालिगा समुदाय बहुल जिला है, जिसे जद (एस) के गढ़ के रूप में देखा जाता है। कांग्रेस भी वहां मजबूत स्थिति में है, जबकि भाजपा अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है।

## राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति में निजी क्षेत्र को महत्व मिला

**नई दिल्ली ।** सरकार द्वारा जारी की गई राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति मंत्रालयों और विभागों से कहा गया है कि वे उदार प्रणाली के तहत अपने लिए आवश्यक भू-स्थानिक डेटा के निर्माण और विकास के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग को मध्यस्थ के रूप में इस्तेमाल करने की जगह निजी क्षेत्र की अधिक से अधिक सेवा लें।

बृहस्पतिवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति में निजी उद्यमों की भागीदारी के साथ देश के लिए एक संपन्न भू-स्थानिक उद्योग के वास्ते 13 बिंदु भी निर्धारित किए गए जिनमें 2030 तक पूरे देश के लिए उच्च सटीकता वाला एक डिजिटल उन्नयन मॉडल और 2035 तक बड़े शहरों एवं नगरों के लिए डिजिटल ट्विन बनाना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को एक बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नीति को मंजूरी दी गई थी।

नीति डिजिटल ट्विन को एक भौतिक संपत्ति, प्रक्रिया या सेवा की वर्चुअल प्रतिकृति के रूप में वर्णित करती है जो नई डिजिटल क्रांति के मूल में निहित है। जियोस्पेशियल-अर्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू और निर्यात सहित भारत का भू-स्थानिक बाजार 2019 के 22,940 करोड़ रुपए के आंकड़े से बढ़कर 2025 में लगभग 27,650 करोड़ रुपए का होने का अनुमान है तथा 2030 तक इस क्षेत्र के 63,000 करोड़ रुपए तक बढ़ने की उम्मीद है। ईएसआरआई इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा, नीति यह स्पष्ट करती है कि डेटा निर्माण में निजी क्षेत्र को शामिल किया जा सकता है। हालांकि इसकी जिम्मेदारी भारतीय सर्वेक्षण विभाग की है। उन्होंने कहा कि नीति में उद्योग, कई बड़े उपयोगकर्ता संगठनों और शिक्षाविदों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को शामिल किया गया है। कुमार के अनुसार, यह नवाचार, निजी क्षेत्र की भागीदारी पर पर्याप्त ध्यान केंद्रित करती है और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्वाई की बात कहती है।

## तुनिषा की मौत शायद हत्या का मामला, उसका धर्मांतरण कराने का प्रयास हुआ: वनिता शर्मा

**भाषा ।** ठाणे (महाराष्ट्र)

**अभिनेत्री तुनिषा** शर्मा की मां वनिता शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया उनकी बेटी की मौत हत्या का मामला हो सकती है। उन्होंने तुनिषा के सह-अभिनेता शीज़ान खान और उसके परिवार पर उनकी बेटी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने की कोशिश का भी आरोप लगाया।

तुनिषा ने पिछले सप्ताह पालघर में टेलीविजन सेट पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। तुनिषा की मां ने कहा कि उनकी बेटी के शीज़ान खान के साथ रिश्ते थे। उन्होंने कहा कि तुनिषा ने खान के मोबाइल फोन की जांच की थी, लेकिन हाल में उसे गहरा झटका लगा जब उसकी व्हाट्सएप चैट किसी अन्य महिला के साथ मिली। वनिता ने कहा कि जब तुनिषा ने खान से इस बारे में बात की, तो उसने उसे यह कहते हुए थप्पड़ मार दिया कि वह जो चाहे, करने के लिए आजाद है। अली बाबा: दास्तान-ए-काबुल शो में काम कर रहीं 21 साल की तुनिषा 24 दिसंबर को पालघर के वसई के पास धारावाहिक के सेट पर शौचालय में लटकी मिली थीं। खान को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया। खान फिलहाल पुलिस हिरासत में है। तुनिषा की मां ने ठाणे जिले के भाईंदर में अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, तुनिषा उनमें से नहीं थी जो आत्महत्या कर सकती थी। जिस दिन उसकी मृत्यु हुई, उसने मुझसे कहा था कि वह दो दिन के लिए क्रिसमस मनाने चंडीगढ़ जाना चाहती है। उन्होंने कहा, यह हत्या का मामला हो सकता है। शीज़ान खान द्वारा तुनिशा (शव) को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाना संदिग्ध है। उस 15 मिनट में क्या हुआ, इसकी जांच की जरूरत है। वनिता के अनुसार, जब तुनिषा ने पहली बार उन्हें बताया कि वह खान को पसंद करती है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां की कलाकृति बनाकर श्रद्धांजलि देता बालू के कलाकार

## क्विक न्यूज

### नए संसद भवन में हो सकता है बजट सत्र का दूसरा चरण

**नई दिल्ली।** संसद के नए भवन का उद्घाटन अगले साल मार्च में हो सकता है, जब बजट सत्र के दूसरे चरण की बैठक बुलाई जाती है। अधिकारियों ने बताया कि नए संसद भवन का काम तेजी से चल रहा है और इसके आगामी फरवरी महीने में पूरा होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि बजट सत्र का दूसरा चरण नए संसद भवन में हो सकता है।बजट सत्र दो चरणों में बुलाया जाता है। पहले चरण की शुरुआत आमतौर पर 30 या 31 जनवरी को होती है, जिस दौरान राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हैं। इसी चरण में एक फरवरी को बजट पेश किया जाता है। बजट सत्र पहला चरण आठ या नौ फरवरी को संपन्न होता है।बजट सत्र का दूसरा चरण सामान्यतः मार्च के दूसरे पखवाड़े में आरंभ होता है और मई की शुरुआत तक चलता है। पिछले महीने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि नए संसद भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

### गिरजाघर की वेबसाइट पर साझा किया आतंकी धमकी का संदेश, मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने यहां एक गिरजाघर की वेबसाइट पर आतंकवादी हमले की धमकी भरा संदेश पोस्ट किए जाने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांद्रा के माउंट मैरी गिरजाघर की वेबसाइट पर फीडबैक फॉर्म में बृहस्पतिवार को बम धमाका करने का धमकी भरा संदेश पोस्ट किया गया। अधिकारी ने बताया कि वेबसाइट पर शाम सात बजे विस्फोट, लश्कर ए तैयबा...हा हा संदेश नजर आया, लेकिन कुछ ही मिनट बाद एक और पोस्ट आया जिसमें भेजने वाले ने माफी मांगी और दावा किया कि मानसिक रूप से अस्थिर एक बच्चे ने यह संदेश भेजा है। उन्होंने कहा कि लेकिन मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बांद्रा पुलिस ने भादंसं की धारा 505 (2) (दो या दो से अधिक वर्गों के बीच दुश्मनी, नफरत एवं दुर्भावना पैदा करने, उसे बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया है।

### नारेबाजी से नाराज ममता बनर्जी ने हावड़ा स्टेशन पर मंच पर बैठने से इनकार किया

**कोलकाता।** हावड़ा स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई जब नाराज दिख रहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंच पर बैठने से इनकार कर दिया। यहां से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जानी थी। रेलवे स्टेशन पर आई भीड़ के एक वर्ग द्वारा की गई जोरदार नारेबाजी से बनर्जी परेशान दिखीं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने बनर्जी को शांत करने के प्रयास किए जो विफल रहे और मुख्यमंत्री मंच के सामने कुर्सी पर बैठ गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हावड़ा और पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बाद में, मेट्रो रेल की सवारी के बाद, रेल मंत्री वैष्णव ने तारातला में पत्रकारों के साथ बात करते हुए इस घटना को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को आदर और सम्मान के साथ आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा, ऐसी कोई बात नहीं हुई कि नाराज होने की बात हो। कार्यकर्ता नारे लगाते हैं।

### सिक्किम में सोमगो और नाथू-ला के लिए पर्यटक परमिट रोके गए

**गंगटोक।** सिक्किम पुलिस ने पर्यटकों को सोमगो और नाथू-ला जाने के लिए परमिट शुक्रवार से जारी न करने का फैसला किया है। उसने 27 दिसंबर से हिमालई राज्य में लगातार हो रहे हिमपात के कारण यह निर्णय लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों को पर्यटक परमिट जारी किए जा चुके है उन्हे भी रद्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिक्किम में 27 दिसंबर से भारी हिमपात हो रहा है जिससे राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थल सोमगो लेक और नाथू-ला तक जाने वाली सड़क अवरुद्ध हो गई है। बहरहाल, उन्होंने बताया कि उत्तरी सिक्किम जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल लाचेन, लाचुंग, गुरुडोंगमार लेक और युमथांग के लिए परमिट अब भी जारी किए जा रहे है। अगर उत्तर सिक्किम में पर्यटक स्थलों तक जाने वाली सड़कें भारी हिमपात के कारण अवरुद्ध होती है तो पर्यटक परमिट रोक दिए जाएंगे। लाचुंग और लाचेन में पिछले दो दिन में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि राज्य की राजधानी गंगटोक में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मोहन भागवत 2-7 जनवरी तक गोवा में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 2-7 जनवरी तक गोवा में रहेंगे जहां वह संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारियों एवं संबद्ध संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतीय समन्वय बैठक करेंगे। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने अपने बयान में कहा कि आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आगामी 2 से 7 जनवरी, 2023 तक गोवा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह संघ के कुछ प्रमुख अखिल भारतीय पदाधिकारियों व संघ से प्रेरित विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतीय स्तर की समन्वय बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि 10 से 12 सितम्बर 2022 तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में संघ की व्यापक अखिल भारतीय समन्वय बैठक हुई थी जिसमें विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम तय हुए थे। छत्तीसगढ़ में हुई बैठक के आलोक में समीक्षा की दृष्टि से आगामी 5 और 6 जनवरी को गोवा के नागेशी में विचार-विमर्श होगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक में भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के अन्य अखिल भारतीय पदाधिकारी एवं विश्व हिन्दू परिषद के मिलिंद परांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आशीष चौहान, भारतीय मजदूर संघ के बी. सुरेंद्रन, भाजपा के संगठन महामंत्री बी.एल.संतोष सहित विद्या भारती, भारतीय किसान संघ आदि संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आंबेकर ने कहा कि यह बैठक अनौपचारिक चर्चा के रूप में आयोजित की गई है। इसमें 7 जनवरी को स्थानीय स्वयंसेवक एकत्रीकरण को सरसंघचालक मोहन भागवत मार्गदर्शन करेंगे।

### अमेरिका से मध्यप्रदेश के जबलपुर में आई महिला कोरोना वायरस संक्रमित पाई गई

**जबलपुर (मप्र)।** अमेरिका से मध्यप्रदेश के जबलपुर में पिछले सप्ताह आई 38 वर्षीय एक महिला यहां कोरोना वायरस संक्रमित पाई गई है, जिसके बाद वह अपने घर पर पृथक-वास में है। स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त संचालक डॉ. संजय मिश्र ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमित पाई गई यह महिला अपने पति और बेटी के साथ अमेरिका से 23 दिसंबर को दिल्ली पहुंची थी और वहां से आगरा होते हुए 26 दिसंबर को जबलपुर आई। उन्होंने कहा कि महिला को खांसी और जुकाम की शिकायत होने पर उसकी कोरोना वायरस जांच की गई, जिसमें वह संक्रमित पाई गई। मिश्रा ने बताया कि जांच का परिणाम बृहस्पतिवार को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की जांच के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के नमूने आज (शुक्रवार को) लिए जा रहे है। मिश्रा ने कहा कि इस महिला के नमूने को जीनोम अनुक्रमण के लिए ग्वालियर स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला और उसका परिवार कोलकाता में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने तीन सप्ताह के लिए भारत आया है।

## एनजेडीजी के अनुसार वकीलों की अनुपलब्धता के कारण 63 लाख मामलों में देरी हुईः सीजेआई चंद्रचूड़



**अमरावती ।** प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश भर में 63 लाख से अधिक मामले वकीलों की अनुपलब्धता के कारण और 14 लाख से अधिक मामले दस्तावेजों या रिकॉर्ड के इंतजार में लंबित हैं। आंध्र प्रदेश न्यायिक अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि लोगों को जिला अदालतों को अधीनस्थ न्यायपालिका के रूप में मानने की औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाना चाहिए क्योंकि जिला अदालतें न केवल न्यायपालिका की रीढ़ हैं, बल्कि अनेक लोगों के लिए न्यायिक संस्था के रूप में पहला पड़ाव भी हैं। उन्होंने कहा कि जमानत आपराधिक न्याय प्रणाली के सबसे मौलिक नियमों में से एक है, न कि जेल। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि फिर भी व्यवहार में भारत में जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की संख्या एक विरोधाभासी तथा स्वतंत्रता से वंचित करने की स्थिति को दर्शाती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के अनुसार 14 लाख से अधिक मामले किसी तरह के रिकॉर्ड या दस्तावेज के इंतजार में लंबित हैं, जो अदालत के नियंत्रण से परे है। उन्होंने कहा, इसी तरह, एनजेडीजी के आंकड़ों के अनुसार 63 लाख से अधिक मामले वकीलों की अनुपलब्धता के कारण लंबित माने जाते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में बार के समर्थन की आवश्यकता है कि हमारी अदालतें अधिकतम क्षमता से काम करें।

## अटल सुरंग में करीब 400 वाहनों में फंसे पर्यटकों को बचाया गया

**शिमला ।** रोहतांग दर्रे में अटल सुरंग के साउथ पोर्टल के पास हिमपात के बाद 400 से अधिक वाहनों में फंसे पर्यटकों को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को मनाली-लेह राजमार्ग और आसपास के इलाकों में सुरंग में बर्फबारी के बाद फिसलन की स्थिति के कारण वाहन फंस गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि केलांग और मनाली के पुलिस बल ने संयुक्त रूप से एक बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इसमें 10-12 घंटे लगे और शुक्रवार सुबह चार बजे यह अभियान समाप्त हुआ, जिसके बाद वाहन अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए ।पर्यटकों ने हालांकि कहा कि वे बर्फ को देखने और इसका आनंद लेने के लिए रोमांचित हैं ।लाहौल-स्पीति के उपायुक्त सुमित खिमता ने कहा कि खराब मौसम के कारण फंसे सभी वाहन सुरक्षित साउथ पोर्टल पार कर गए हैं और फंसे हुए पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों के लिए खाने की व्यवस्था की गई थी ।कुल्लू के उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने बताया कि पर्यटकों को सतर्कतापूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी गई है ।नया साल मनाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक कुल्लू और मनाली में उमड़ रहे हैं और बर्फबारी के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने कहा कि सड़क पर बहुत सारे वाहनों के कारण अक्सर ट्रैफिक जाम हो जाता है, लेकिन पंजीकृत कमरों में ठहरने वालों की संख्या वाहनों की आवाजाही के अनुसार नहीं है और ऐसा लगता है कि कई पर्यटक अनधिकृत स्थानों पर रह रहे हैं।

## नियंत्रण खो देने से 2021 में हुईं 19,400 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं : रिपोर्ट

**भाषा ।** नई दिल्ली

**देश में** वर्ष 2021 में 19,478 सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालक की गलती और लापरवाही के कारण हुई जिसमें 9,150 लोगों की मौत हो गई जबकि 19,077 लोग घायल हुए। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक सड़क दुर्घटनाएं चालक द्वारा अनुचित गति से वाहन चलाने, ध्यान भटकने या मोड़ का अनुमान गलत लगाने के कारण वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण हुईं। भारत में सड़क दुर्घटनाएं- 2021 शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि समग्र राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों पर दुर्घटना अथवा टक्कर होने के प्रकारों की प्रकृति 2020 की तुलना में 2021 में वृद्धि दर्शाती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में कुल 4,12,432 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 1,53,972 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3,84,448 लोग घायल हुए। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में किसी वाहन को पीछे से टक्कर मारने के कारण सर्वाधिक 21.2 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 18.6 प्रतिशत लोगों की मौत हुई। संकरी गलियों, तीखे मोड़ों, दो-तरफा यातायात के लिए अलग-अलग लेन वाली सड़कों और व्यस्त हिस्सों वाली सड़कों पर ही ज्यादातर वाहनों की आमने-सामने की टक्कर होती है। रिपोर्ट के अनुसार, टक्कर के अन्य प्रमुख प्रकार हिट एंड रन (16.8 फीसदी) और साइड से हिट (11.9 फीसदी) हैं। इस बीच, भारत के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत की कार शुक्रवार तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उन्हें कई चोटें आईं हैं। हरिद्वार के एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि 25 वर्ष के पंत को सिर, पीठ और पैरों में चोट आई हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि पंत को झपकी आ गई थी और डिवाइडर से टकराने के बाद उनकी कार में आग लग गई।

# कार्यकाल पूरा करेगी मेरी सरकार : शिंदे

**भाषा ।** नागपुर

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी बालासाहेबंची शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गठबंधन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और अगले चुनाव में फिर सत्ता में आएगी।

राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में विपक्ष के पिछले सप्ताह के प्रस्ताव के जवाब में उन्होंने शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। शिंदे ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और हाल के ग्राम पंचायत चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन को भारी विजय प्रदान की है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और अगले चुनाव के बाद प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सत्ता में आएगी। शिंदे ने कहा कि विपक्ष को भ्रष्टाचार को लेकर उनपर निशाना साधने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने लोकायुक्त अधिनियम नहीं बनाया, जो उनकी सरकार ने किया और मुख्यमंत्री के कार्यालय को भी इसके दायरे में लेकर आई। शिंदे की बगावत के कारण शिवसेना में टूट हुई और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी सरकार जून में गिर गई थी। मुख्यमंत्री ने ठाकरे पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा, इन सभी महीनों में मुझ पर हमला किया गया और निशाना बनाया गया। मेरी खामोशी को मजबूरी मत समझिए.... मैं अंदर की सारी बातें जानता हूं। उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि यह हास्यास्पद है कि जो मुख्यमंत्री होने के बावजूद घर से बाहर नहीं निकला, वह अब दूसरों को चुनौती देने की भाषा बोल रहा है।

## दलाई लामा से मिले नीतीश, महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**बोध गया (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बोधगया में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की। दलाई लामा दो साल के अंतराल के बाद यहां आए हैं। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित दलाई लामा यहां तिब्बती मठ में ठहरे हुए हैं। नीतीश कुमार अपराह्न करीब 12:40 बजे तिब्बती मठ पहुंचे। उनकी मुलाकात करीब आधा घंटा चली। इस मुलाकात के बाद, नीतीश कुमार महाबोधि मंदिर गए। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को वहीं ज्ञान प्राप्त हुआ था ।अति महत्वपूर्ण लोगों के आगमन के मद्देनजर मंदिर को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर में पूजा करने के बाद कुमार ने कुछ समय प्रसिद्ध बोधि वृक्ष के पास बिताया, जिसके बारे में कहा जाता है कि बुद्ध ने वहां ध्यान किया था। इसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत की।

# राहुल गांधी 2024 में प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगे: कमलनाथ

**भाषा ।** नई दिल्ली

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह (राहुल) वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष का चेहरा ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री पद का चेहरा भी होंगे।

उन्होंने पीटीआई-भाषा को ईमेल के माध्यम से दिए साक्षात्कार में यह भी कहा भी कहा कि राहुल गांधी सत्ता की नहीं, बल्कि जनता की राजनीति करते हैं, ऐसे नेता को देश के लोग खुद-ब-खुद सिंहासन पर बैठा देते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष का चेहरा हो सकते हैं, तो कमलनाथ ने कहा, जहां तक 2024 के चुनाव का सवाल है, तो राहुल गांधी जी विपक्ष का चेहरा ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री का चेहरा भी होंगे। उनके मुताबिक, दुनिया के



इतिहास में 3500 किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा किसी व्यक्ति ने नहीं की है। भारत देश के लिए इतनी शहादत किसी परिवार ने नहीं दी है, जितनी गांधी परिवार ने दी है। कमलनाथ ने कहा, राहुल गांधी सत्ता की राजनीति नहीं करते हैं। वह जनता की राजनीति करते हैं और जो जनता की राजनीति करता है, जनता उसे खुद-ब-खुद सिंहासन पर बैठा देती हैं। हाल के दिनों में यह पहली बार है, जब कांग्रेस के किसी वरिष्ठ नेता ने यह कहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष 76 वर्षीय कमलनाथ ने कहा, "जब भारत जोड़ो यात्रा तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक जैसे दक्षिण भारत के राज्यों से गुजर रही थी, तो भाजपा ने दुष्प्रचार किया कि महाराष्ट्र में यात्रा विफल हो जाएगी। जब महाराष्ट्र में यात्रा को और ज्यादा समर्थन मिला, तो कहा कि हिंदी पट्टी में दक्षिण भारत जैसा समर्थन नहीं मिल पाएगा, लेकिन मध्य प्रदेश पहुंचकर यात्रा ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने यह भी कहा, अब तो सबने राजस्थान और उसके बाद दिल्ली में भी देख लिया है कि राहुल गांधी जी की यात्रा किस कदर लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस के कार्यकर्ता ही शामिल नहीं हुए, बल्कि आम जनता और खासकर नौजवानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

# अलविदा पेले ! दुनिया में शोक की लहर

भाषा। साओ पाउलो

**ब्राजील के** महान फुटबॉलर पेले के निधन से दुनिया भर में शोक की लहर है और लोग सोशल मीडिया के जरिए अपना दुख व्यक्त कर रहे हैं। पेले का कैंसर से लंबे समय तक जूझते रहने के कारण बृहस्पतिवार को निधन हो गया। पुर्तगाल के महान फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा , किंग पेले को अलविदा कहकर उस दुख को बयां नहीं किया जा सकता जिससे इस समय पूरा फुटबॉल जगत गुजर रहा है। लाखों के प्रेरणास्रोत , कल, आज और हमेशा। मेरे प्रति उनका अपार स्नेह था और उनकी याद हर फुटबॉलप्रेमी के मन में हमेशा रहेगी। रेस्ट इन पीस किंग पेले। ब्राजील की 1970 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रॉबर्टो रिवेलिनो ने लिखा , अब आप भगवान के पास हैं। किंग रेस्ट इन पीस। ब्राजील के




- 23 अक्टूबर 1940 में जन्मे पेले ने फुटबॉल किट खरीदने के लिए जूते भी पॉलिश किए। वह 11 वर्ष की उम्र में सांतोस की युवा टीम का हिस्सा बने और जल्दी ही सीनियर टीम के लिए चुन लिए गए
- उन्होंने ब्राजील के लिए 114 मैचों में 95 गोल किए। जब यूरोपीय क्लबों में उन्हें खरीदने के लिए होड़ मची थी तो ब्राजील सरकार को इसे रोकने के लिए दखल देना पड़ा और उन्हें राष्ट्रीय संपदा घोषित किया
- उन्होंने कैरियर का आखिरी मैच 1971 में पूर्व यूगोस्लाविया के खिलाफ खेला जो 2- 2 से ड्रॉ रहा

## दुनिया को फुटबॉल से मोहब्बत करना सिखाया

**नई दिल्ली।** खुद को फुटबॉल का बीथोवन कहने वाले पेले के फन में ऐसी कशिश थी कि दुनिया को इस खूबसूरत खेल से प्यार हो गया। भ्रष्टाचार, सैन्य तख्तापलट और दमनकारी सरकारों को झेल रहे ब्राजील जैसे देश को फुटबॉल के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई पेले ने। फुटबॉल खेलना अगर कला है तो उनसे बड़ा कलाकार दुनिया में शायद कोई दूसरा नहीं हुआ। तीन विश्व कप खिताब, 784 मान्य गोल और दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने पेले उपलब्धियों की एक महान गाथा छोड़कर विदा हुए। यूं तो उन्होंने 1200 से अधिक गोल दागे थे लेकिन फीफा ने 784 को ही मान्यता दी है। खेल जगत के पहले वैश्विक सुपरस्टार में से एक पेले की लोकप्रियता भौगोलिक सीमाओं में नहीं बंधी थी। एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले का जन्म 1940 में हुआ। वह फुटबॉल की लोकप्रियता को चरम पर ले जाकर उसका बड़ा बाजार तैयार करने वाले पुरोधाओं में से रहे। उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि 1977 में जब वह कोलकाता आए तो मानों पूरा शहर थम गया था। वह 2015 और 2018 में भी भारत आए थे। सत्रह बरस के पेले ने हालांकि 1958 में अपने पहले ही विश्व कप में ब्राजील की छवि बदलकर रख दी। स्वीडन में खेले गए टूर्नामेंट में उन्होंने चार मैचों में छह गोल किए जिनमें से दो फाइनल में किए थे। ब्राजील को उन्होंने मेजबान पर 5 . 2 से जीत दिलाई और कामयाबी के लंबे चलने वाले सिलसिले का सूत्रपात किया। फीफा द्वारा महानतम खिलाड़ियों में शुमार किए गए पेले राजनेताओं के भी पसंदीदा रहे।

## अंतिम संस्कार उनके गृहनगर सांतोस में

**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने जिस मैदान पर अपने कैरियर के कुछ सबसे यादगार मैच खेले थे , उसी पर सोमवार और मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पेले के क्लब सांतोस ने एक बयान में कहा कि लोग विला बेलमिरो स्टेडियम पर उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले का बृहस्पतिवार को लंबे समय तक कैंसर से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। सांतोस ने कहा कि तीन बार के विश्व कप चैम्पियन पेले की पार्थिव देह के साथ ताबूत सोमवार को सुबह अलबर्ट आइंस्टीन अस्पताल से निकलेगा और मैदान के बीचोंबीच उसे रखा जाएगा। लोगों के लिए दर्शन सुबह दस बजे से खुलेंगे और अगले दिन सुबह दस बजे तक जारी रहेंगे। सांतोस की सड़कों से पेले का जनाजा निकलेगा और उनकी सौ वर्ष की मां सेलेस्टे के घर के सामने से गुजरेगा।



## जब दिल्ली में स्कूली बच्चों के साथ फुटबॉल का मजा लिया था पेले ने

**नई दिल्ली।** सात साल पहले दिल्ली आए महान फुटबॉलर पेले ने कहा था , मेरे लिए दुनिया के सबसे बड़े खेल का आनंद भारत में बच्चों के साथ लेना फख्र की बात है। पेले अक्टूबर 2015 में दिल्ली आए थे और फुटबॉल के अपने फन के कारण नहीं बल्कि अपनी विनम्रता और इस खूबसूरत खेल के दूत के रूप मे लोगों का दिल जीत लिया था। दो दिन की यात्रा पर उन्होने भारतीय फुटबॉलप्रेमियों और लोगों से बात की थी। वह 17 अक्टूबर 2015 को अंबेडकर स्टेडियम पर सुब्रोतो कप अंडर 17 इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मे मुख्य अतिथि थे। वह कोलकाता से दिल्ली आए थे। वह 2018 मे फिर दिल्ली आए लेकिन एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में। कोलकाता ने जहां पेले के फन का जादू देखा तो दिल्ली ने फुटबॉल के दूत के रूप में उनके व्यक्तित्व का एक दूसरा पहलू जाना। वह फुटबॉल मे अपनी पहचान बनाने की कोशिश मे जुटे एक बेहद खास देश की मदद करना चाहते थे। उन्होने एक वीडियो संदेश मे कहा था , आपको बेस बनाना होगा। भारत बहुत खास देश है और यहां के प्रशंसक जबर्दस्त हैं।

## जब कोलकाता पर चला था ब्लैक पर्ल पेले का जादू

**कोलकाता।** ऋषिकेश मुखर्जी की क्लासिक कॉमेडी गोलमाल मे उत्पल दत्त इंटरव्यू मे अमोल पालेकर से ब्लैक पर्ल पेले के बारे मे पूछते है तो उनका जवाब होता है कि सुना है कलकत्ता (कोलकाता) मे करीब 30-40 हजार पागल उनके दर्शन करने आधी रात को दमदम हवाई अड्डे पहुंच गए थे। यह एक बानगी थी फुटबॉल के जादूगर पेले को लेकर फुटबॉलप्रेमियों की दीवानगी की। बात 1977 की है जब पेले पहली बार कोलकाता आए थे और पूरा शहर उनके रंग मे रंग गया था। माराडोना के खुदा के हाथ और लियोनेल मेस्सी की विश्व कप जीतने की अधूरी ख्वाहिश पूरी होने से बरसों पहले ब्राजील के इस धुरंधर ने बंगाल को इस खूबसूरत खेल का दीवाना बना रखा था। खचाखच भरे ईडन पर 24 सितंबर 1977 को न्यूयॉर्क कोस्मोस के लिए मोहन बागान के खिलाफ खेलने वाले तीन बार के विश्व कप विजेता पेले क्लब के खिलाड़ियों के हुनर के कायल हो गए थे।

## असल में किंग थे पेले, हमारे भगवान



**कोलकाता।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन पर चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से लेकर भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया तक सभी ने श्रृद्धांजलि दी है। तीन विश्व कप जीतने वाले एकमात्र फुटबॉल खिलाड़ी पेले का कैंसर से लंबे समय तक जूझने के बाद 82 वर्ष की उम्र मे निधन हो गया। भूटिया को 2018 मे पेले की भारत यात्रा के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। उन्होने पुरानी यादे ताजा करते हुए कहा , मुझे दिल्ली मे एक कार्यक्रम के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। वह इतने शानदार और विनम्र व्यक्ति थे। मैने करीब 40 मिनट तक उनसे बात की। उन्होंने कहा , बातचीत फुटबॉल पर, उनके जीवन और कुछ भारतीय फुटबॉल पर थी। वह काफी मजाकिया भी थे। मैने उनसे पिछले भारत दौरे के बारे मे पूछा लेकिन उन्हे याद नही था कि किस शहर मे उन्होने खेला और मैच का नतीजा क्या था।

# पेले के पांच सबसे यादगार गोल

**वॉशिंगटन।** पेले जब गोल करते थे तो लगता था कि यह कितना आसान है। डिफेंडरों को छकाते हुए ड्रिबल करके गेंद को विरोधी गोल तक ले जाना और दमदार शॉट से या प्रवाहपूर्ण फ्री किक पर या मजबूत हेडर से वह चुटकियों में गोल कर जाते थे। ब्राजील के क्लब सांतोस के लिए उन्होंने एक हजार से अधिक गोल दागे और ब्राजील के लिए 95 गोल किए। पेले के सभी गोलों के फुटेज तो नहीं हैं लेकिन कुछ यादगार गोलों को कैमरे में कैद किया गया है। उनके कुछ ऐसे ही यादगार गोल इस प्रकार है।

**पहला गोल : सात सितंबर 1956, सांतो एंड्रे , ब्राजील में।**
कैसे : पेले की उम्र काफी कम थी और अभी अभी ही सांतोस के लिए खेलना शुरू किया था। दूसरे हाफ में मैच में उतरते ही उन्होंने गोल किया और वह नुमाइशी मैच सांतोस ने 7 .। से जीता। विरोधी टीम के गोलकीपर जालुआर ने बाद में बिजनेस कार्ड बनाया तो उस पर लिखा , पेले को गोल गंवाने वाला दुनिया का पहला गोलकीपर।

**सर्वश्रेष्ठ गोल : दो अगस्त 1959, साओ पाउलो में।**
कैसे : यह गोल उनका सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जिसकी रिकॉर्डिंग तो नहनीं है लेकिन बाद में एक फिल्म के लिए इसे डिजिटिल तरीके से तैयार किया गया। खिलाड़ियों, प्रशंसकों , पत्रकारों के अनुभव के आधार पर इसकी रचना की गई। पेले को सर्कल के भीतर गेंद मिली थी और उन्होंने तुरंत इसे आगे बढाया। डिफेंडर ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने पेनल्टी स्पॉट के पास दूसरे डिफेंडर के पास से गेंद



फ्लिक करके निकाली। गेंद ने मैदान को छुआ नहीं था और तीसरे डिफेंडर के पास से फ्लिक करते हुए वह गोल के सामने पहुंच गए और गोल कर दिया।

**विश्व कप में पहला गोल : 19 जून 1958** कैसे : पेले का विश्व कप में पहला गोल खूबसूरती की मिसाल था। वेल्स के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के दूसरे हाफ में उन्होंने यह गोल किया। उनकी पीठ गोल की तरफ थी और 17 बरस के पेले ने छाती से रोककर गेंद पर नियंत्रण बनाया। इसके बाद दाहिने पैर से किक लगाकर गोल किया।

**विश्व कप फाइनल में पहला गोल : 29 जून 1958 , सोलना , स्वीडन में :** कैसे : पेले ने अपने पहले विश्व कप में छह गोल किए। उन्होंने स्वीडन के खिलाफ फाइनल में 5 . 2 से मिली जीत में दो गोल दागे। पहले गोल से ब्राजील को 3 .। की बढत दिलाई और दूसरा आखिरी सीटी बजने से पहले हेडर पर किया।

**विश्व कप में में आखिरी गोल : 21 जून 1970, मेक्सिको सिटी में**
कैसे : पेले ने विश्व कप में 12वां और आखिरी गोल इटली के खिलाफ किया। एक लाख से अधिक दर्शकों के सामने उन्होंने ब्राजील को 4 .। से मिली जीत में पहला गोल दागा। रिवेलिनो के क्रॉस पर पेले हवा में उछले और हेडर से गेंद को गोल के भीतर डाला।

फुटबॉल स्टार नेमार : पेले से पहले दस महज एक नंबर था। मैने अपने जीवन में कहीं पढा था लेकिन यह खूबसूरत और अधूरी पंक्ति है। मैं कहूंगा कि पेले से पहले फुटबॉल महज एक खेल था। पेले ने सब कुछ बदल दिया। उन्होंने फुटबॉल को कला और मनोरंजन बनाया। उन्होंने गरीबों को और अश्वेतों को आवाज और ब्राजील को पहचान दी। वह नहीं रहे लेकिन उनका जादू हमेशा रहेगा। पेले अमर हैं। फ्रांस के मैनेजर और पूर्व खिलाड़ी दिदिएर देसचैम्प्स : पेले के निधन से फुटबॉल ने अपने महानतम खिलाड़ियों में से एक को खो दिया। लेकिन वह अमर रहेंगे। उन्होंने लोगों को सपने देखना सिखाया और पीढी दर पीढी यह सिलसिला जारी रहा। बचपन में किसने पेले बनने का सपना नहीं देखा था। किंग हमेशा किंग रहेंगे। चेलसी फुटबॉल क्लब : अलविदा किंग। इस खूबसूरत खेल के बादशाह।

## पेले का उत्कृष्ट खेल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले के निधन पर शुक्रवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका उत्कृष्ट खेल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। मोदी ने एक ट्वीट मे कहा, पेले के निधन से खेल की दुनिया मे एक अपूरणीय शून्य पैदा हो गया है। वैश्विक फुटबॉल के सुपरस्टार, उनकी लोकप्रियता सीमाओं से परे रही। उनका उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और उनकी सफलताएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना।

## गुजरात ने चंडीगढ, मप्र ने रेलवे को हराया

**अहमदाबाद।** गुजरात ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी के मैच मे शुक्रवार को यहां चौथे और आखिरी दिन के खेल के दौरान चंडीगढ़ को पारी और 87 रन से शिकस्त दी। चंडीगढ़ की पहली पारी मे 304 रन के जवाब मे गुजरात ने चार विकेट पर 546 रन पर पारी घोषित कर दी थी। मैच के आखिरी दिन चंडीगढ़ ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी मे दो विकेट पर 46 रन से की और उसकी पूरी टीम मे 75.3 ओवर मे 205 रन पर आउट हो गई। चंडीगढ़ के लिए 10वें नंबर के बल्लेबाज जगजीत सिंह संधू ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए।

## गोवा ने कर्नाटक को ड्रॉ पर रोका, केरल, झारखंड जीते

**पोरवोरिम (गोवा)।** गोवा के बल्लेबाजो ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को खेल के चौथे दिन कर्नाटक को जीत दर्ज करने से रोक दिया। गोवा ने दिन की शुरुआत पहली पारी मे आठ विकेट पर 321 रन से शुरू की। कप्तान दर्शन मिसल (95) ने 172 गेंद की पारी मे 15 चौके और एक छक्का लगाकर कर्नाटक के गेंदबाजो को परेशान किया। वह पांच रन से शतक पूरा करने से चूक गए लेकिन उन्होंने लक्ष्य गर्ग (38) के साथ नौवें विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से बाहर निकाला।

## आईओए ने विधि टीम बनाई, सीईओ की नियुक्ति शीघ्र

**नई दिल्ली।** दो सौ से अधिक कानूनी मामलों से जूझ रहे भारतीय ओलंपिक संघ के नए पदाधिकारियो ने अदालती मसलो से पेशेवर ढंग से निपटने के लिए विधि टीम बनाई है। कानूनी मामलों के कारण आईओए के रोजमर्रा के काम पर असर पड़ रहा है।

## टीटीएफआई ने पांच घरेलू टूर्नामेंटों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर के घरेलू टूर्नामेंटो के कार्यक्रम की घोषणा की जिसका आगाज मार्च मे जम्मू में आयोजित होने वाले सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से होगा।

# खेल जगत ने पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

भाषा। नई दिल्ली

**देहरादून हाइवे** पर भयानक कार दुर्घटना में बाल बाल बचे भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की समूचे खेल जगत ने कामना की है। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया , तुम्हारे शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मेरी प्रार्थनाएं तुम्हारे साथ है। भारत के पूर्व बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने ट्वीट किया, ऋषभ पंत के लिए प्रार्थना। शुक्र है कि वह खतरे से बाहर है। उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा , पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। बहुत ही जल्दी स्वस्थ हो जाओ। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वह पूरा उपाय कर रहे हैं कि पंत को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा मिले। बोर्ड सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा , बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि ऋषभ को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा मिले ताकि वह इस स्थिति से बाहर निकल सके। उन्होंने कहा , बीसीसीआई पंत के परिवार के संपर्क में है जबकि मेडिकल टीम उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों के संपर्क में है। उन्होंने कहा , मेरी प्रार्थनाएं ऋषभ के लिए। उम्मीद है कि वह जल्दी स्वस्थ होगा। हम उसे पूरा सहयोग करेंगे। पंत की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स ने कहा , ऋषभ के लिए प्रार्थना। जल्दी स्वस्थ हो जाओ कप्तान। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने लिखा , उम्मीद है कि आप अच्छे होंगे भाई। आपके जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहा हूं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने ट्वीट किया , पंत के लिए दुआ कर रहा हूं।

### प्रधानमंत्री ने जल्द स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क हादसे में घायल हुए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। पंत उस समय बाल-बाल बच गए, जब उनकी लक्जरी कार के शुक्रवार तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकराने के बाद उसमें आग लग गई। पच्चीस वर्षीय पंत को सिर, पीठ और पैरों में चोट आई है, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। मोदी ने एक ट्वीट मे कहा, जाने-माने क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ हुए हादसे से व्यथित हूं। मै उनके अच्छे स्वास्थ्य और कुशल-क्षेम के लिए प्रार्थना करता हूं।



## बीसीसीआई टी20 विश्व कप प्रदर्शन की समीक्षा नए साल पर करेगा

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी एक जनवरी को कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ टी20 विश्व कप में भारत के लचर प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। द्रविड़ की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के साथ रहे एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हो रहे सीमित ओवरों के मैच से पहले मुंबई में यह बैठक होनी है। इंग्लैंड ने विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हराया था। भारत आखिरी बार 2013 के आईसीसी प्रतियोगिता का चैंपियन बना था। टीम ने तब महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था।

# इंडिया ओपन : श्रीकांत, सेन व प्रणय एक ही क्वार्टर में

भाषा। नई दिल्ली

**किदांबी श्रीकांत,** लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय जैसे भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों को यहां 17 से 22 जनवरी तक होने वाले योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के एक ही क्वार्टर में कड़ा ड्रॉ मिला है। इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर स्पर्धा को इस साल सुपर सुपर 750 श्रेणी में अपग्रेड किया गया है। पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू अपने अभियान का आगाज सुपनिदा कटेथोंग के खिलाफ करेंगी। थाईलैंड की इस खिलाड़ी ने पिछले साल सेमीफाइनल में सिंधू को शिकस्त दी थी। मौजूदा चैम्पियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरुष युगल में अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क की जेपे बे एवं लेसे मोल्हेडे की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी के खिलाफ करेंगे। सबसे मुश्किल स्थित पुरुष वर्ग में भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ियों के लिए है। श्रीकांत, सेन और प्रणय एक ही क्वार्टर में है। इसका मतलब यह हुआ की इनमें से कोई एक ही क्वार्टर फाइनल की बाधा को पार कर पाएगा। इसी क्वार्टर में मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन, चीन के शि यू क्यूई और जापान के केंटो मोमोटा जैसे मजबूत खिलाड़ी भी है। गत चैम्पियन सेन हमवतन प्रणय के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और मैच के विजेता के सामने मोमोटा की मुश्किल चुनौती होगी। पिछले साल संघर्ष करने के बाद वह 2023 में वापसी करना चाहगें। पूर्व चैम्पियन श्रीकांत को पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त एक्सेलसेन से भिड़ना होगा। महिलाओं में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू अगस्त में राष्ट्रमंडल खेल के बाद से एड़ी की चोट के कारण खेल से दूर है। वापसी कर रही यह खिलाड़ी अगर शुरुआती दौर की बाधा पार करने में सफल रही तो क्वार्टर फाइनल में चेन यूफेई की चुनौती से निपटना होगा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल अपने अभियान का आगाज डेनमार्क की मिया ब्लिचफिल्ड्ट के खिलाफ करेंगी।



# रणजी ट्राफी : रावल ने तमिलनाडु के खिलाफ दिल्ली को एक अंक दिलाया



भाषा। नई दिल्ली

**बाएं हाथ** के अनुभवी बल्लेबाज वैभव रावल ने करीब चार घंटे तक तमिलनाडु के गेंदबाजों को विकेट लेने से रोक रखा जिससे दिल्ली ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में तमिलनाडु के खिलाफ हार को टाल दिया। रावल ने 142 गेंद में नाबाद 95 रन की पारी खेली ।दिल्ली ने मैच के चौथे और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी में 71.5 ओवर की बल्लेबाजी की और टीम 262 रन पर आउट हो गई। तमिलनाडु को जीत के लिए 18 ओवर में 139 रन का लक्ष्य मिला लेकिन कम होती रोशनी के बीच उनकी टीम सिर्फ छह ओवर ही बल्लेबाजी कर सकी। इस दौरान तमिलनाडु ने तीन विकेट गंवाकर 54 रन बना लिए थे। साइ सुदर्शन (19 गेंद में 24 रन) ने इस दौरान दो शानदार छक्के जड़े ।दिल्ली के कप्तान यश धुल ने तमिलनाडु के बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने से रोकने के लिए सभी नौ क्षेत्ररक्षक को सीमा रेखा के पास लगाया ।इस दौरान दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा (27 रन पर एक विकेट) और कुलदीप यादव (27 रन पर दो विकेट) ने गेंदबाजी में थोड़ी देरी की। उन्होंने कभी मांसपेशियों में खिंचाव तो भी जूते के फीते बांधने जैसी हरकत के साथ समय बर्बाद किया। वे हर गेंद के बाद क्षेत्ररक्षकों को बदल रहे थे जिससे तमिलनाडु के बल्लेबाजों की हताशा बढ़ रही थी ।ड्रा मैच में दिल्ली को एक अंक दिलाने का पूरा श्रेय रावल को जाता है। 2012 में पदार्पण करने वाले इस क्रिकेटर का यह सिर्फ 20 प्रथम श्रेणी मैच है।

## नेगी, चंदेला ने हिमाचल के खिलाफ उत्तराखंड को जीत दिलाई

### बड़ौदा ने उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया

**देहरादून।** तेज गेंदबाज अभय नेगी के चार विकेट और कुणाल चंदेला (नाबाद 59) की अर्धशतकीय पारी के दम पर उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए के मैच मे शुक्रवार को चौथे और आखिरी दिन यहां हिमाचल प्रदेश को पांच विकेट से शिकस्त दी। हिमाचल ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी मे चार विकेट पर 327 रन से की लेकिन पूरी पारी 391 रन पर सिमट गई। नेगी ने इस दौरान आकाश वशिष्ठ (111) और कप्तान ऋषि धवन (71) के बीच पांचवे विकेट के लिए 176 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई। नेगी ने दिन के छह मे चार विकेट झटके। उन्होंने 11 ओवर मे 54 रन खर्च किए। उत्तराखंड ने इसके बाद 28.5 ओवर मे पांच विकेट पर 105 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस दौरान चंदेला ने 81 गेंद मे 10 चौके की मदद से नाबाद 59 रन बनाए। कटक मे हरियाणा और ओडिशा का मैच बराबरी पर छूटा तो वही वडोदरा मे बड़ौदा ने उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया। बड़ौदा ने शाश्वत रावत की 68 रन की पारी के दम पर जीत के लिए मिले 189 रन के लक्ष्य को 47.2 ओवर मे छह विकेट के नुकसान पर हासिल किया।

# टाटा ओपन महाराष्ट्र : नागल, काधे को मिला वाइल्ड कार्ड

भाषा। पुणे

**भारतीय** खिलाड़ी सुमित नागल और अर्जुन कधे को शुक्रवार को टाटा ओपन महाराष्ट्र के पांचवें सत्र के लिए क्रमशः एकल और युगल मुख्य ड्रा में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला। 31 दिसंबर से टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड के मैच होंगे जबकि मुख्य ड्रॉ दो से सात जनवरी तक होगा। मुकुंद शशिकुमार के बाद 25 वर्षीय नागल एकल मुख्य ड्रा में भारत के दूसरे वाइल्ड कार्ड धारक होंगे। नागल ने इस साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन क्वालीफायर में भाग लिया था और अगस्त में जर्मनी में आयोजित एटीपी चैलेंजर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। टाटा ओपन महाराष्ट्र में दुनिया के 17वें नंबर के एकल खिलाड़ी मारिन सिलिच सहित शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल 17 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## आईसीसी वर्ष के क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में मंधाना अकेली भारतीय

**दुबई।** आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में महिला और पुरूष दोनों वर्गों में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अकेली भारतीय हैं। मंधाना का सामना इंग्लैंड की नेट स्किवेर , न्यूजीलैंड की एमेलिया केर और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से होगा। पुरूष वर्ग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टिम साउदी दौड़ में हैं। स्टोक्स वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में भी हैं।

# पाक-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटा



भाषा। कराची

**पाकिस्तान** और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के आखिरी दिन शुक्रवार को अंतिम सत्र का रोमांचक खेल खराब रोशनी की भेंट चढ़ गया। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी को आठ विकेट पर 311 रन पर घोषित कर दिलेरी दिखाई जिससे न्यूजीलैंड को 15 ओवर में जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम ने आठ ओवर में एक विकेट पर 61 रन बना लिए थे तभी खराब रोशनी के कारण खेल को रोकना पड़ा। पाकिस्तान ने चाय के बाद सात विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरू किया। इस समय टीम के पास 75 रन की बढ़त थी और लेग स्पिनर ईश सोढ़ी (86 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड के पास जीत दर्ज करने का मौका था। बाएं हाथ के बल्लेबाज सउद शकील ने 55 रन की नाबाद पारी खेलने के अलावा पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ शानदार साझेदारी की।